YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-56 ❒ शुक्रवार, 27 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12


बेटी के जन्म से लेकर पहली, छठी, नौवीं, बारहवीं कक्षा और फिर कॉलेज के प्रत्येक वर्ष तक सरकार सीधे उसके खाते में आर्थिक



सहायता जमा करेगी। स्नातक पूरी करने तक हर बेटी को लगभग 1.25 लाख रुपये की सहायता मिलेगी। रेखा गुप्ता


'वंदे मातरम' गान पर दिशा निर्देश के खिलाफ याचिका खारिज 11

सरकारी भवनों में सोलर प्लांट से बिजली खर्च में होगी कमी 12


## संक्षेप

### जी 7 समूह की बैठक में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस जाएंगे जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर गुरुवार को फ्रांस जा रहे हैं जहाँ वह अब्बाय डेस वॉक्स-डे-सेर्नी में जी 7 समूह के देशों की बैठक में हिस्सा लेंगे विदेश मंत्रालय ने आज एक वक्तव्य जारी कर कहा कि डॉ जयशंकर फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बारो के निमंत्रण पर साझेदार देशों के साथ जी 7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। डॉ जयशंकर के इस बैठक से इतर सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करने की भी संभावना है।

### मोदी शनिवार को नए नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवनिर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शनिवार को उद्घाटन करेंगे। नोएडा हवाई अड्डे को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लिए दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया गया है। यह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का पूरक होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इसका उद्घाटन भारत के वैश्विक विमानन केंद्र बनने की दिशा में एक मील का पत्थर है। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च, 2026 को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे गौतमबुद्ध नगर के जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का अवलोकन करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे।'' नोएडा हवाईअड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। बयान में कहा गया कि दिल्ली और नोएडा हवाई अड्डे मिलकर एक एकीकृत विमानन प्रणाली के रूप में काम करेंगे जिससे भीड़भाड़ कम होगी, यात्री क्षमता बढ़ेगी और दिल्ली-एनसीआर को दुनिया के प्रमुख विमानन केंद्रों में शामिल करने में मदद मिलेगी।

### मोदी आज करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की शाम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बातचीत करेंगे। इस बैठक में पश्चिम एशिया में बदलते हालात की समीक्षा की जाएगी और इसके भारत पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा, खासकर तरल प्राकृतिक गैस (एलपीजी) और तेल आपूर्ति से मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में तैयारियों पर फोकस किया जाएगा, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा सुरक्षा और विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री बैठक में 'टीम इंडिया' की भावना के तहत सामूहिक प्रतिक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाल सकते हैं, ताकि केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बना रहे।

# पेट्रोल-डीजल के लिए अफरा-तफरी

## राजधानी में अफवाह ने बढ़ाई परेशानी : कहीं तेल खत्म तो कहीं लंबी लाइन, कई जगह लीटर लिमिट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। ईरान-अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव की खबरों के बीच पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाह से लखनऊ के पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। शहर के के ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें देखनों को मिल रही हैं। बताया जा रहा है कि कई पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म हो गया। कई जगह पेट्रोल-डीजल देने की लीमिट तय कर दी गई है। वहीं कई जगह आपूर्ति पूरी तरह सामान्य देखने को मिली। हालांकि सरकार की तरफ से कहा गया है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। अफवाह पर ध्यान न दें।

राजधानी लखनऊ में लाल कुआं के मालती पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं है। ऐशबाग पुल के पहले शनि मंदिर के सामने अग्रवाल पेट्रोल पंप सुबह से बंद है। अशोक मार्ग स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल खत्म हो गया है। यहां अब केवल डीजल मिल रहा। डीलर प्रकाश और मैनेजर मनोज यादव के मुताबिक, बुधवार से पेट्रोल का कोई टैंकर नहीं पहुंचा। इसी तरह हजरतगंज में तलवार पेट्रोल पंप पर भी पेट्रोल खत्म हो गया था, हालांकि दोपहर बाद टैंकर आने के बाद आपूर्ति फिर शुरू हुई। इसी तरह गोमती नगर के विराम खंड स्थित इंडियन ऑयल कोको पेट्रोल पंप और कौठाता चौराहे के पास मेजर अमिय त्रिपाठी फिलिंग स्टेशन पर दोपहर तक पेट्रोल खत्म हो चुका था और कर्मचारियों को अगली आपूर्ति की कोई जानकारी नहीं थी। झलकारी बाई अस्पताल के बगल स्थित पंप पर शाम तक पेट्रोल समाप्त हो गया, जबकि ऐशबाग पुल के पास शनि मंदिर के सामने अग्रवाल पेट्रोल पंप सुबह से ही बंद रहा। भीड़ बढ़ने पर कई पंपों पर पेट्रोल देने की लीमिट तय कर दी है। इसमें विभूतिखंड के कोको पंप पर बाइक सवारों को अधिकतम पांच लीटर ही पेट्रोल दिया गया। आईटी चौराहे पर मॉडर्न सर्विस स्टेशन एचपी पंप पर दोपहर 12:20 बजे बाइक में अधिकतम 200 रुपए और कार में 500 रुपए तक का पेट्रोल दिया जा रहा था, हालांकि वहां भीड़ नहीं थी। देवा रोड पर मटियारी चौराहे के पास सुपर इंडिया फिलिंग स्टेशन में प्रति वाहन केवल 100 रुपए का पेट्रोल और 500 रुपए का डीजल दिया जा रहा था। इसी मार्ग पर अभिनंदन फ्यूल्स हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप पर भी प्रति वाहन 200 रुपए का पेट्रोल और 500 रुपए का डीजल मिल रहा था, जहां लंबी कतारें लगी रहीं। विधानसभा मार्ग स्थित एचपी के कोको पंप पर सादा पेट्रोल की कमी के चलते पावर पेट्रोल बेचा जा रहा था, बीच-बीच में सादा पेट्रोल भी दिया गया। नायरा पेट्रोल पंप पर सुबह से 11 बजे तक ही बिक्री हुई, उसके बाद वितरण ठप हो गया। इस पंप पर पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम भी बढ़ गए। चारबाग के केकेसी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल बिना किसी सीमा के मिलता रहा। पंप कर्मियों ने बताया कि राशनिंग का कोई आदेश नहीं आया है। ऐशबाग पेट्रोल पंप पर उपलब्धता का बोर्ड लगा रहा और आपूर्ति सामान्य रही। कैंट सदर में रेलवे क्रॉसिंग के पास एचपी पंप और बीपीसीएल पंप पर भी स्थिति सामान्य रही। गोमती नगर के शक्ति फिलिंग स्टेशन और विराम खंड के आरआर फिलिंग सेंटर पर आपूर्ति जारी रही। हालांकि लंबी कतारें लगी रहीं। विधानसभा मार्ग के एचपी पेट्रोलियम पंप पर कर्मचारी रहमत अली ने बताया कि पेट्रोल-डीजल सामान्य रूप से उपलब्ध है। माल के क्षेत्र के सभी सात फिलिंग स्टेशनों पर डीजल व पेट्रोल की कोई समस्या नहीं है। भारत पेट्रोलियम के माल स्थित माया फिलिंग स्टेशन के संचालक रमेश कुमार ने बताया कि इंडेन्ट लगाने पर माल उपलब्ध हो रहा है। स्टॉक भी है। जो जितना भी तेल ले रहा है उसे दिया जा रहा है। मसीदा हमीर के इंडियन ऑयल के लखनऊ सर्विस स्टेशन के प्रबंधक अवधेश शुक्ला ने बताया कि प्रीमियम व नार्मल दोनों पेट्रोल, डीजल भरपूर मात्रा में है। बिना किसी रुकावट के सप्लाई हो रही है। इटौंजा क्षेत्र के बंशीधर भारत पेट्रोल पंप पर डीजल को छोड़कर अन्य पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य है लोगों को पेट्रोल डीजल मिलता रहा पर गुरुवार की सुबह से सीतापुर हाईवे पर चांदपुर खानीपुर के पास बंशीधर भारत पेट्रोल पंप पर ● शेष पेज 11 पर

### अफवाहों से बचें, गैस और पेट्रोल की सप्लाई सामान्य: योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लोगों से रसोई गैस या पेट्रोल-डीजल को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की अपील करते हुये साफ किया कि गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों के बाहर लाइन लगाने की कोई आवश्यकता नहीं है।नियमित बुकिंग पर सिलेंडर पहले की तरह घर तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर अफवाह फैलाकर प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में जनता को संयम बनाए रखना चाहिए और केवल जरूरत होने पर ही पेट्रोल-डीजल लेने जाना चाहिए, ताकि अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था न फैले। उन्होने कहा कि पहले एक गैस सिलेंडर महीने भर चलता था, लेकिन अब लोग कुछ ही दिनों में दोबारा लेने पहुंच रहे हैं, जो अनावश्यक घबराहट को दर्शाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं और सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह सुचारु है। योगी ने कहा कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय ● शेष पेज 11 पर

# देश में ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित : सरकार

एजेंसी

❒ दो महीने के लिए तेल, महीने भर के लिए एलपीजी का सुनिश्चित इंतजाम

❒ सरकार ने जानबूझकर चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान की निंदा की





नयी दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्रालय ने रसोई गैस सहित देश में जरूरी पेट्रोलियम उत्पादों की कमी का तथ्यों के साथ खंडन करते हुए कहा है कि कुछ तत्व जनता को भ्रमित करने के लिए गलत सूचनाएं फैला रहे हैं।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि खाड़ी में जारी युद्ध के चार सप्ताह हो रहे हैं फिर भी देश में दो माह के लिए पर्याप्त तेल है। इसके अलावा देश में दैनिक कुल एलपीजी की मांग के 60 प्रतिशत हिस्से का देश में ही उत्पादन हो रहा है तथा बाकी एलपीजी की आपूर्ति विदेशी स्रोतों से निरंतर हो रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा, रिटेल फ्यूल आउटलेट्स पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। देश में कहीं भी पेट्रोल, डीज़ल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।'' मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि कि वे जान-बूझकर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के एक शरारती और सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ पंपों पर घबराहट में खरीदारी की जो इक्का-दुक्का घटनाएं सामने आईं, वे सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो के ज़रिए जान-बूझकर फैलाई गई गलत सूचनाओं की वजह से हुईं है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनरी केंद्र है और पेट्रोलियम उत्पादों का पांचवां सबसे बड़ा निर्यातक है, जो 150 से ज़्यादा देशों को रिफाइंड ईंधन की आपूर्ति करता है। सरकार का कहना है कि चूंकि भारत दुनिया के लिए एक शुद्ध निर्यातक है, इसलिए घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीज़ल की उपलब्धता व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि देश भर में एक लाख से ज़्यादा रिटेल फ्यूल आउटलेट्स बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति कर रहे हैं और कहीं कोई कटौती नहीं की गयी है। मंत्रालय ने कहा है, ''अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति भारतीय तेल कंपनियों द्वारा पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। भारत के पास कुल 74 दिनों की रिज़र्व क्षमता है और अभी वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है । इसमें कच्चे तेल का स्टॉक, उत्पादों का स्टॉक और भंडार के लिए जमीन में बनाए गये गढ्ढों में रखे तेल के स्टॉक शामिल हैं, जबकि पश्चिम एशिया संकट का आज 27वां दिन है। मंत्रालय ने कहा है कि देश में एलपीजी उत्पादन 50 हजार टन तक ● शेष पेज 11 पर

## यूपी गैंगस्टर एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का दिया आदेश

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर एक्ट को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़कर तीन जजों की बेंच को सौंप दिया है। कोर्ट ने केंद्र को भी पक्षकार बनाया है। यह कानून संगठित अपराध रोकने के लिए बना था।

उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया है। अब इन सभी मामलों की सुनवाई तीन जजों की विशेष बेंच करेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब देशभर में संगठित अपराध पर सख्त कानूनों को लेकर बहस जारी है।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश कर रहे थे, ने कहा कि अलग-अलग अदालतों में चल रही याचिकाओं को एक साथ सुनना जरूरी है ताकि एक समान और स्पष्ट फैसला दिया जा सके। कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी इस मामले में पक्षकार बनाया है। यह कानून 1986 में बनाया गया था, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध, डकैती और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील ने ● शेष पेज 11 पर

## आंध्र प्रदेश-डंपर से टकराकर बस में आग, 13 जिंदा जले, 22 घायल

मरकापुरम। आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया।

अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के ड्ष्टि वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त ● शेष पेज 11 पर

# होर्मुज जलडमरूमध्य भारत के लिए खुला है: अब्बास अराघची

एजेंसी



तेहरान/नई दिल्ली। मध्य-पूर्व में बढ़े तनाव के बीच ईरान ने बड़ा कदम उठाते हुए भारत सहित पांच मित्र देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों के गुजरने की अनुमति दे दी है। यह जानकारी ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने दी। इस फैसले से भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और इराक जैसे देशों के लिए समुद्री व्यापार में बड़ी राहत मिली है।

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जो फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ता है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन इसी रास्ते से होता है। हाल में ईरान द्वारा इस मार्ग को अवरुद्ध किए जाने के बाद वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में तेज उछाल देखा गया था। ईरान ने इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन को दिए बयान में स्पष्ट किया है कि केवल नॉन-होस्टाइल जहाजों को ही इस मार्ग से गुजरने की अनुमति दी जाएगी। शर्त यह है कि ऐसे जहाज ईरान के खिलाफ किसी आक्रामक कार्रवाई में शामिल न हों और सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन करें। सक्षम अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर ही जहाजों को सुरक्षित गुजरने की अनुमति मिलेगी। इस फैसले के बाद होर्मुज क्षेत्र में मौजूद करीब 20 भारतीय जहाजों के लिए स्थिति आसान हो गई है। इससे पहले दो भारतीय एलपीजी ● शेष पेज 11 पर

### इजरायली हमले में आईआरजीसी कमांडर अलीरेज़ा तंगसिरी की मौत

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने गुरुवार को घोषणा की कि इजरायली हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेज़ा तंगसिरी की मौत हो गई है। सैन्य अधिकारियों के साथ आज सुबह एक समीक्षा बैठक के दौरान श्री काट्ज़ ने कहा, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने आईआरजीसी नौसेना के कमांडर को खत्म कर दिया है। यह वही व्यक्ति था जो समुद्री यातायात के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी करने और वहां सुरंगें बिछाने के अभियान के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार था। श्री काट्ज़ ने कहा कि यह हमला आईआरजीसी के लिए एक 'संदेश' है। ● शेष पेज 11 पर

# फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वालों पर जरूर हो कार्रवाई : डीजीपी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ सभी जिलों के लिए जारी किया विस्तृत निर्देश



लखनऊ। मनगढंत तथ्यों के आधार पर किसी के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कराने वालों की भी मुश्किलें बढ़ेंगी। डीजीपी राजीव कृष्ण ने फर्जी मुकदमा दर्ज कराने वालों के विरुद्ध भी अनिवार्य रूप से कार्रवाई सुचित कराए जाने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने कहा है कि सभी जिलों में ऐसे मुकदमों की समीक्षा की जाए, जिनमें विवेचक ने एफआईआर में दर्ज कराए गए तथ्य गलत पाए गए और अंतिम रिपोर्ट लगाई गई। ऐसे मामलों में झूठी गवाही देने वालों के विरुद्ध कोर्ट में परिवाद पत्र दाखिल किया जाए। परिवाद पत्र के साथ ई-साक्ष्य भी प्रस्तुत किए जाएं। हाईकोर्ट ने बीते दिनों झूठी एफआईआर दर्ज कराने वालों व झूठी गवाही देने वालों के विरुद्ध कोर्ट में अनिवार्य रूप से परिवाद दाखिल कराए जाने का निर्देश दिया था।

डीजीपी ने मामले में विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि कोर्ट ने परिवाद दाखिल करने का प्रारूप निर्धारित किया है। सभी जिलों में पर्यवेक्षण अधिकारी व अभियोजन अधिकारी को भी इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहा है कि सभी थानों में ऐसे मामले रजिस्टर में अंकित किए जाएं और सीओ क्राइम रजिस्टर में फर्जी मामलों ● शेष पेज 11 पर

## सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के गोरखपुर सेंटर का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

# विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है टेक्नोलॉजी : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है। हमारी गति को प्रगति में बदल सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है। पिछले नौ सालों में प्रदेश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण ( गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम तकनीक नहीं अपनाते, उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं। और, जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं। हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे युवाओं में बहुत प्रतिभा है। उसकी प्रतिभा को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है। यही कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में देश में किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। यहां युवाओं में स्केल तो था, लेकिन उसे वर्ष 2014 के पहले की सरकारों ने महत्व नहीं दिया। स्केल को स्किल में बदलने का प्रयास नहीं किया, कोई प्लेटफार्म नहीं उपलब्ध करवाया। परिणाम था कि युवा हतोत्साहित होता था, पलायन करता था। युवाओं के मन में निराशा थी। पर, 2014 के बाद एक-एक करके हर एक क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसटीपीआई का गोरखपुर सेंटर गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की सबसे बड़ी विशेषता है कि स्टार्टअप चलाने वाला व्यक्ति केवल अपना कंप्यूटर लेकर वहां जाएगा। उसे जगह, विद्युत कनेक्शन और अन्य जन सुविधाओं की चिंता नहीं करनी है। देश और दुनिया में जहां कहीं भी सॉफ्टवेयर की टेक्नोलॉजी आज अपनी धमक दिखा रही है, उसके पीछे यही मॉडल सब जगह सफल हुए हैं। गोरखपुर में पहली बार इसे शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अप्रैल को गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सेंटर आफ एक्सीलेंस का शुभारंभ भी हो जाएगा। यह सेंटर आफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में बना है। ये सभी कार्यक्रम दिखाते हैं कि अब केवल हार्डवेयर में ही नहीं, बल्कि सॉफ्टवेयर में भी पूर्वी उत्तर प्रदेश का युवा अपनी प्रतिभा का परिचय वैश्विक मंच पर देने में सफल हो पाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष के अंदर स्टार्टअप संस्कृति को आगे बढ़ाने का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में बीस हजार से अधिक स्टार्टअप काम कर रहे हैं और इनमें से आधे महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी को भविष्य की ऊर्जा बताते हुए कहा कि सरकार गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनवा रही है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं।एनर्जी के लिए हमें किसी अन्य देश पर निर्भर न रहना पड़े, इसके लिए ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी इसका एक माध्यम बनने वाली है। सीएम ने कहा कि हम लोग जापान गए थे। जापान के साथ हमारी बातचीत हुई है। जापान में ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी काफी एडवांस्ड स्टेज में है। हम उनसे मिल करके इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिस क्षेत्र में जो संभावनाएं हैं, उसी को देखकर सेंटर आफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। आईआईटी कानपुर में मेडिटेक के लिए एक सेंटर आफ एक्सीलेंस, एसजीपीजीआई लखनऊ में भी एक सेंटर आफ एक्सीलेंस ● शेष पेज 11 पर

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ईंधन आपूर्ति को लेकर बैठक सम्पन्न

❒ डीएम ने अफवाहों पर सख्ती से निपटने के दिये निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज । डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जनपद में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है।

ईरान-इजराइल एवं मध्य पूर्व में जारी तनाव के चलते सोशल मीडिया पर ईंधन संकट की फैल रही अफवाहों के मद्देनजर यह बैठक बुलाई गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल रोक लगाई जाए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) श्री विजय शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी श्री सुनील सिंह सहित पेट्रोल/डीजल एवं एलपीजी से जुड़े सभी विक्रय अधिकारी, खाद्य अधिकारी और एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ बढ़ी है, जबकि जनपद के 368 पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। वर्तमान में लगभग 65 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल का स्टॉक उपलब्ध है, जबकि पिछले दिन 18 लाख लीटर की आपूर्ति की गई।इसी प्रकार, 144 गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की बिक्री पर सतत निगरानी रखी जाए तथा अनाधिकृत भंडारण, होल्डिंग और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही, अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पेट्रोल पंपों पर स्टॉक की कमी न होने पाए। अधिक मांग वाले पंपों पर अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ समन्वय स्थापित किया जाए।जनपद में ईंधन आपूर्ति की निगरानी हेतु जिला पूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिक अपनी शिकायतें मोबाइल नंबर 8299632748, 7388036037, 8126271301, 8853522200, 9956591463 एवं 8299033086 पर दर्ज करा सकते हैं।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# राम नवमी पर इलाहाबाद संग्रहालय में श्रीराम प्रतिमा व 'रामजन्म' पाण्डुलिपि प्रदर्शनी का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



प्रयागराज। राम नवमी के पावन अवसर पर इलाहाबाद संग्रहालय में भगवान श्रीराम को समर्पित एक विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। संग्रहालय की पाक्षिक प्रदर्शनी श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित इस प्रदर्शनी में काष्ठ निर्मित श्रीराम प्रतिमा एवं 'रामजन्म' विषयक दुर्लभ पाण्डुलिपियों का प्रदर्शन किया गया है।इस प्रदर्शनी का उद्घाटन राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, प्रयागराज के सहयोग से संग्रहालय के केंद्रीय कक्ष में श्री बलबीर गिरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त एवं संग्रहालय की निदेशक सौम्या अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। उन्होंने तुलसी का बिरवा, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा प्रदर्शनी के उद्देश्य और महत्व की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संग्रहालय की 'आज़ाद वीथिका' का भी अवलोकन कराया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बलबीर गिरि ने कहा कि राम नवमी के दिन इस प्रदर्शनी का आयोजन हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों–मर्यादा, सत्य, त्याग और आदर्श आचरण–को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि श्रीराम का जीवन समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।उन्होंने काष्ठ निर्मित प्रतिमा को भारतीय प्राचीन शिल्प कौशल की उत्कृष्ट मिसाल बताया, वहीं 'रामजन्म' पाण्डुलिपि को देश की समृद्ध ज्ञान परंपरा और साहित्यिक विरासत का अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने और उनमें गर्व की भावना विकसित करने में सहायक होती है।प्रदर्शनी का संयोजन डॉ. संजू मिश्रा, सहायक संग्रहाध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी प्रभारी डॉ. अजय कुमार मिश्र, डॉ. राजेश कुमार मिश्र, डॉ. वामन वानखेड़े, सुनील कुमार पाण्डेय, सोनिका तिवारी, शशांक त्रिपाठी सहित संग्रहालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मार्च को नैनी आईटीआई परिसर में वृहद रोजगार मेला, 4000 से अधिक पदों पर होगा चयन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 30 मार्च 2026 को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), नैनी परिसर में प्रातः 9:30 बजे से प्रारंभ होगा।इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 35 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से 4000 से अधिक रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को ?12,500 से ?30,000 तक का वेतनमान प्रदान किया जाएगा।मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, एमबीए, बीबीए, बीसीए सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यता रखने वाले 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, अंकपत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर मेले में प्रतिभाग करें।रिक्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी अभ्यर्थी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि मेले में प्रतिभाग हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## नव निर्माण के नौ वर्ष पर विकास प्रदर्शनी का समापन

**झांसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के झांसी में गुरुवार को प्रदेश सरकार के ॒नव निर्माण के नौ वर्ष॔ पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 08 दिवसीय विकास प्रदर्शनी का समापन पं. दीनदयाल सभागार परिसर में हुआ। कार्यक्रम में भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह गौर एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की उपस्थिति रही।समापन अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं। प्रदर्शनी में 'शक्ति से समृद्धि', 'सशक्त युवा–स्वर्णिम भविष्य', 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश', 'महिला सशक्तिकरण' एवं 'पर्यटन विकास' जैसे विषयों पर आधारित पोस्टरों के माध्यम से सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों को दर्शाया गया।इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, सूचना विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पाक्सो के तहत दस साल की कैद के आरोपित की जमानत मंजूर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में सत्र अदालत से मिली दस साल की कैद की सज़ा के खिलाफ अपील में दाखिल जमानत अर्जी मंजूर कर ली है और आदेश दिया है कि रिहाई के एक माह के भीतर जुर्माना राशि की आधी रकम जमा कर दी जाय।यह आदेश न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी ने सुरेंद्र कुमार की अर्जी पर दिया है। याची के खिलाफ पीलीभीत के गजरौला थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। उसका कहना है कि वह आधी सजा जेल में बिता चुका है। ट्रायल के दौरान जमानत पर रहते हुए दुरूपयोग नहीं किया। अपील की शीघ्र सुनवाई की संभावना नहीं है। इसलिए जमानत पर रिहा किया जाये।

## सांसद पप्पू यादव ने किए द्वारिकाधीश और संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन

**मथुरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार को मथुरा पहुंचे बिहार से सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा ईरान और इजरायल युद्ध को 24 दिन से अधिक हो गए, खुद को विश्व गुरु और 56 इंच सीना कहने वाले अब कहां चले गए? यह युद्ध मानवता के लिए खतरा है। बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने द्वारकाधीश के दर्शन किए, संत प्रेमानंद महाराज से भी मुलाकात की। मथुरा में उन्होंने कई धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। विश्राम घाट पर यमुना नदी की पूजा अर्चना और दूध से अभिषेक किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। नोटबंदी से लेकर बेरोजगारी, शेयर बाजार, डॉलर के मुकाबले रुपये की खराब हालत पर बयान दिया।उत्तर प्रदेश के मथुरा पहुंचे बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि आज डॉलर के मुकाबले रुपया कितना गिर गया है? सरकार इसका जवाब नहीं दे रही है। बेरोजगारों की लाइन लगवा दी। बच्चों को नौकरी नहीं मिल रही है। शेयर मार्केट की हालत खराब हो गई है। माता–बहनों को भी गैस के लिए लाइन लगवा रही है। रसोईघर का काम भी प्रभावित है। समय से सिलेंडर नहीं मिल रहा है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि 12 साल के कार्यकाल में कभी किसानों को सड़क पर खड़ा कर दिया तो नोटबंदी के नाम पर 400 लोगों को मार दिया।

## जिला न्यायाधीश ने कारागार का किया निरीक्षण

**झांसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष कमलेश कच्छल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैरकों में जाकर बंदियों की समस्याएं सुनीं और उनसे उनके मामलों की पैरवी से संबंधित जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाएगा। कई बंदियों ने जमानत, पेशी की तिथि व अधिवक्ता से संबंधित समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।उन्होंने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा गर्मी व वर्षा ऋतु को देखते हुए डेंगू–मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मच्छरों से बचाव व स्वच्छता व्यवस्था की भी जांच कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जेल अस्पताल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भर्ती बंदियों से उनके उपचार व दवाओं की जानकारी ली और साफ–सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।इस मौके पर प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित परासर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतीक त्रिपाठी, वरिष्ठ जेल अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न के दोषी पति को 02 वर्ष 06 माह का कारावास

**फिरोजाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दहेज उत्पीड़न के दोषी पति को दो वर्ष छह महीने की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना नारखी के गांव गोंदई निवासी पूनम पत्नी राजू 10 जनवरी को गंभीर रूप से जलकर घायल हो गई थी। आगरा में उपचार के दौरान उसकी 22 जनवरी 2019 को मौत हो गई। भाई राकेश ने ससुरालियों पर आरोप लगाया उन्होंने दहेज की खातिर पूनम की मारपीट कर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाकर हत्या की है।राकेश ने राजू, चंदन सिंह, ओसपाल, शिव कुमार, राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद पुलिस ने पति राजू के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या की धाराओं के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।मुकदमा अपर सत्र न्यायधीश, त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या - 1 श्यामबाबू की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी एडीजीसी मनोज शर्मा ने की।मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने राजू को दहेज उत्पीड़न का दोषी माना।

# प्रयागराज में हत्या के बाद बवाल, शंकरगढ़ में चक्का जाम

❒ पुलिस पर लापरवाही के आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददात**



प्रयागराज। कमिश्नरेट क्षेत्र के यमुनानगर जोन में गुरुवार शाम हालात तनावपूर्ण हो गए। मामा-भांजा पुलिस चौकी के पास सड़क पर भीषण जाम लग गया, जहां मौके पर पुलिस की मौजूदगी न होने से लोगों में नाराजगी देखी गई।इसी बीच शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना सामने आई। कातिलाना हमले में घायल 35 वर्षीय सोनू वर्मा की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जैसे ही शव शंकरगढ़ के हिनौती पांडेय गांव पहुंचा, लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई।नाराज ग्रामीणों ने राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के पास शिवराजपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की।वहीं, डीसीपी यमुनानगर के अनुसार, शंकरगढ़ पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस का कहना है कि आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जबकि पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है।

# स्मार्ट मीटर विवाद ने पकड़ा तूल, बिजली विभाग के जेई पर गंभीर आरोप, भाजपा नेताओं का हंगामा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। नैनी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अब बड़ा रूप लेता जा रहा है। एक मजदूर के घर पर जबरन बिजली कनेक्शन काटने और उसके बाद भाजपा नेताओं से अभद्रता के आरोप में अवर अभियंता (जेई) निलेश मिश्र घिर गए हैं।

जानकारी के अनुसार, जेल रोड विद्युत उपखंड से जुड़े अवर अभियंता अपनी टीम के साथ अंबेडकर नगर में एक मजदूर के घर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे थे। आरोप है कि गृह स्वामी द्वारा मीटर लगाने से मना करने पर टीम वापस लौट गई, लेकिन बाद में जबरन उसकी बिजली आपूर्ति काट दी गई।इस घटना से नाराज पार्षद एवं भाजपा युवा मोर्चा से जुड़े पूर्व जिला अध्यक्ष जब मामले की जानकारी लेने उपखंड कार्यालय पहुंचे, तो आरोप है कि जेई ने उनके साथ बदसलूकी और अभद्र व्यवहार किया। विवाद इतना बढ़ा कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। हंगामे के बीच जेई मौके से निकल गए।इसके बाद कई भाजपा पार्षद और नेता नैनी कोतवाली पहुंचे और जेई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी।मामले में यह भी आरोप है कि उपखंड कार्यालय में संविदा कर्मियों से नियमों के विपरीत कार्य लिया जा रहा है। जिन कर्मियों की ड्यूटी फीडर रूम में है, उनसे फील्ड में काम कराया जा रहा है। साथ ही, कार्यालय में अनुशासनहीनता का माहौल बना हुआ है, जहां संविदा कर्मियों की मनमानी चल रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# विकसित भारत के लिए 'आत्म लक्ष्य' जरूरी: ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




भदोही, ज्ञानपुर। जनपद भदोही के जीआईसी ग्राउंड, ज्ञानपुर में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य कार्यक्रम में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने अपने संबोधन में प्रत्येक नागरिक से अगले दस वर्षों के लिए अपना 'आत्म लक्ष्य' तय करने और उसे हासिल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।मंत्री ने कहा कि अब समय पीछे मुड़कर देखने का नहीं, बल्कि आगे बढ़कर बड़ी छलांग लगाने का है। वर्ष 2047 तक देश और प्रदेश को विकसित बनाने के लिए गांव, तहसील, ब्लॉक और प्रत्येक नागरिक को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा और आत्म लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लिया।उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और इसके लिए व्यक्तिगत स्तर पर लक्ष्य निर्धारण आवश्यक है। जब हर व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होगा, तभी प्रदेश और देश तेजी से आगे बढ़ेंगे।अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, कृषि, आवास और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और अब प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, सांसद विनोद बिंद, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर और ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार की उपलब्धियों को रखा।अंत में मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान सरकार की योजनाओं–प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, आवास योजना और निशुल्क खाद्यान्न वितरण–से लाभान्वित लोगों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की सराहना की।इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अपमान का बदला लेने के लिए चार दोस्तों ने की थी टाइल्स कारीगर की निर्मम हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । टाइल्स कारीगर रितेश सिंह उर्फ बाला ने जिन मित्रों अनस, आशू, प्रियांशु व अरबाज को ताना दिया था उन्हीं लोगों घर से बुलाकर बेरहमी से कत्ल कर दिया। चाकूओं के वार से रितेश चीखता रहा और कातिल सामने खड़े होकर उसकी मौत का इंतजार कर रहे थे। यह दिल दहलाने वाला खुलासा हुआ है। हरदासी खेड़ा गांव के पास खाली पड़े मैदान में मंगलवार देर रात हुई 20 वर्षीय टाइल्स कारीगर रितेश सिंह उर्फ बाला की हत्या के मामले में डीसीपी पूर्वी की क्राइम टीम व इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा की संयुक्त टीम ने 24 घंटे में ही अनस खान, आशू निषाद व प्रियांशु गुप्ता को गुरुवार को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। हत्या में प्रयुक्त चाकू, कातिल की खून से सनी चप्पल व मृतक का मोबाइल भी बरामद कर ली है।डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक चिनहट क्षेत्र के हरदासी खेड़ा गांव के पास मैदान में मंगलवार देर रात टाइल्स कारीगर रितेश सिंह उर्फ बाला का खून से लथपथ शव मिला था। उसका गला काट कर हत्यारों ने मौत की नींद सुलाया था। पास में मिली बाइक उसकी पहचान हुई। पुलिस ने कमता क्षेत्र स्थित कल्याणी विहार निवासी दयाशंकर सिंह की तहरीर पर उपरोक्त निवासी प्रियांशु गुप्ता के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया इस मामले में कातिलों की गर्दन तक पहुंचने के लिए इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र के साथ क्राइम व सर्विलांस टीम को लगाया गया था। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा और क्राइम व सर्विलांस टीम ने कमता क्षेत्र स्थित कल्याणी विहार निवासी प्रियांशु गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो बताया कि इस घटना को अंजाम अकेले नहीं चार लोगों ने मिलकर दिया था। यह सुनते ही पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का राजफाश कर अनस खान, आशू निषाद व प्रियांशु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस घटना में शामिल अरबाज खान अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। इंस्पेक्टर के मुताबिक सभी आरोपित कमता क्षेत्र स्थित कल्याणी विहार के रहने वाले हैं।गिरफ्तार हत्यारोपियों ने पूछताछ में बताया कि बीती दीपावली के दौरान मृतक रितेश सिंह और इन लोगों के बीच बम फोड़ने को लेकर कहासुनी हुई थी। इस मामले में हत्यारोपियों की तहरीर पर चिनहट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। हत्यारों ने पुलिस को बताया कि कार्रवाई न होने पर मृतक रितेश आए दिन तंज कसता था कि हमारा कुछ नहीं कर पाए। यह बातें खल रही थी और योजना के तहत मंगलवार शाम करीब पांच बजे घर से बुलाकर कातिलों ने रितेश सिंह की हत्या कर भाग निकले थे। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि यह लोग आपस में एक-दूसरे के मित्र हैं और मंगलवार को कॉल कर रितेश सिंह को बुलाया। कातिलों ने पुलिस को बताया कि हरदासी खेड़ा गांव के पास मैदान में पहले से बैठे सभी आरोपी शराब पीने के बाद रितेश की गला काट कर निर्मम तरीके से हत्या किए जाने की बात स्वीकार किया है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक कमता क्षेत्र स्थित कल्याणी विहार निवासी दयाशंकर सिंह मूल रूप जनपद बलिया के रहने वाले हैं। उनका बेटा रितेश सिंह उर्फ बाला टाइल्स कारीगर था। इस मामले में इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि गिरफ्तार सभी आरोपितों ने पुलिस को गुमराह करने की पूरी कोशिश की, लेकिन सर्विलांस के साक्ष्यों के सामने उनकी एक नहीं चली। पूछताछ के दौरान सभी आरोपितों ने एक-एक कर सारे राज उगल दिए।

# तरना की मलिन बस्ती में विकास कार्य तेज करने के निर्देश

❒ मंत्री सुरेश खन्ना का स्थलीय निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने तरना वार्ड की मलिन बस्ती का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मंत्री ने बस्ती तक जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया, जहां इंटरलॉकिंग अधिकांशतः ठीक पाई गई, लेकिन कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने पर उसे री-सेट कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीपल के पेड़ के पास धार्मिक गतिविधियों के लिए कच्चे स्थल को पक्का प्लेटफॉर्म बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति देने के निर्देश भी दिए।मलिन बस्ती में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर घर नल योजना के तहत बिना कनेक्शन वाले घरों को चिन्हित कर कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। खराब हैंडपंपों की री-बोरिंग और प्लेटफॉर्म निर्माण कराने के लिए भी अधिकारियों को कहा गया।निरीक्षण के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क का भी जायजा लिया गया। पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए ट्री गार्ड, पौधारोपण, बेंच, हाईमास्ट लाइट, बाउंड्री वॉल और प्रतिमा की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्य कराने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा, पार्क के पीछे स्थित बस्ती में गली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, कूड़ा संग्रहण के लिए नई ट्रॉली और खुले नालों को ढकने के लिए स्लैब लगाने के निर्देश दिए गए।मंत्री ने एक कच्चे मकान में रहने वाले परिवार को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने को भी कहा।इस दौरान नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, मुख्य अभियंता आर.के. सिंह, महाप्रबंधक जलकल अनूप सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106–सिग/टेंडर/72/2025–26 |
| कार्य का नाम | नॉर्दर्न रेलवे के लखनऊ मंडल में स्थापित STATCONENERGIA निर्मित IPS (24 नग) के लिए 36 (छत्तीस) महीनों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु0 10783514.88/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 203900.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 14.04.2026 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0–106–सिग/टेन्डर/72/2025–26 दिनांक: 24.03.2026 1022/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्तर विधानसभा में कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अनेक परियोजनाएं प्रक्रियाधीन है : डॉ. नीरज बोरा

❒ विधायक डॉ. नीरज बोरा ने विकास कार्यों का भूमि पूजन कर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विधायक डा. नीरज बोरा ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। डा. बोरा ने कहा कि लखनऊ उत्तर के सभी वार्डों में संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अनेक परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं और शीघ्र ही प्रारंभ होंगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, जल निकासी, सेतु निर्माण, खेलकूद एवं रोजगार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। गुरुवार को हुए कार्यक्रमों के क्रम में विधायक डॉ. बोरा ने मल्लाही टोला प्रथम वार्ड स्थित मनोहर नगर कॉलोनी में पार्क के चारों ओर सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इसके उपरांत नगरिया ठाकुरगंज घासमंडी क्षेत्र में हिन्दुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर संजय चौरसिया के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में डाकखाना मोड़ से अनुज कनक के घर होते हुए गिरिजा शंकर सोनकर के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया। इसी श्रृंखला में कदम रसूल वार्ड में सगीर खान के घर के सामने सड़क व नाली निर्माण कार्य तथा फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के केशवनगर क्षेत्र में क्रिकेट एकेडमी से सुनील सिंह के मकान होते हुए सतीश यादव के मकान तक सड़क के दोनों ओर साइड पटरी इंटरलॉकिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। केशवनगर में ही विकास शुक्ला के घर के सामने सड़क व नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, जबकि फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के प्रभातपुरम कॉलोनी में त्रिकाल फैक्ट्री के निकट प्रेम जनरल स्टोर से अंकुश वर्मा के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया। इस दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में पार्षद सी. बी. सिंह, मण्डल अध्यक्ष दया पाण्डेय, सुशील तिवारी, सतीश शर्मा, अभिनव श्रीवास्तव, अनूप सिंह, ऋषि कपूर, सुनील सिंह, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, आदित्य गौड़, रामशरण सिंह, विनोद बाजपेई, पार्षद रामूदास कनौजिया, विकास शुक्ला, ज्ञानी दीक्षित, उत्कर्ष दीक्षित, अनिल मिश्रा, किशोर सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य मौजूद रहे।

## पेट्रोल के लिए मारामारी



लखनऊ । खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के चलते भारत में भी पेट्रोल और घरेलू गैस का संकट मडराता दिखाई दे रहा है।उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज में पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की लम्बी लम्बी कतारें देखने को मिली। यह स्थिति आने वाले दिनों पेट्रोल न मिलने की संभावना की वजह से बनी है।अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का प्रभाव भारत में भी पड़ रहा है। लोगो को पहले ईंधन के रूप में प्रयोग की जाने वाली गैस की समस्या से जूझना पड़ा। आम जन पहली मुसीबत से उबर नहीं पाए कि दूसरी ने घेर लिया।पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल न मिलने की आशंका के कारण लोगो के मन में एडवांस खरीद कर रख लेने का विचार आया।और पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की लम्बी लम्बी कतारें लग गई।यही स्थिति सुल्तानपुर रोड पर नयारा पेट्रोल पंप पर देखने को मिली। जबकि उसी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित संकल्प पेट्रोल पंप और राधे श्याम पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल नहीं बिक रहा था फिर भी उपभोक्ताओं की भीड़ लगी हुई थी।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार चोरी के जेवर खरीदने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता।ढ




मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त सतीश सोनी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम ने उसे बीते बुधवार शाम लखनऊ के जानकीपुरम स्थित उसके आवास से दबोचा।पुलिस के अनुसार। आरोपी सतीश सोनी पर गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर चोरी की ज्वैलरी और अन्य सामान योजनाबद्ध तरीके से खरीदने का आरोप है। वह गैंग के लिए चोरी के माल को खपाने का काम करता था। मोहनलालगंज थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीते 8 मार्च को निगोहा थाने में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मुकदमे में कमलेश, अभिलाष उर्फ अभिलाख, बाबूराम, रामचन्दर उर्फ छोटू, झब्बू उर्फ सेठ, बुचऊ प्रधान उर्फ रामजीवन, शिब्बू उर्फ विकास और सतीश सोनी समेत कई अभियुक्तों को नामजद किया गया था।पुलिस ने बताया कि इस गैंग के खिलाफ मोहनलालगंज, नगराम, निगोहा समेत विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मामले की विवेचना स्वयं प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था, जो लगातार दबिश दे रही थी।गौरतलब है कि इससे पहले बीते 18 मार्च को पुलिस ने इसी मामले में कमलेश, अभिलाष उर्फ अभिलाख, बाबूराम और रामचन्दर उर्फ छोटू को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हबुआ पुल से देर रात गिरफ्तार किया था।पुलिस का कहना है कि गैंग के अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं गिरफ्तार सतीश सोनी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध मे 13 अप्रैल को निकाला जायेगा मशाल जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जुलूस में दिखेगा शिक्षकों का सैलाब: अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ

लखनऊ । अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों ने शिक्षक की पाती अभियान चलाया जिसमें शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। अब शिक्षक 13 अप्रैल को होने वाले मशाल जुलूस के लिए लामबंद होकर बैठकों का दौर शुरू कर दिए हैं।अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक व प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक में शिक्षक की पाती अभियान की सफलता हेतु सभी पदाधिकारियो व शिक्षकों को बधाई देते हुए आगामी मशाल जुलूस की तैयारी पर चर्चा की। बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारी ने मशाल जुलूस हेतु जमीनी स्तर की सक्रिय भागीदारी पर अपने विचार रखें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ शिक्षकों की नाराजगी बढ़ती जा रही है लेकिन दो दर्जन से अधिक शिक्षक संगठनों से बने सयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले अपना भविष्य सुरक्षित देख रहे हैं और 13 अप्रैल को मशाल जुलूस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए जिला मुख्यालयों की सड़कों पर शिक्षक सैलाब देखने को मिलेगा।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियो को ब्लॉक से लेकर जिले तक मजबूत रणनीति बनाने का आह्वान किया और कहा कि जब से यह अव्यावहारिक व निराशाजनक आदेश हुआ है तब से शिक्षक काफी अवसाद ग्रस्त है। जिस समय शिक्षकों को लम्बी सेवा अवधि के लिए सम्मान दिया जाता है उस समय शिक्षक को अपमानित करने का काम किया जा रहा है। इसलिए टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ लड़ाई शिक्षक सम्मान के साथ ही युवा शिक्षकों के भावी भविष्य को सुरक्षित रखने की है। उन्होंने केंद्र सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 7 महीने से शिक्षक आंदोलित है लेकिन सरकार की तरफ से शिक्षक हित में अभी तक कोई भी स्पष्ट आदेश नहीं दिए गए हैं जिससे शिक्षक आशा भरी नजरों से देख सके। बैठक में समस्त प्रादेशिक पदाधिकारी,मांडलिक पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व मंत्री उपस्थित रहे।

## व्यापारी नेता नीरज गुप्ता को मण्डल उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर दी गई बधाई

लखनऊ। व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष नीरज गुप्ता को चिनहट शहरी क्षेत्र से नव निर्वाचित भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष घोषित किए जाने पर क्षेत्र के सभी गणमान्य जन बधाई एवं शुभकामनाएं देने पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। एल्डिकों चौराहा स्थित कार्यालय पर एकत्रित हुए व्यापारी नेता और क्षेत्र के वरिष्ठ जनों ने उनके मनोनयन पर श्री गुप्ता को बधाई दी और एक दूसरे को मिठाई खिला कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भव्य कलश यात्रा के साथ घोड़सारा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के बहरौली इलाके के कल्याण खेड़ा मजरा घोड़सारा गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के बीच किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिली। कलश यात्रा कथा पंडाल से प्रारंभ होकर कल्याण खेड़ा से होते हुए घोड़सारा गांव तक निकाली गई और पुनः पंडाल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में मुख्य यजमान सहित सैकड़ों महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शाम को कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कथा जीवन को सही दिशा और उद्देश्य प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि जहां भागवत कथा का आयोजन होता है, वहां का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है और नकारात्मक प्रवृत्तियों का नाश होता है। उन्होंने आगे कहा कि कथा की सार्थकता तभी है जब उसे जीवन में उतारा जाए। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति के जन्म-जन्मांतर के दोष समाप्त होते हैं और उसका लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विमल सिंह हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

## रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** चिनहट में रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गईलखनऊ के चिनहट क्षेत्र में राम नवमी के शुभ अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी देखने को मिली।शोभा यात्रा की अगुवाई बजरंग दल के विजय जी एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। यात्रा में भगवान श्रीराम के दरबार की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।यह शोभा यात्रा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और इलाकों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। पूरे मार्ग में ''जय श्रीराम'' के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त किया और इसे सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

## गोसाईगंज ब्लॉक गेट पर 100 फीट ऊंचे तिरंगे की ऐतिहासिक अनावरण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईगंज ब्लॉक गेट के सामने 100 फीट ऊंचे विशाल तिरंगे की भव्य और ऐतिहासिक अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस गौरवपूर्ण आयोजन ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया और बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा 'डिंपल' ने किया। विशाल तिरंगे की स्थापना के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। तिरंगे के फहराते ही पूरे परिसर में भारत माता के जयकारों और देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा 'डिंपल' ने कहा कि तिरंगा हमारी शान, सम्मान और देश की एकता का प्रतीक है। 100 फीट ऊंचे तिरंगे की स्थापना का उद्देश्य युवाओं और समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने तिरंगे को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर विधायक अमरेश रावत , पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष नागेश कुमार , जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज , प्रधानाध्यापक अनिल वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डीपीएस की जूनियर शाखा में स्कॉलर बैच सेरेमनी का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की जूनियर शाखा में कक्षा एक से तीन के स्कॉलर बैच सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की गायन मंडली द्वारा प्रस्तुत एक प्रेरणादायक गीत से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपम सलूजा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें सर्वश्रेष्ठ स्कॉलर, कमेंडेशन ,को-करिकुलर, ऑल राउंडर, 100 प्रतिशत उपस्थिति और बेस्ट टर्न आउट जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल रहीं। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या वरिंदर कौर ने अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावक तथा विशिष्ट अतिथि उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए स्कॉलर बैज समारोह का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए स्कॉलर बैज समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ वर्ग में देव रंजन वर्मा, डॉ निशी मेहरोत्रा, प्रोफ़ेसर (डॉ) अरविंद मोहन और जूनियर वर्ग में मोहिनी पाठक, डॉ अनुपमा कौल और सुमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। असाधारण विद्वानों को उनकी उपलब्धियों की मान्यता के रूप में बैज, ट्राफियां और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रिंसिपल मनीषा अंथवाल ने सभा को संबोधित किया और छात्रों को अपनी योग्यता साबित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए बधाई दी।

# नवमी पर अमलिहा खेड़ा में गूंजेगा मां भगवती का जयकारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ प्रथम विशाल जागरण व भंडारे का भव्य आयोजन आज

निगोहां, लखनऊ । निगोहां क्षेत्र के अमलिहा खेड़ा गांव में नवमी के पावन अवसर पर आज श्री बालाजी महाराज मंदिर सेवा समिति द्वारा प्रथम विशाल मां भगवती जागरण का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजक समाजसेवी हिमांशु सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और मां दुर्गा की ज्योति प्रज्वलित कर किया जाएगा। इसके बाद देर रात तक भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें आर.के. साईं म्यूजिकल ग्रुप लखनऊ के गायक कलाकार सोनू जलालाबादी, गायिका स्मृति सक्सेना, काजल अग्रहरि तथा ग्रुप ऑर्गेनाइजर अभिषेक शर्मा मां भगवती के भजनों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। कार्यक्रम में मेहंदीपुर महाकाल झांकी ग्रुप द्वारा मां दुर्गा के नौ रूप, भगवान शिव, हनुमान जी, राधा-कृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक व मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। हिमांशु सोनी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां भगवती के जागरण और भंडारे में शामिल होने की अपील की है, ताकि कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाया जा सके। पूरे अमलिहा खेड़ा गांव में धार्मिक उत्साह और तैयारियों की रौनक देखने को मिल रही है।

# इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम

❒ कार्यक्रम के दौरान साइबर हेल्प डेस्क टीम के उप निरीक्षक (एस.आई.) अभिषेक मिश्रा ने उपस्थित दर्शकों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में साइबर एवेयरनेस दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वजीरगंज पुलिस स्टेशन की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनता को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम के दौरान साइबर हेल्प डेस्क टीम के उप निरीक्षक (एस.आई.) अभिषेक मिश्रा ने उपस्थित दर्शकों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा www.cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही उन्होंने फाइनेंशियल फ्रॉड, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध, महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित साइबर अपराधों के प्रकार एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में लेडी उप निरीक्षक (एस.आई.) हनी यादव एवं विशेषज्ञ कांस्टेबल आस्था भारद्वाज ने दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उन्हें वास्तविक जीवन में होने वाले साइबर फ्रॉड के उदाहरणों के माध्यम से जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे ञ्डिजिटल अरेस्टङ्क जैसे साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी तथा इससे बचने के व्यावहारिक उपाय बताए।इसके अतिरिक्त, टीम द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक व्हाट्सऐप चैनल ञ्साइबर दोस्तङ्क के बारे में जानकारी देते हुए दर्शकों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे समय-समय पर साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण अपडेट प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने बड़ी रुचि के साथ सहभागिता की तथा विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस जागरूकता अभियान को दर्शकों द्वारा अत्यंत सराहा गया और इसे वर्तमान समय में अत्यंत उपयोगी एवं आवश्यक पहल बताया गया।इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान एवं समाज के बीच सेतु का कार्य निरंतर करती रहती है।

# एसपीजीआई परिसर से चोरी करते दो चोर रंगे हाथ गिरफ्तार

❒ एसपीजीआई सुरक्षा कर्मियों ने दोनों चोरों को पुलिस को किया सिपुर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (SGPGI) परिसर में एसी की बाहरी यूनिट से कॉपर पाइप चोरी करते हुए 2 युवकों को सुरक्षाकर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ा। बाद में उन्हें पीजीआई पुलिस के हवाले कर दिया गया।

यह घटना गुरुवार को जनरल हॉस्पिटल में हुई, जब सहायक सुरक्षा अधिकारी धनंजय कुमार पांडेय और उनकी टीम को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम ने दोनों युवकों को एसी की बाहरी यूनिट से कॉपर पाइप निकालते हुए दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से कॉपर पाइप के टुकड़े, साउंड बॉक्स से निकाला गया कॉपर और 1280 रुपए नकद बरामद हुए।यूनिट से कॉपर पाइप निकाल रहे थेपुलिस ने आरोपियों की पहचान एसजीपीजीआई परिसर निवासी नितिन (18) और एकता नगर, कल्ली पश्चिम निवासी शशांक उर्फ शशी (20) के रूप में की है। दोनों के खिलाफ थाना पीजीआई में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।आपराधिक इतिहास नहीं मिलापूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी करते थे। पुलिस के अनुसार, शशांक के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं, जबकि नितिन का कोई आपराधिक इतिहास नहीं मिला है। नितिन कक्षा 8 पास है और शशांक उर्फ शशी कक्षा 12 पास है।

# तेलीबाग बाजार में एलडीए की ओर से सैकड़ों व्यापारियों को नोटिस दिए जाने से व्यापारी आक्रोशित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में ,तेलीबाग मार्केट में व्यापारियों ने की बड़ी बैठक

लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा तेलीबाग बाजार के सैकड़ो व्यापारियों को उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा के अंतर्गत कार्रवाई किए जाने की नोटिस दिए जाने से आक्रोश व्याप्त हो गया।

नोटिस के खिलाफ एकजुट होते हुए तेलीबाग मार्केट के व्यापारियों ने ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, तेलीबाग बाजार ''के तत्वाधान में तेलीबाग बाजार में व्यापारियों की एक बड़ी बैठक आयोजित की जिसमें सैकड़ो की संख्या में व्यापारी शामिल हुएबैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित हुए तेलीबाग के व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सालों साल पुराने भवनों से मानचित्र की मांग किए जाने की नोटिस दिये जाने की जानकारी दी व्यापारियों ने बताया अनेक भवन 50 साल पहले के बने हुए हैं ,कुछ भवन 30- 40 साल पहले के बने हुए हैं, कुछ भवन 15 साल पहले के बने हुए हैं ऐसे में सालो साल पुराने भवनों से मानचित्र मांगने का कोई औचित्य नहीं है व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता से कहा जिस समय यह भवन बन रहे थे उस समय लखनऊ विकास प्राधिकरण विभाग एवं विभाग के अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया उसी समय विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए थी लेकिन अब जब व्यापारियों ने इन भवनों में अपनी दुकान खरीद ली है और अपना व्यापार करके जीविकोपार्जन कर रहे हैं ऐसे में व्यापारियों को सीलिंग का नोटिस देना अन्यायपूर्ण हैप्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा जो बाजारे स्वाभाविक रूप से जनता की आवश्यकता अनुसार 90% से अधिक व्यवसायिक प्रयोग में आ रही है।

इन बाजारों को सरकार को स्वयं मार्केट स्ट्रीट घोषित करना चाहिए उन्होंने कहा इस संबंध में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल तेलीबाग बाजार में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक हस्ताक्षर अभियान चला कर व्यापारियों की मांग का ज्ञापन तैयार कर ,क्षेत्रीय विधायक ,रक्षा मंत्री ,नगर विकास मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर उनसे तेलीबाग बाजार को मार्केट स्ट्रीट घोषित किए जाने की मांग करेंगे तथा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा साथ ही साथ लखनऊ की अन्य बाजार जैसे कपूरथला, पत्रकारपुरम ,सीतापुर रोड इन बाजारों को भी मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाना चाहिएतथा जिस प्रकार से अनेक कालोनियों को नियमित किया जाता है उसी प्रकार से तेलीबाग बाजार के 15 साल से अधिक बने हुए पुराने भवनों को भी नियमित किया जाना चाहिए तथा जोनल प्लान और मास्टर प्लान में भी बदलाव कर तेलीबाग मार्केट को मार्केट स्ट्रीट के रूप में शामिल किया जाना चाहिए प्रदेश संजय गुप्ता ने कहा इस संबंध में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल आवश्यकता पड़ने पर सड़कों पर उतर कर भी संघर्ष करेगा व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा किसी भी कीमत पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा उन्होंने कहा वैसे ही परंपरागत व्यापारी बहुत परेशान है ऐसे में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई का नोटिस दिए जाना व्यापारियों को परेशान करने जैसा हैबैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की तेलीबाग इकाई के अध्यक्ष राजन मिश्रा , तेलीबाग महामंत्री राजू बाजपेई ,कोषाध्यक्ष राजेश चावला, आलोक गोयल, आंचल साहू ,अशोक गुप्ता ,संदीप यादव, गोकरन नाथ यादव ,सुनील कुमार, हिमांशु शुक्ला ,संत कुमार यादव, अंकुर मिश्रा ,लक्ष्मी नारायण यादव, सुभाष अग्रवाल ,शेर अली ,बजरंग लोधी ,रिंकू सिंह ,राजेश मिश्रा, विनय सूदन, सचिन मिश्रा,प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,वरिष्ठ व्यापारी नेता मनीष पांडे सहित तेलीबाग बाजार के सैकड़ो की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक की जयंती पर सपा नेताओं ने आयोजित की गोष्ठी

❒ सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खां की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय पर चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई।

इस दौरान पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और गोष्ठी आयोजित कर सम्राट अशोक के व्यक्तित्व पर चर्चा की। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्व के सभी महान एवं शक्तिशाली सम्राटों एवं राजाओं की पंक्तियों में हमेशा शीर्ष स्थान पर ही रहे हैं। सम्राट अशोक भारत के सबसे शक्तिशाली एवं महान सम्राट हैं। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सम्राट अशोक ने सड़कों, अस्पतालों, विश्राम गृहों और कुओं का निर्माण कराया। उनके शासन में कला और वास्तुकला का बहुत विकास हुआ। पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू ने कहा कि सम्राट अशोक के ही समय में 23 विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई थी। जिसमें तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, कंधार आदि विश्वविद्यालय प्रमुख थे। इस दौरान सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, अवधेश कुमार पाल, सत्येंद्र यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, दुर्गेश कुमार, हफीज अंसारी, प्रसून कुमार कनौजिया, मानवेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह, आयुष यादव, प्रभात कुमार, हरिराम वर्मा, असलम खान, बबल किशोर, आरिफ खान, तैय्यब खां, रिजवान खान, सिद्दीक खान, रवि प्रकाश पांडे, अनिल भास्कर, सुनील जाटव, फराज इदरीसी, महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, अंजली वर्मा, सविता कटारिया, पार्वती सैनी, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# जवाहरपुर चीनी मिल का पेराई सत्र आज होगा समाप्त

❒ किसानों से शाम 5 बजे तक गन्ना आपूर्ति करने की अपील, मिल प्रबंधन ने जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जनपद स्थित डालमिया भारत शुगर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड की यूनिट जवाहरपुर का पेराई सत्र 2025-26 शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा। सत्र समापन को लेकर मिल प्रशासन द्वारा पिछले एक सप्ताह से गांव-गांव जाकर गाड़ियों के माध्यम से एनाउंसमेंट कर किसानों को समय से गन्ना आपूर्ति करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

चीनी मिल प्रबंधन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने सप्लाई योग्य गन्ने की आपूर्ति 27 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक हर हाल में कर दें। निर्धारित समय के बाद गन्ने के अभाव में मिल का संचालन बंद कर दिया जाएगा। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक कुलदीप कुमार ने पेराई सत्र के दौरान किसानों द्वारा गुणवत्तापूर्ण गन्ने की निर्बाध आपूर्ति के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी किसान इसी तरह सहयोग करते रहेंगे। साथ ही उन्होंने किसानों से गन्ने की फसल की बेहतर देखभाल करने, विशेष रूप से पेड़ी गन्ने में निराई-गुड़ाई व संतुलित उर्वरकों के प्रयोग पर जोर देने की अपील की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (गन्ना) आजाद सिंह ने किसानों को अधिक से अधिक गन्ना बुवाई के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को गन्ना बीज की आवश्यकता हो, वे तत्काल चीनी मिल या गन्ना कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी जवाहरपुर चीनी मिल के मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह ने जानकारी साझा की है।

# बालिकाओं को सुरक्षा, कानून व आत्मनिर्भरता की दी गई जानकारी

❒ कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनसे उनकी समस्या पूछी गई और उनके निराकरण को लेकर उन्हें जागरूक किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के तहत दिशा-निर्देशन में मिशन शक्ति कार्यक्रम फ़ेज 05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत श्री अखंड आचार्य स्वामी अच्युतानंद इंटर कॉलेज कस्बा नैमिष व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गोंडालामऊ से बालिकाओं को बुलाकर मिशन शक्ति कार्यालय में जागरूक किया गया।

पुलिस ने इस दौरान मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं व टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। 1090( वूमेन पावर हेल्प लाइन नम्बर) 1076(मुख्य मंत्री हेल्प लाइन नम्बर) 1098(चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर) 112, 102, 108, 181, 1930 आदि नंबरों की जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, राष्ट्रीय पोषण मिशन , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं पर हो रहे अपराध से अवगत कराया गया व उनकी समस्या का निवारण किया गया। बालिकाओं की काउंसलिंग कर उनसे उनकी समस्या पूछी गई। मिशन शक्ति के कार्यालय में उपयोग होने वाले रजिस्टरों की जानकारी दी गई व बालिकाओं को संपूर्ण थाने का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी गणउ 0नि0 प्रशांत सिंह आरक्षी रॉबिंस कुमारमहिला आरक्षी अपूर्वा दीक्षित

## मेगा क्रेडिट कैंप में 25 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में योगी सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को एक मेगा क्रेडिट कैंप का जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि ज़िला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजपा ज़िलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।कैंप का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति प्रदान कर स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। कैंप में जनपद के विभिन्न बैंकों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। जनपद की समस्त बैंकों की शाखाओं की सहभागिता से विभिन्न योजनाओ के अंतर्गत ऋण स्वीकृत एवं वितरित किए गए।

## शहीद दिवस पर दीपदान कर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

बिसवां,सीतापुर । शहीद दिवस के अवसर पर नगर के जोशी टोला मोहल्ले में सोमवार की देर शाम हिंदू जागरण मंच, सीतापुर द्वारा देश के अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दीपदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के चित्र दीप दान कर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया।इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक शिवांशु पांडे रोहित ने कहा कि आज ही के दिन अमर शहीदों को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गई थी। उन्होंने कहा कि इनका जीवन संघर्ष, त्याग और देशभक्ति का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के जीवन चरित्र को आत्मसात करें और देशहित में कार्य करने की भावना विकसित करें। कार्यक्रम में जिला सहसंयोजक सौरभ जोशी, सुधांशु मिश्रा, विभव अवस्थी, ऋषभ अवस्थी, बबलू अवस्थी, दीपक दीक्षित सहित बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों और शहीदों को दीप दान कर श्रद्धांजलि के साथ किया गया।

# फर्जी बैनामा कराने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार करके कृषि भूमि का फर्जी बैनामा कराने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।बीती 22 जनवरी 2026 को थाना पुवायां क्षेत्र के गांव नत्थापुर निवासी रामचन्द्र ने कोर्ट के माध्यम से गांव रामचरन पुत्र रामलाल, विट्टा देवी पत्नी रामचरन, जेवां गांव के वीरेश सिंह पुत्र उदयवीर सिंह, गांव गंगाई के रामेन्द्र पुत्र मूलचन्द्र और राजपाल पुत्र मूलचन्द्र पर धोखाधड़ी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

आरोप था कि उक्त लोगों ने कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार करके उसकी कृषि भूमि बैनामा करा लिया है। इसी क्रम में आज थाना पुवायां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गंगसरा हाइवे पर नत्थापुर मोड़ से अभियुक्त रामचरन पुत्र रामलाल गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रामचरन को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के साथ कास्टेवल प्रवीण कुमार मौजूद रहे।

## 28 मार्च को फातिमा शेख के जीवन व शिक्षा में योगदान पर सेमिनार

सीतापुर । भारत एजुकेशनल वेलफ़ेयर ट्रस्ट, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी (उ0प्र0 सरकार) के सहयोग से आगामी 28 मार्च (शनिवार) को फातिमा शेख के जीवन और शिक्षा में उनके योगदान विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. आलमीन अली (अध्यक्ष, भारत एजुकेशनल वेलफ़ेयर ट्रस्ट) ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेमिनार राजकीय महिला महाविद्यालय शेखसराय में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। सेमिनार में महान शिक्षाविद फातिमा शेख के जीवन, संघर्ष और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संयोजक के रूप में मोहम्मद अनीस (निदेशक, तकनीकी शिक्षा संस्थान, लखनऊ) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शौकत अली (सचिव, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी) सहित अनेक शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।आयोजक डॉ. आलमीन अली ने सभी शिक्षाविदों, छात्रों एवं आमजन से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# डीएसी नंबर के नाम पर गैस वितरण में गड़बड़ी,दिनभर भटक रहे उपभोक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। रामनगर लहबड़ी स्थित रामचंद्र चौधरी इंडेन गैस वितरकपर इन दिनों अव्यवस्थाओं का आलम देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को डीएसी (DAC) नंबर के नाम पर घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। बावजूद इसके उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग के बाद भी उनका डीएसी नंबर ल्लपेंडिंगङ्क दिखाया जा रहा है,जिसके कारण एजेंसी कर्मी सिलेंडर देने से मना कर देते हैं। दूर-दराज गांवों से आए लोग सुबह से शाम तक एजेंसी परिसर में सुबह से शाम तक बैठे रहते हैं।लेकिन अंत मे निराश होकर बिना गैस लिए ही वापस लौट जाते हैं।स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर नियमों का समान रूप से पालन नहीं हो रहा है।गैस वितरण में भेदभाव और अव्यवस्था से क्षेत्र के लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## तेंदुए के हमले में मासूम की मौत, सपा नेता पहुंचे परिजनों के घर

लखीमपुर खीरी। थाना सिंगाही क्षेत्र के अयोध्या पुरवा सिधौना स्थित फुटहा फार्म में तेंदुए के हमले में 7 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत के बाद इलाके में शोक की लहर है। घटना की जानकारी मिलते ही सपा नेता चौधरी हिमांशु पटेल शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान वह मौके पर चल रहे धरने में भी शामिल हुए और मौजूद अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन अधिकारियों से दिलवाया। सपा नेता ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते मूवमेंट पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की उठी मांग।

# पंचायत वासियों को लुभा रही अमृत वाटिका सेल्फी प्वाइंट




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर। विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत सरौरा कला में प्रधान सचिव ने मिलकर सरकार की मंशा को गौरवान्वित किया है। पंचायत वासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। आधुनिक पर्यावरण को देखते हुए प्राकृतिक वातावरण को शुद्ध करने के लिए पंचायतों में अमृत वाटिका का निर्माण होना बेहद महत्वपूर्ण है। पंचायत में डॉ भीमराव अंबेडकर स्थल के प्रांगण को हरे भरे पेड़ों से सजाकर अमृत वाटिका एवं सेल्फी पॉइंट गांव के लोगों को काफी लुभा रहा है। ग्राम पंचायत के लोगों में काफी खुशी देखने को मिल रही है गांव वालों का यह भी कहना है कि अभी तक सेल्फी प्वाइंट जैसी चीज शहर में देखने को मिलती थी लेकिन सचिव और प्रधान ऑन के अथक प्रयाग से यह सब अच्छे कार्य हो रहे हैं ग्राम पंचायत में व क्षेत्र में अच्छे कार्य की प्रशंसा हो रही है।

## देवरीकैल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** द्वारा ग्राम-देवरीकैल, ब्लाक-गोंदलामऊ, तहसील-सिधौली, सीतापुर में विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एससीएसपी) के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिनिधि प्रमुख क्षेत्र पंचायत श्रीमती किरन अर्कवंशी , प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य लज्जा देवी, ग्राम प्रधान शैलेन्द्र कुमार शाखा प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक गोंदलामऊ गयाप्रसाद तिवारी एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा उपस्थित होकर अपने स्तर से सरकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को प्रदान की गयी। कार्यालय की ओर से उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना , माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के बारे में विधिवत जानकारी दी गयी।

## राजाकरनाई विद्यालय में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह धूमधाम से सम्पन्न

**बिसवां, सीतापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय राजाकरनाई में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, जिसके माध्यम से छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और सहयोग करने की अपील की।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र दीक्षित ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय ही छात्रों की मजबूत नींव तैयार करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की रुचि एवं क्षमता के अनुसार शिक्षण कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। अंत में बच्चों को भावभीनी विदाई दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय ने किया।इस अवसर पर अनवर हुसैन शैवी अवस्थी, शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रमोद कुमार, जमील अंसारी, सुनील बाजपेई, अनूप भारती, सर्वेश वर्मा, मनीष शर्मा, वंदना वर्मा, स्नेहा गौतम, मीनू रावत, सुनीता वर्मा, नीलम कुमारी, जिया अंसारी, असलम मास्टर, रामकुमार वर्मा विजय अवस्थी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत, चालक फरार



**नैमिषारण्य, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना इलाके में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया जिसमेंऑटो की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। बताते चलें कि नैमिषारण्य थाना इलाके के घैला गाँव निवासी जगदीश (18) साइकिल से किसी काम हेतु निकला था रास्ते में पियना चौराहे के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई।मौके पर स्थानीय लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई, आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। घटना के बाद ऑटो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है एवं वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर मकान में घुसा, दो घायल



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भूलनपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सीधे एक मकान में जा घुसा।इस हादसे में घायल हुए दोनों युवक भनवापुर निवासी दिनेश कोटेदार के बेटे बताए जा रहे हैं, जिनकी पहचान मयंक और अतुल के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दे दी गई है।?? हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है, फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एन्टी रोमियो अभियान के तहत अश्लील हरकते करते एक गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष ईसानगर के नेतृत्व में सार्वजनिक स्थानों /स्कूल कालेजों के पास अश्लील हरकते करने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति / एन्टी रोमियो के तहत चलाये जा रहे अभियान में आज थाना ईसानगर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 114/2026 धारा 296 बीएनएस में अभि 1. जाहिद अली पुत्र साबिर अली नि0 मिर्ज़ापुर (मल्लापुर) थाना ईसानगर जिला खीरी को कस्बा ईसानगर मस्जिद के पास अश्लील हरकतें करते हुए गिरफ्तार किया गया ।

# सम्राट अशोक की जयंती पर शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

❒ सम्राट अशोक न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद हिंसा का त्याग कर विश्व को शांति, करुणा और बंधुत्व का संदेश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी ने निगोही रोड पर अशोक बिहार स्थित अशोक पार्क में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित से हुआ।

इस दौरान पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सम्राट अशोक न केवल एक कुशल प्रशासक थे, बल्कि उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद हिंसा का त्याग कर विश्व को शांति, करुणा और बंधुत्व का संदेश दिया। उनके द्वारा स्थापित 'धम्म' आज के आधुनिक समाज में भी अत्यंत प्रासंगिक है। राजकीय इंटर कॉलेज परसौना के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि सम्राट अशोक ने शिलालेखों के माध्यम से जो नैतिक मूल्य सिखाए, वे आज भी हमें एक न्यायपूर्ण समाज बनाने की प्रेरणा देते हैं। डॉ अंबेडकर मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष भगवंत राम ने द अशोका लाइब्रेरी के सदस्यों व युवाओं का आह्वान किया कि वे सम्राट अशोक के इतिहास को पढ़ें और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारें। गोष्ठी में एसपी कॉलेज के वाणिज्य प्रवक्ता बुधपाल सिंह, अशोक बिहार विकास एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र वर्मा, शिक्षक अखिलेश गौरव, चंद्रपाल संखवार, प्रियांशु, रजनी देवी, अनीता वर्मा, विमला बौद्ध आदि लोग मौजूद रहे।

# एआरटीओ की खनन माफिया के खिलाफ करवाई, मुकदमा दर्ज

❒ प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं अन्य प्रवर्तन दल के सदस्यों ने फैजगंज बेहटा के आसफपुर में चलाया अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय के निर्देशानुसार फैजगंज बेहटा के अन्तर्गत आसफपुर क्षेत्र में अवैध खनन वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं अभियान के दौरान रामपुर सीमा के नजदीक ग्राम आसफपुर में तीन ट्रेलर जिसमें अवैध रूप से क्षमता से अधिक खनन भरा हुआ था, उनको मार्ग पर चलते हुए रोका गया, जिसमें से एक ट्रेलर जिस पर पंजीयन संख्या प्रदर्शित नहीं था चालक तीव्र गति से भागा ले गया, शेष अन्य दो वाहनों को तीव्र मोड़ पर गाड़ी दौड़ाकर रोक लिया गया, वहींरं चालक से बिल्टी एवं धर्मकॉटे की पर्ची एवं ड्राईविंग लाईसेंस एवं अन्य प्रपत्र माँगने पर नहीं दिखाया गया।

प्रवर्तन पर्यवेक्षक एवं अन्य प्रवर्तन सिपाही को दोनों वाहनों में बैठाकर आसफपुर चौकी लाने लगे, उसी समय कुछ खनन माफिया जिन्होंने अपनी गाड़ी नंबर प्लेट ढकी हुयी थी, वह पकड़े हुए वाहनों के पास आ गये। एआरटीओ द्वारा अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए पुलिस सहायता हेतु डायल 112 पर फोन किया गया, वाहन आसफपुर चौकी पर पहुंचने पर डायल 112 के कर्मी भी मौके पर पहुंच गये, जिसके क्रम में वाहन को क्षमता से अधिक खनन ढोने (ओवरलोड) के अभियोग में धर्मकोंटे की पर्ची के अनुसार चालान दर्ज करते हुए चौकी आसफपुर थाना फैजगंज बेहटा में सीज किया गया। वाहन स्वामी शिव कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम कनौरा बाजपुर, उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड व अंकुर कुमार पुत्र छयीपाल सिंह निवासी मिलक पंडित नगला, थाना कटघर जनपद मुरादाबाद द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान तथाकथित का हवाला देते हुए धमकाकर वाहनों को छोड़ने का दबाव बनाया गया, ऐसा न करने पर झूठी शिकायत शोसल मीडिया पर बिना किसी साक्ष्य के प्रसारित करने हेतु कहा गया।वहीं उक्त दोनों वाहनों पर एआरटीओं द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वाहन का जुर्माना लगाया गया, कार्यवाही से उग्र होकर अंकुर कुमार पुत्र छयीपाल सिंह निवासी मिलक पंडित नगला, थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, शोर शराबा करने लगा एवं लोकल व्यक्तियों को इकट्ठा करने लगा साथ ही धमकाया गया कि इस बार तो आपने धोखे से चकमा देकर गाड़ी पकड़ ली, लेकिन दोबारा ऐसा किया तो वाहन ऊपर चढ़ाकर भाग जाएंगे, रोड पर हड्डी भी नहीं मिलेगी। उनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक के साथ अभद्रता करने एवं सरकारी अधिकारी कर्मचारी को मारने की धमकी देने पर एआरटीओ द्वारा थाना फैजगंज बेहटा में मुकदमा दर्ज कराई गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया है कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है, विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है।

# मजार पर चादर चढ़ाने को लेकर विवाद, तोड़फोड़ पथराव, एक दर्जन से अधिक हिरासत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ दो पक्षों के विवाद और तोड़फोड़ के दौरान मजार की दीवार ढह गयी जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई

बदायूं। गांव हिंडौर में बृहस्पतिवार को मजार पर चादर चढ़ाने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। पथराव और तोड़फोड़ की गई। इस दौरान मजार की दीवार भी गिर गई। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है।

आपको बता दें कि थाना सहसवान क्षेत्र के गांव हिंडौर में बृहस्पतिवार को मजार पर चादर चढ़ाने को लेकर एक के ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते झड़प में बदल गया। दोनों तरफ से पथराव किया गया। इस दौरान मजार की दीवार भी ढह गई। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया। दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। सहसवान थाने के प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, ग्राम हिंडौर में असलम पुत्र अख्तर के सहखातेदार मंजर पुत्र अख्तर, मुझक्किर पुत्र हाडे अली, अतहर पुत्र अफसर व मुताहिर पुत्र अफसर ने अपनी जमीन दूसरे पक्ष के असलम पुत्र इस्माइल को विक्रय कर दी थी। इसी जमीन पर एक पुरानी मजार बनी हुई है, जो असलम के घर से सटी हुई है और जिसका प्रवेश द्वार भी उनके घर की ओर है। वहीं मजार की चारदीवारी भी कुछ वर्ष पूर्व असलम ने ही बनवाई थी। बृहस्पतिवार को मजार पर चादर चढ़ाने को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। तोड़फोड़ और पथराव किया गया। विवाद के दौरान मजार की दीवार गिर गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल कई लोगों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, गांव में शांति व्यवस्था कायम है और एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

# कस्तूरबा गांधी की रसोइया बनीं छात्राएं चूल्हे पर रोटी सेंकते,वीडियो वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। सालारपुर ब्लाक क्षेत्र गांव मोंगर में बने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें पढ़ने वाली छात्राओं से खाना बनवाया जा रहा है। जिससे बच्चों की पढ़ाई ही न प्रभावित हो रही है बल्कि शिक्षक और शिक्षिकाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि अभिवावक अपने बच्चों को विद्यालय में पढ़ने के लिए भेजते हैं जहां उनसे खाना बनवाया जा रहा है।

अभिवावकों का कहना है कि ऐसे लापरवाह शिक्षकों और शिक्षिकाओं पर कार्यवाही की जाए जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहें। विद्यालय में रसोईया तैनात है जिसके बाबजूद भी बच्चों से सिलेंडर चूल्हे पर रोटी सिंकवाई जा रही है। वीडियो में रसोईया पास मे बैठी है और बच्चे कल पेपर होने की बात कह रहे हैं कि कल बंद गोभी बनेगी कहते नजर आ रहे हैं। इस विद्यालय में पहले भी बच्चों से झाड़ू और सफाई कराने का वीडियो वायरल हो चुका है हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते हैं कब का हैं और किसने बनाया हैं। फिलहाल सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से चर्चाओं का बाजार गर्म हैं। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय में पहुंचकर जांच की गई लेकिन कार्रवाई के नाम पर जीरो केवल कागजों में सिमट कर जांच रह गई ।

# आरोपी अजय प्रताप सिंह के चार भाइयों पर एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ आरोप है कि कंपनी में ही काम करने वाले एक कर्मचारी पर इन लोगों ने पिछले साल चार दिसंबर को पिटाई करते हुए जानलेवा हमला किया था

❒ आरोप है कि तत्कालीन थानेदार व हलका चौकी इंचार्ज ने भी पीड़ित की सुनवाई करने की जगह आरोपियों का ही साथ दिया

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या करने के आरोपी अजय प्रताप सिंह के साथ उसके चार भाइयों पर भी पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। आरोपी अजय समेत उसके चार भाइयों के खिलाफ जानलेवा हमले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में बीते 12 मार्च को दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह समेत उसके परिवार के चार भाइयों के खिलाफ मूसाझाग पुलिस ने बुधवार देर रात एक और केस दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी में ही काम करने वाले एक कर्मचारी पर इन लोगों ने पिछले साल चार दिसंबर को पिटाई करते हुए जानलेवा हमला किया था। पीड़ित ने शिकायत की तो पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। अब जांच में यह मामला सामने आने के बाद कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस के मुताबिक, राहुल मिश्रा एचपीसीएल के सैजनी प्लांट में बतौर कर्मचारी काम करते थे। इस दौरान उनका अजय प्रताप सिंह से कोई विवाद हो गया था। इसके बाद अजय प्रताप सिंह ने अपने भाइयों के साथ मिलकर राहुल मिश्रा पर चार दिसंबर को जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियार से हमले में राहुल का सिर फट गया व गंभीर चोट पहुंची थी। यही नहीं, आरोपियों ने राहुल को धमकी दी थी कि यदि शिकायत लेकर थाने गए तो जान से मार देंगे। फिर भी वह थाने की तरफ बढ़े तो राहुल को रास्ते में भी रोका था। इसके बाद राहुल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने उसे अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया था। लेकिन, ऊंची पहुंच के चलते आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

तत्कालीन थानेदार व हलका चौकी इंचार्ज ने भी पीड़ित की सुनवाई करने की जगह आरोपियों का ही साथ दिया। पीड़ित ने कंपनी में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। अब एसएसपी के स्तर से बनाई गई एसआईटी की जांच में यह मामला सामने आया है। सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय की निगरानी वाली यही एसआईटी इस मामले की जांच करेगी। मूसाझाग थाने के इंस्पेक्टर वीरेंद्र तोमर ने बताया कि बुधवार रात आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके भाइयों अभय, केशव, चंद्रशेखर, शिवम के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य आरोपों में गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। ऐसे में पुलिस अब इन सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है।

वहीं सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी अजय प्रताप सिंह ने अपने भाइयों के साथ मिलकर कंपनी के एक कर्मचारी पर बीते साल दिसंबर माह में जानलेवा हमला किया था, जांच में यह बात सामने आई है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मूसाझाग पुलिस ने इस मामले में अजय समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सभी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे 1322 ने गंवाई जान

**संभल, चन्दौसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद की सड़कों पर रफ्तार अब खामोश कातिल बन चुकी है। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बीते पांच सालों के आंकड़े इस भयावह हकीकत को बयां करते हैं। साल 2021 से फरवरी 2026 तक 1954 सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें 1322 लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जा चुकी है। जबकि 1482 लोग घायल हुए हैं। मार्च 2026 में ही 15 से अधिक लोगों की मौत ने स्थिति की गंभीरता को और उजागर कर दिया है।

## पति-पत्नी के विवाद में पति ने लगाई फंासी

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मीरा सराय में काशीराम आवास कॉलोनी में राजीव वर्ष 35 ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली,वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम कराया, वहीं लोगों का कहना है कि मृतक राजीव की दूसरी शादी हुई थी जिसको लेकर विवाद आए दिन होता रहता था, और पहली पत्नी राजीव को तलाक दिया था, वहीं पुलिस अपनी जांच पड़ताल में लगी हुई है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## नगर पंचायत रुदायन में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरकार द्वारा नामित सदस्यों को समारोह पूर्वक शपथ दिलाई गई, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप जिलाधिकारी बिल्सी विनोद कुमार सिंह ने नगर पंचायत रुदायन प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद डॉ रजनी गुप्ता, विद्या रतन चौधरी, एवं श्रीपाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, समारोह पूर्वक आयोजित कार्यक्रम में शपथ से पूर्व भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने सभी नामित सदस्यों एवं उप जिलाधिकारी बिल्सी का फूल मालाओं से स्वागत किया, इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता,पंडित भगवान स्वरूप शर्मा, जीवन दत्त शर्मा, रवेंद्र शर्मा, सुनील गुप्ता ''सनी'',मालती देवी, विष्णु गुप्ता, मृदुल गुप्ता डॉ अजीत मोहन, देवेंद्र सक्सेना, चुनमुन गुप्ता,हरि शंकर, ओम प्रकाश दारोगा, पदम गुप्ता, समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## परिजनों का आरोप बाहुबली नेता के गुंडो ने कराई हत्या, कार्रवाई की मांग

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एचपीसीएल प्लांट के अधिकारी के परिजन फिर बदायूँ पहुँचे, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वहां के स्थानीय बाहुबली नेता के गुंडों ने की हत्या, उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा के परिजन एसएसपी अंकिता शर्मा से की मुलाकात, परिजनों की एसएसपी से एक घण्टे तक हुई वार्ता, वहीं परिजनों ने बताया कि एसएसपी ने भरोसा दिया कि कोई भी कितना ताकतवर हो, दोषी हुआ तो जाएगा जेल, वहीं परिजनों एसएसपी से मुलाकात कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

## वीणा के समवेत स्वरों से झंकृत हुआ श्रीराम मन्दिर

**अयोध्या, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राम नगरी अयोध्या में दर्जनों वीणा के मधुर समवेत स्वर से गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का सम्पूर्ण परिसर झंकृत हो उठा। हैदराबाद के सरकारी संगीत और नृत्य कालेज से पधारी 74 संगीत साधिकाओं ने वीणा के समवेत स्वर से प्रभु श्रीराम की आराधना की।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल ने बताया कि प्राचार्य पी.जयालक्ष्मी के नेतृत्व में आई इन साधिकाओं ने संगीत स्तुति के उपरान्त भगवान श्रीराम का दर्शन पूजन किया।

## गोरखपुर में 27 व 28 मार्च को गूंजेगा वैश्विक एआई मंथन, 26 देशों के 200 विदेशी छात्र होंगे शामिल

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रकल्प वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ , दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा मेटा के संयुक्त तत्वावधान में 27 व 28 मार्च को महायोगी गुरु गोरक्षनाथ शोध पीठ में 'ग्लोबल ए.आई. कॉन्फ्लुएंस 2026' का आयोजन हो रहा है। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन गोरखपुर को वैश्विक शैक्षिक एवं तकनीकी मानचित्र पर एक नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम में बांग्लादेश, श्रीलंका, खाड़ी देशों, नाइजीरिया सहित विश्व के 26 देशों के 200 से अधिक विदेशी विद्यार्थी, जो भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं, प्रतिभागी के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। विविध संस्कृतियों, विचारों और अनुभवों का यह संगम आयोजन को विशेष गरिमा और भव्यता प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के वर्तमान परिदृश्य, इसके तीव्र विस्तार, वैश्विक प्रभाव तथा भविष्य की असीम संभावनाओं पर गहन एवं व्यापक मंथन किया जाएगा।कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, आई.आई.टी. भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश तथा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन की उपस्थिति रहेगी। 'ग्लोबल ए.आई. कॉन्फ्लुएंस 2026' की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एंड यूथ की राष्ट्रीय संयोजिका निखिता रेड्डी ने बताया कि 'ग्लोबल ए.आई. कॉन्फ्लुएंस 2026' केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर विद्यार्थियों के बीच ज्ञान, नवाचार और सांस्कृतिक समन्वय का एक सशक्त मंच है।

## जौनपुर में दो परियोजनाओं में 279.64 लाख की स्वीकृति, मंदिर विकास व गौशाला निर्माण को मिलेगी रफ्तार

**जौनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता** ।यूपी के जौनपुर के विकास और सांस्कृतिक उत्थान को गति देने के उद्देश्य से नगर विधायक एवं खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए कुल 279.64 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कराई है। इन परियोजनाओं में धार्मिक स्थल के विकास के साथ-साथ निराश्रित पशुओं के संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है।पहली परियोजना 'वंदन योजना' के तहत मियापुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर के विकास के लिए 113.75 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई है। गोमती तट पर स्थित यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। लंबे समय से स्थानीय लोग मंदिर के जीर्णोद्धार और सुविधाओं के विस्तार की मांग कर रहे थे, जिसे अब स्वीकृति मिलने से जल्द पूरा किया जाएगा।दूसरी प्रमुख परियोजना के तहत 165.89 लाख रुपये की लागत से सदर तहसील के डेरायुसूफ (परगना हवेली) में आधुनिक कान्हा गौशाला का निर्माण किया जाएगा। इस गौशाला में लगभग 500 गौवंशों के रहने के लिए शेड, वेटरनरी क्लिनिक, चारा गोदाम और बायोगैस प्लांट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे निराश्रित पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिलने के साथ ही गौ-संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने बताया कि इन परियोजनाओं को योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में स्वीकृति मिली है, जिससे जौनपुर की धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विंध्यवासिनी धाम में महाअष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, चार लाख श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर । चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी पर मां विंध्यवासिनी के दरबार में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह मंगला आरती के बाद कपाट खुलते ही देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा। अनुमानित चार लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।मंदिर परिसर जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालु नया वीआईपी मार्ग, पक्का घाट व जयपुरिया गली से कतार में लगकर गर्भगृह तक पहुंचे, जबकि गेट नंबर तीन कोतवाली मार्ग से झांकी दर्शन करते रहे। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु नारियल, चुनरी, माला-फूल व प्रसाद लेकर घंटों कतार में खड़े होकर दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने महाकाली व अष्टभुजा का भी पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी की। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। पुलिस, पीएसी, एटीएस व खुफिया एजेंसियां तैनात रहीं। वीआईपी दर्शन के लिए भीड़ दिनभर बनी रही, हालांकि बिना प्रोटोकॉल के प्रवेश नहीं मिला। वहींमंदिर की छत पर स्थानीय पुरोहितों के साथ बिहार, झारखंड व मध्य प्रदेश से आए साधकों ने नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती व चंडी पाठ का अनुष्ठान किया। कई श्रद्धालु मोबाइल व वीडियो कॉलिंग के जरिए भी संकल्प लेकर पूजन में शामिल रहे। नवमी पर पूर्णाहुति के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा।

# रोड किनारे ठेले-खेमचे गरीबों पर कार्रवाई ठेकेदार पर मेहरबानी, साहब चर्चाओं में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के इंदिरा चौक से डॉ मंजू वर्मा की ओर जाने वाला रोड इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है,आपको बता दें कि रोड किनारे लग रहे ठेले-खेमचे गरीब, मजदूरों पर थाना सिविल लाइन पुलिस का रात में चला हंटर, वहीं तीन युवकों को थाने लाकर, रात भर थाने में बिठाकर सुबह कार्रवाई कर पुलीस ने एक बड़ा कीर्तिमान हासिल किया है, वहीं आपको बता दें कि लंबे समय से लग रहे फूड कॉर्नरो पर कार्रवाई होना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन ठेकेदार को बचाना और उस पर कार्रवाई न करना,अब सिविल लाइन पुलिस पर सवालिया निशान पैदा हो रहा है, जो ठेकेदार पैसे लेकर फुटपाथ बेच रहा है, उस पर सिविल लाइन पुलिस की न तो नजर गई और न ही कार्रवाई के लिए कलम चली, वहीं पुलिस ने राजेश, सौरभ देवल,अन्नबरसन रोड जाम कर और सरकारी फुटपाथ पर ठेला लगाना आदि चीजों पर कार्रवाई की है। वहीं चर्चा यह भी है कि सिविल लाइन पुलिस ने ठेकेदार को बचा रही है, और कार्रवाई के नाम पर केवल अधिकारियों को गुमराह कर रही है। वहीं सूत्रों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व थाना सिविल लाइन क्षेत्र का सबसे बड़ा सटोरिया एक आरोपी को छुड़वाने आया था, और आर्थिक साथ-गांठ कर उसे थाने से लेकर गया। वहीं इन दोनों थाने के एक साहब एक विशेष व्यक्ति की जीहजूरी में लगे हुए हैं। वहीं क्षेत्र में ऐसी घटना होना पुलीस के लिए आम बात है। वहीं एसपी सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी बताया कि नगर पालिका की टीम लगाकर, अभियान चलाया जाएगा, और जो भी ठेकेदार फुटपाथ पर ठेले व खेमचे लगवा रहा है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया जन्म दिवस, लोगों ने लगाई नमो बुद्धाय के नारे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान का जन्मोत्सव संस्था भगवान बुद्ध समाज कल्याण सोसाइटी द्वारा सम्राट अशोक बुद्ध पर्यटन स्थल सूरजकुंड मझिया बदायूं में धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-जयप्रकाश मौर्य (निर्देशक /प्रवक्ता) ने कार्यक्रम आरटीओ निकट सम्राट अशोक परिवर्तन चौक धम्म यात्रा को पंचशील ध्वज दिखाकर रवाना किया धम्म यात्रा में जय सम्राट जय भीम नमो बुद्धाय के नारों के साथ लालपुल होते हुए कलेक्ट होते हुए पुलिस लाइन होते हुए इंदिरा चौक से दातागंज चौराहा होते हुए सूरजकुंड मझिया बदायूं में स्थापित सम्राट अशोक की लाइट पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी भिक्षुओं के साथ बुद्ध वंदना की गई जिसमें कई जगह से बौद्ध विद्वानों ने सहभागिता की मुख्य आचार्य ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डाला, मुख्य अतिथि श्रद्धेय जयप्रकाश मौर्य ने बताया की सम्राट अशोक महान ऐसे ही नहीं हुए उन्होंने उनके राज्य में समय देश विश्व विजेता विश्व गुरु सोने की चिड़िया हुआ करता था व खंड-खंड भारत को एक अखंड भारत बनाया ऐसे महान सम्राट की जन्म जयंती हर वर्ष संतरा के माध्यम से प्रत्येक वर्ष जय शुक्ल पक्ष अष्टमी को सूर्य कुंड में मनाया जाता रहा है और हमेशा मनाया जाएगा वह आज का दिन बहुत ही खुशी का दिन है इस दिन को हर जगह गांव-शहर कस्बा व देश -प्रदेश व जिला तहसील जिला स्तर, ब्लॉक स्तर पर बढ़ चढ़कर मनाई जा रही है हम सभी इसे निरंतर बनाते रहेंगे विशिष्ट/ अतिथि गणेश चंद्र शाक्य प्रधानाचार्य ने कहा आज हमें संकल्प लेना है कि जीत महान शासक की शासन व्यवस्था में किसी व्यक्ति के साथ कोई भेदभाव नहीं होता था तो हम भी कभी किसी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे भारत को पुनः विश्व गुरु,सोने की चिड़िया और विश्व विजेता बनाना है अध्यक्षता कर रहे,श्रद्धेय होमेन्द्र स्वरूप शाक्य बौध्द जी ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम को सफल बनाने में दयाशंकर मौर्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में दयाशंकर मौर्य, विजय प्रताप सिंह, राजवीर सिंह, गणेश चंद्र शाक्य, होमेंद्र स्वरूप बौद्ध, लोकेश शाक्य, रेनू देवी, भैया लाल, जयप्रकाश शाक्य, जयप्रकाश मौर्य, प्रदीप शाक्य प्रधान, प्रमोद शाक्य किसान एकता संघ बदायूं जिला अध्यक्ष हंसराज शाक्य, अशोक शाक्य, आदर्श शाक्य, हेमलता शास्त्री, प्रवेश शाक्य, सर्वेंद्र शाक्य, अर्चना शाक्य, प्रज्ञा शाक्य, सोनी मौर्य ,साहब सिंह बौद्ध, अनमोल कुमार, हर्षित शाक्य, सुलेखा आदि लोग मौजूद रहे।

# महायज्ञ में भाग लें, पाएं पुण्य और लक्ष्मी नारायण की कृपा : श्रीजीयर स्वामी

❒ विप सभापति मानवेंद्र और परिवहन मंत्री दयाशंकर ने स्वामीजी का लिया आशीर्वाद बिहार के परिवहन मंत्री और भोजपुर विधायक को अंगवस्त्र देकर किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अयोध्या । राजघाट अयोध्या में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रीजीयर स्वामी ने प्रवचन के दौरान कहा कि श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में भाग लेने से मनुष्य को महान पुण्य की प्राप्ति होती है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं और पूरे परिवार पर लक्ष्मी-नारायण की कृपा बनी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस दिव्य अनुष्ठान में सहभागिता कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।इसी आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य महायज्ञ में देशभर से श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने यज्ञ स्थल पहुंचकर स्वामी जी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान कई विधायक भी उपस्थित थे। बिहार के परिवहन मंत्री निराला तथा भोजपुर विधायक राधा चरण सेठ को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आकर्षित कर रही यज्ञ स्थल की भव्यता, पूर्णाहुति पर आसमान से बरसेंगे फूल28 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह से देर रात तक भक्त स्वामी जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। दूर से ही यज्ञ स्थल की भव्यता लोगों को आकर्षित कर रही है। यज्ञ को सफल बनाने में वीरेंद्र दुबे, मलू उपाध्याय, राहुल सिंह, कमलेश सिंह, बच्चा दुबे और लक्ष्मण तिवारी सहित कई लोग जुटे हुए हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि पूर्णाहुति के दिन 09 हेलीकॉप्टरों से पुष्पवर्षा की जाएगी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संपूर्ण कार्यक्रम की देखरेख श्री अयोध्या नाथ स्वामी द्वारा की जा रही है।

# संकट में पड़े कारोबारी,कई ठेले वालों की दुकानें बंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । एलपीजी सिलेंडर के लिए मारामारी कम न हीं हो रही है।तकरीबन बीस दिन बाद भी एजेंसि यों और सिलेंडर गोदामों पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइनें नजर आ रही है। इसका सबसे बड़ा असर ठेले-खोमचे के साथ छोटे होटल के कारोबारिओ पर पड़ा है।ठेले खोमचे वाले को सिलेंडर न मिलने से लकड़ी या कोयले की भट्ठी व इंडक्शन चूल्हा ज लाने पर मजबूर है। हालांकि जिला मुख्यालय पर काम करने आने वाले अधिकांश श्रमिक आसपास से आते हैं इसलिए उनके ऊपर गैस सिलेंडर संकट का खास प्रभाव नहीं पड़ रहा है। जिल में कैनविज ने कई गैस एजेंसियों पर पड़ताल की।

## श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी पर आए

उपभोक्ताओं ने कहा कि बुकिंग के बाद भी सिलेंड र नहीं मिल रहा है,यहाँ सिर्फ तारीख पर तारीख मिल रही है,यहां एजेंसी संचालक ने अपनी एजेंसी एक स्कूल के शिक्षक को किराए पर सौंप दिया है,

यही नहीं लोगों ने कहा कि श्री साई सिद्धि भारत गैस एजेंसी की मनमानी पर अफसरों को जांच क राकर कार्रवाई करनी चाहिए।यही नहीं जिला मु ख्यालय से लेकर रूपईडीह,वजीरगंज, रगड़गंज, धानेपुर,कौड़िया,मनकापुर, कटरा बाजार सहित वि भिन्न क्षेत्रों में होटल और फास्ट फूड के ठेले बंद हो गए हैं। या कि जिनका किसी प्रकार कोई जुगाड़ है उन्हीं की दुकानें खुली हैं।सभी ने कहा कि अगर ऐ सा ही रहा तो आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में लो गों के समक्ष रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा जिले में गैस सिलेंडर आपूर्ति सामान्य होने का अ धिकारियों का दवा बेमानी साबित हो रहा है।होली के बीस दिन बीत जाने के बाद भी रसोई गैस के लिए उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर लोगों की कतारें कम नहीं हो रही है।सिलेंडर की कमी के चलते फा स्ट फूड सहित विभिन्न होटलों पर खाने की सामग्रि यों के दाम बढ़ गए हैं।कैनविज टाइम्स की पड़ता ल में सच्चाई सामने आई।जेल रोड पर एक होटल संचालक ने बताया कि एक कोयले की भट्टी मंगवा ई है,किसी तरह ऊंचे दामों में एक सिलेंडर खरीदा है,एक सिलेंडर पांच से छह दिन तक चलता है।हो ली के बाद सिलेंडर आसानी से नहीं मिल रहा है, जिसके कारण खाद्य सामग्री के दाम बढ़ाए गए हैं। यही हाल अन्य होटल और ठेला संचालक का भी है।

## अब घर से लेकर आते है रोटी

जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत से आम आदमी की दुश्वारी बढ़ती जा रही है।इसके अलावा दूर–दरा ज इलाकों से आने वाले सैकड़ों मजदूर जिला मु ख्यालय की सब्जी मंडी,नवीन गल्ला मंडी, पीपल चौराहा और रानी बाजार में पल्लेदारी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं।यह मजदूर सुब ह घर से रोटी लेकर निकलते हैं और बाजार से स ब्जी खरीदकर दोपहर में भोजन करते हैं,जबकि कई मजदूर ठेले–खोमचे और छोटे होटलों पर निर्भ र रहते हैं। गैस सिलेंडर की कमी का सीधा असर इन ठेले और छोटे खाद्य विक्रेताओं पर पड़ा है।सि लेंडर उपलब्ध न होने या महंगा मिलने के कारण कई ठेले–खोमचे वाले दोपहर के समय दुकानें बंद रखने को मजबूर हैं।इससे मजदूरों को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है।ऐसे में महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ता है।स्थिति से निपटने के लि ए कुछ दुकानदारों ने गैस सिलेंडर की जगह अस्था यी भट्ठियां बना ली हैं,जिन पर वे खाद्य सामग्री तै यार कर रहे हैं।

## कोयले की भट्ठी का उपयोग बढ़ा

करनैलगंज क्षेत्र में लगातार रसोई गैस की किल्लत ने अब छोटे–बड़े कारोबारियों को भी भी बदल दि या है।गैस सिलेंडर की अनियमित सप्लाई और लं बा इंतजार व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।ऐसे में कारोबार ठप न पड़े,इसके लिए अब कोयले की भट्ठी सबसे बड़ा सहारा बनकर उ भरी है। हालात यह हैं कि बाजार में डीजल भट्टी और कोयले की भट्टी की मांग अचानक कई गुना बढ़ गई है।ढाबा संचालकों, चाय–नाश्ते की दुकानों, मिठाई कारोबारियों ने गैस की जगह कोयले की भट्ठी का उपयोग तेज कर दिया है,मोतीगंज में स्थि ति चाट के संचालक ने बताया गैस की किल्लत से कारोबार में दिक्कत थी और गैस के भरोसे काम करना मुश्किल हो गया था। वही परसपुर में एक व्यक्ति ने बताया कि फैजाबाद से कोयले की भट्टी लाकर बिना रुकावट के काम करने में मददगार सा बित हो रही है।

## आईटीआई में गैस सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़

शहर के सिविल लाइन आईटी आई मैदान में श्री साई सिद्धि भारत गैस, शिवम भारत गैस, शहीद सत्यवान भारत गैस,एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाता है,जहां उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही थी।गैस सिलेंडर लेने के लिए करी ब दो से अधिक लोग लंबी लाइन में खड़े नजर आ ए स्थिति यह रही कि मौके पर मौजूद पिकअप वा हन से कहीं अधिक संख्या में लोग लाइन में लगे हुए थे,जिससे अव्यवस्था का माहौल बन गया।ला इन में लगे उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्हें का फी देर तक इंतजार करना पड़ा,लेकिन वितरण की रफ्तार धीमी होने के कारण परेशानी बढ़ती गई।क ई लोगों ने बताया कि भीड़ अधिक होने के बावजू द पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई थी,जिससे धक्का–मुक्की जैसी स्थिति भी देखने को मिली।वहीं, कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि समय पर सूच ना न मिलने के कारण अचानक इतनी भीड़ एकत्र हो गई।यदि एजेंसी द्वारा सही तरीके से टोकन व्य वस्था लागू की जाती, तो स्थिति बेहतर हो जाती।

गैस की कमी से आजीविका हुई प्रभावित कौडिया,रुपईडीह क्षेत्र में कमर्शियल गैस कनेक्शन न मिलने के कारण व्यापारियों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस की उपलब्धता न होने से छोटे–बड़े व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं, जिससे व्यापारियों की आजीविका पर भी असर पड़ रहा है।कामर्शियल गैस सिलेंडर न मिल पाने के कारण छोटे दुकानदारों के आर्थिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा हैं।गैस सिलेंडर न मिल पाने की वजह से रोजाना के जरुरी सामान खरीद ने के लिए भी ठेले वालों को बहुत सोचना पड़ता हैं।कटरा बजार के एक होटल संचालक ने बताया कि कामर्शियल गैस कनेक्शन उपलब्ध नहीं मिलने पर बाजार में ब्लैक में महंगे गैस सिलेंडर लेने से उनकी लागत बढ़ गई है, जिससे मुनाफा कम हो रहा है।कई दुकानदारों को मजबूरी में वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है,जो सुरक्षित भी नहीं है।व्यापारियों ने अधिकारिओ से मांग की है कि आसानी से मुहैया कराया जाए। कमर्शियल सिलेंडर न मिलने से बढ़ी मुश्किलठेला संचालकों ने कहा कि कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिल रहा है। पहले आसानी से सामान्य सिलेंडर ही मिल जाता था।शहर के बहराइच रोड पर स्थित श्रीसाई सिद्धि भारत गैस एजेंसी पर को लोग पर्ची पाने,नंबर बद लवाने,सिलेंडर मिलने की जानकारी करने को लेक र संघर्ष करते दिखाई दिए।एक व्यक्ति ने कहा कि एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच होनी चाहिए।

गै स एजेंसी का विततरक आईटीआई मैदान में खड़े लोगों ने बताया कि सिलेंडर बुकिंग कराने के बाद कई दिन तक सिलेंडर नहीं दिया जाता है।वहीं मो बाइल पर डिलिवरी का मैसेज जरूर आ जाता है। लोगों ने कहा कि शाहिद सत्यवान भारत गैस एजें सी पर हम लोगों को सिलेंडर की जगह सिर्फ तारी ख मिलती है।शिवम गैस एजेंसी पर मौजूद ज्यादा तर उपभोक्ता संतुष्ट दिखे,लोगों ने यहां आसानी से सिलेंडर घर पर भिजवा दिया जाता है।बस अड्डा के पास स्थित श्री साईं सिद्धि गैस एजेंसी पर भी सिलेंडर न मिलने के कारण लोग परेशान दिखाई दिए।वही लोगों ने बताया कि जिम्मेदारजिले की गैस एजेंसियों के माध्यम से लोगों को एलपीजी सिलेंडर मुहैया कराए जा रहे हैं।साथ ही निगरानी बढ़ा दी गई है।लोगों के अपील है कि किसी भी प्र कार की अफवाह पर ध्यान न दें।नियमों के मुताबि क बुकिंग कराकर गैस सिलेंडर प्राप्त करें।

# प्रेरणा परियोजना के तहत महिला दिवस पर हुआ नारी जागरूकता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। लखनऊ डीएसडब्ल्यूएस द्वारा चल रही ब्लाक बलहा नानपारा भोपतपुर सेंटर प्रेरणा परियोजना की कॉर्डिनेटर सिस्टर शालिनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं किशोरियों के लिए नारी शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सावित्री बाई फूले द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के निर्देशक फादर रोनाल्ड डिसूजा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन

नसीबुननिशा एवं महिला थाना उपनिरीक्षक ममता यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर सिस्टर शालिनी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया, वहीं मुस्कान एवं निराशनी ने बैज लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि सावित्री बाई फूले ने भारतीय संविधान में महिलाओं को प्राप्त अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। पूर्व चेयरमैन नसीबुननिशा ने महिलाओं को दुर्गा एवं झांसी की रानी जैसे साहसिक चरित्रों से प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं उपनिरीक्षक ममता यादव ने महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों एवं शिक्षा के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में फादर रोनाल्ड डिसूजा ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समापन अवसर पर हम होंगे कामयाब गीत एवं नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया कॉर्डिनेटर सिस्टर शालिनी ने प्रेरणा परियोजना के अंतर्गत किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रुबीना परवीन ने किया। इस दौरान बैंक सखी रीना मैडम, अमित कुमार वर्मा, प्रीति साहू सहित प्रेरणा संगठन के सभी साथियों का सराहनीय योगदान रहा।

# छात्रा से छेड़छाड़ के मामले केजीएन पब्लिक स्कूल बंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिला प्रशासन ने कटरा बाजार विकासखंड स्थित केजीएन पब्लिक स्कूल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।एक नौवीं कक्षा की छात्रा से छेड़ छाड़ और बार-बार अश्लील मैसेज भेजकर परेशा न करने के मामले में, विरोध करने पर छात्रा के भा ई के साथ मारपीट भी हुई थी।इन आरोपों और स्कूल के अवैध संचालन के चलते विद्यालय को अग्रिम आदेशों तक तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।यह कार्रवाई कैनविज टाइम्स पर खबर प्रकाशित होने के बाद शासन द्वारा गोंडा के जिलाधिकारी को जांच के निर्देश दिए जाने पर की गई।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने एसडीएम करनैलगंज नेहा मिश्रा की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की। इस समिति में गोंडा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.रामचंद्र भी सदस्य थे

समिति ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जिसमें पा या गया कि विद्यालय के पास केवल कक्षा एक से आठ तक की मान्यता थी,लेकिन वह अवैध रूप से कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं संचालित कर रहा था।अवैध संचालन की पुष्टि होने के बाद विद्या लय के गेट पर ताला लगा दिया गया है।दरअसल, यह मामला पंद्रह फरवरी को सामने आया था,नौ वीं कक्षा की छात्रा के भाई ने आरोपी परवेज खान द्वारा की जा रही छेड़छाड़ और अश्लील मैसेज भे जने से मना करने के लिए स्कूल का दौरा किया था,वहां स्कूल के मालिक और आरोपी परवेज खा न ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ मार पीट की थी।पुलिस ने 15 फरवरी को ही छेड़छाड़, मारपीट और अश्लील मैसेज भेजने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था।16 फरवरी को चार आरो पियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

जांच में निकाल कर आया कि इसकी आठवीं तक की मान्यता है लेकिन यहां पर 9 से 12 तक की कक्षाएं अवैध रूप से संचालित की जा रही है। कार्रवाई करते हुए विद्यालय को बंद कर दिया गया है अग्रिम आदेश तक विद्यालय को बंद करवा दि या गया है और विद्यालय के गेट पर एक नोटिस भी चस्पा की गई है।

# बिजनौर में सपा नेता की अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, दीवारें व आरसीसी सड़कें ध्वस्त

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के धामपुर थाना क्षेत्र के गांव नींदड़ू-मनकुआ संपर्क मार्ग पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बुलडोजर कार्रवाई की। कृषि भूमि पर बिना अनुमति कॉलोनी काटने और निर्माण कार्य करने के मामले में राजस्व विभाग और विनियमित क्षेत्र की संयुक्त टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराने की कार्रवाई की है। धामपुर-नूरपुर मार्ग स्थित अंथाई शेख चौराहे के पास नींदड़ू मनकुआ संपर्क मार्ग के करीब 42 बीघा कृषि भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। अनुज मलिक द्वारा इस भूमि पर कॉलोनी विकसित करने का काम शुरू कर दिया गया। ग्रामीणों द्वारा इस अवैध निर्माण की शिकायत प्रशासन से की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि कृषि भूमि का गैरकानूनी तरीके से उपयोग कर कॉलोनी बसाई जा रही है, जिससे नियमों का उल्लंघन हो रहा है। शिकायत की जांच में अवैध निर्माण की पुष्टि हुई। इसके बाद एसडीएम स्मृति मिश्रा के आदेश पर संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कॉलोनी में बनाई गई दीवारें, आरसीसी सड़कें और लगाए गए बिजली के खंभे जमींदोज कर दिए गए।

# क्या सच में खाली होने वाले हैं पेट्रोल पंप...? कई जगहों पर लगा बोर्ड पेट्रोल नहीं

गोंडा । एलपीजी के साथ क्या अब जिले में सच में पेट्रोल और डीजल की किल्लत होने वाली है....? क्या देश के कई पेट्रोल पंप सूख गए हैं। गोंडा में कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं है का बोर्ड लगा हु आ है।यानी इन पंपों पर पेट्रोल और डीजल नहीं मिल रहा है।हालांकि सरकार व जिला प्रशासन क ई बार यह आश्वासन दे चुका है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।इसके बावजूद काफी लोग दो दिन से पेट्रोल पम्पो पर गाड़ी का टैंक फुल करवाने के लिए पेट्रोल पंप की लाइन में नजर आ रहे हैं।दरअसल,ईरान युद्ध के कारण देश में एलपीजी और तेल की कुछ परेशानी देखी गई है। केंद्र सरकार के तमाम आश्वासनों के बाद भी जिले के कई हिस्सों में पैनिक बाइंग (घबराहट में खरीदारी) का माहौल बना हुआ है।तेल की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी की अफवाहों के चलते गोंडा के ग्रामीण क्षेत्रों व शहरी क्षेत्र में पेट्रोल पंपों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं।हालात इतने खराब हो गए हैं कि कई पेट्रोल पंपों पर नो पेट्रोल के बोर्ड लगा




दिए गए हैं।

### गोंडा में पेट्रोल पम्पो पर भारी भीड़

गोंडा जिले के शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में मंगल रात से ही पेट्रोल पम्पो पर अफरा-तफरी का माहौ ल है।वही स्थानीय निवासियों के अनुसार जहां पे ट्रोल भरवाने में आमतौर पर पांच मिनट लगते थे, अब वहां 45 मिनट से एक घंटे तक का समय लग रहा है।ऑटो सीएनजी स्टेशनों पर भी लंबी लाइनें हैं।कई पेट्रोल पम्प बुद्धवार के दिन में केवल कुछ घंटों के लिए खुल रहे हैं, जिससे ऑटो चालकों की रोजी-रोटी पर संकट आ गया है।

### गोंडा में दोगुनी हुई ईंधन की खपत

गोंडा जिले में भी पेट्रोल-डीजल खरीदने को लेकर मारामारी देखी जा रही है। मंगलवार की रात और बुधवार, बृहस्पतिवार को पेट्रोल-डीजल की खपत दैनिक कोटे से दोगुनी से भी अधिक रही।वहीं क्रे डिट सिस्टम बंद होने और पेमेंट संबंधी दिक्कतों के कारण रिफिलिंग में देरी हो रही है।जिले में पेट्रो ल और डीजल की कमी की अफवाह गोंडा जिले के कई पेट्रोल पंपों पर दिखाई दे रही है। मंगलवार की रात से बृहस्पतिवार तक गोंडा जिले के कई पेट्रोल पंपों पर भी लंबी लाइन देखी गई है, जिला जिला प्रशासन और तेल उद्योग के समन्वयकों ने जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और के वल जरूरत के हिसाब से ही ईंधन खरीदें।तेल उ द्योग के मुताबिक तेल कंपनियों के पास पर्याप्त ते ल का स्टॉक मौजूद है।

### क्यों हो रही है सप्लाई में देरी.....?

गोंडा में पेट्रोल पंप के डीलरों का कहना है कि मां ग में अचानक आई तेजी और डिपो से स्टॉक मिल ने में देरी के कारण यह संकट खड़ा हुआ है। नया नियम ने भी कुछ परेशानी बढ़ाई है।तेल कंपनियों ने अब स्टॉक भेजने से पहले एडवांस पेमेंट की श र्त रख दी है,जिससे डीलरों पर वित्तीय दबाव बढ़ गया है।वहीं जिला प्रशासन व पेट्रोलियम के अधि कारियों का कहना है कि तेल का पर्याप्त स्टॉक है

### ज्यादा खरीद पर लगाई रोक

पेट्रोल और डीजल की दिक्कत को देखते हुए स्था नीय स्तर पर भी कड़े निर्णय लिए गए,गोंडा जिला प्रशासन ने कई पेट्रोल पंप पर ज्यादा पेट्रोल-डीज ल खरीदने पर रोक लगा दी है।कई पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने के बाद यह निर्णय लिया गया।वहीं वही नगर क्षेत्र में शिव सिटी आनंद राय ने पेट्रोल पंप पर माइक से अलाउंस करते हुए लोगों से अ पील कर रहे हैं कि अफवाहों पर ध्यान ना दें जरू रत के हिसाब से पेट्रोल डीजल ले, पेट्रोल और डी जल की कोई कमी नहीं है।उतना ही पेट्रोल-डीजल खरीदें जितने की जरूरत है।

# जौनपुर महोत्सव में बहराइच के कलाकारों का जलवा जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह की सराहनीय पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जौनपुर महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य श्रृंखला के बीच बहराइच के प्रतिभाशाली कलाकार जसवीर सिंह जस्सी एवं शुभम ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम जिलाधिकारी श्री दिनेश चंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की खुलकर सराहना की।

कार्यक्रम में जसवीर सिंह ने अपनी प्रस्तुति चोक पुरावो, माटी रंगवावो से पारंपरिक लोक संस्कृति की सुंदर झलक पेश की, वहीं शुभम ने सजा दो घर को गुलशन सा गीत गाकर ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल तालियों की गूंज से गूंज उठा। दोनों कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

जिलाधिकारी श्री दिनेश चंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जौनपुर महोत्सव प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और विभिन्न जनपदों की प्रतिभाओं को मंच देने का एक सशक्त माध्यम बन रहा है। उन्होंने विशेष रूप से बहराइच के कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वहां की कला और संस्कृति अत्यंत समृद्ध है, जिसे आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री श्री गिरीश चंद्र यादव भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश प्रजापति, पंजाबी अकादमी के जसविंदर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जौनपुर महोत्सव का यह आयोजन जिलाधिकारी की दूरदर्शी सोच और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने न केवल कलाकारों को मंच प्रदान किया बल्कि सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत किया।

# कन्या पूजन व भोज कार्यक्रम में 21 कन्याओं का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत विकास परिषद महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा के तत्वाधान में सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन एवं कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा गतिविधि संयोजक श्रीमती स्वेता सिंह एवं डॉ. वीरांगना कान्त द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव ने की। इस दौरान विधि-विधान के साथ 21 कन्याओं एवं एक नेवले का चरण पूजन कर उन्हें अलता, माल्यार्पण, माता की चुनरी एवं उपहार भेंट किए गए। इसके पश्चात सभी को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक बताया। इस अवसर पर गीता श्रीवास्तव, गोपाल टेकड़ीवाल, मंजू सोनी, मनोज सोनी, रचना त्रिपाठी, पल्लवी विश्नोई, केतकी सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, माधुरी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ मिश्रा, वीरांगना कान्त, शोभा जायसवाल, मीना मिश्रा, गोपाल मिश्रा सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# नकटादाना चौराहा पार्क का चेयरमैन ने किया सौंदर्यकरण, प्रभारी मंत्री ने किया लोकार्पण, शहर को मिला नया आकर्षक स्थल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।शहर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नकटादाना चौराहा पर विकसित किए गए पार्क एवं तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का आज जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में पहुंचे प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल मौजूद रहीं। जनपद के प्रभारी मंत्री औलख ने कहा कि नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा कराए गए इस सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे विकास कार्य शहर की सुंदरता के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर वातावरण भी प्रदान करते हैं।पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि नकटादाना चौराहा पड़ोसी राज्य उत्तराखंड,तिब्बत और चीन को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग पर स्थित है, लंबे समय से उपेक्षित था। यहां स्थित तालाब कभी गंदगी और बदबू का केंद्र बन गया था, लेकिन अब नगर पालिका द्वारा कराए गए व्यापक कार्यों के चलते यह स्थान एक सुंदर पार्क और आकर्षण के केंद्र के रूप में विकसित हो गया है।पार्क में आकर्षक फव्वारे, सेल्फी प्वाइंट, बैठने के लिए बेंचें एवं तालाब के मध्य स्थापित लाइट टावर इसकी सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। शाम के समय रोशनी में यह स्थल और भी मनमोहक दिखाई देता है, जिससे स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नकटादाना चौराहा का सौंदर्यीकरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में भी शहर के अन्य प्रमुख स्थानों को विकसित किया जाएगा।कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने नगर पालिका के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। अब यह स्थल न केवल स्थानीय लोगों के लिए सुकून और मनोरंजन का केंद्र बनेगा, बल्कि शहर की नई पहचान के रूप में भी उभरेगा। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन सभासद साकेत सक्सेना ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव मंगली प्रसाद वर्मा, मनोज गुप्ता, आयुष मिश्रा,डॉ अनुरीता सक्सेना विकास वाल्मीकि, सभासद सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, राशिद हुसैन, निज़ाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, विपिन गंगवार, निर्मल सिंह टीटू, रईस अहमद, अनस अंसारी, विकास बाबू, शरीफ अंसारी, इकबाल हजरत, विपिन त्यागी, नितिन सक्सेना, पंकज तिवारी, जगन्नाथ लोधी, प्रतीक अग्रवाल, स्वतंत्र देवल, इंजीनियर पंकज राजपूत सहित शहर के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पूरनपुर में जाम का झाम, जनप्रतिनिधि मौन पुलिस मेहरबान, ई-रिक्शा बने परेशानी का कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है जाम की समस्या अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नगर के प्रमुख मार्गों पर दिनभर लगने वाला जाम न सिर्फ आवागमन को बाधित कर रहा है, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यापारियों के लिए भी बड़ी समस्या बन गया है सबसे अधिक खराब स्थिति स्टेशन रोड, स्टेट बैंक रोड,मेन मार्केट, सिरसा चौराहा और माधोटांडा और शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग, पकड़िया चौराहा और ब्लॉक चौराहा से पूरनपुर कोतवाली तक देखने को मिल रही है यहां हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है कई बार एंबुलेंस तक जाम में फंस जाती है, जिससे लोगों की जान तक जोखिम में पड़ जाती है जाम की समस्या के पीछे सबसे बड़ी वजह अनियंत्रित टुकटुक की संख्या और अतिक्रमण को माना जा रहा है नगर के कई व्यापारी अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैला देते हैं जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं आधी दुकान सड़क पर सजने के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं, नगर में तेजी से बढ़ रही ई-रिक्शा (टुक-टुक) की संख्या ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है बिना किसी निर्धारित स्टैंड के ई-रिक्शा चालक कहीं भी वाहन खड़ा कर सवारियां भरते हैं, जिससे चौराहों पर जाम लगना आम हो गया है स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पर रोक लगाने के लिए न तो कोई ठोस नीति है और न ही पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर लोगों का गुस्सा साफ नजर आ रहा है पार्किंग व्यवस्था की कमी भी जाम का बड़ा कारण है, वहीं अधिवक्ता नईम खान ने प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए अधिवक्ता रमेश भारती ने बताया कि उन्होंने समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं दिखा अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यापार मंडल द्वारा समय-समय पर बैठकें जरूर की गईं, लेकिन इन बैठकों में प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ सका प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर हुई बैठकों में रणनीति बनाई गई, लेकिन अभियान कागजों तक ही सीमित रहा नगर की बदहाल सड़कों ने भी समस्या को और बढ़ा दिया है जल निगम द्वारा तिरंगा चौक से पकड़िया चौराहे तक पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत नहीं की गई, जिससे गड्ढे और धूल लोगों के लिए नई मुसीबत बन गए हैं नगरवासियों का कहना है कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं शिकायतों और मांगों के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है जनहित में मांग नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जाम से राहत व अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित किया जाए ।

## पीलीभीत शहर बनेगा स्मार्ट सिटी, नवयुग पालिका योजना में हुआ चयन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका परिषद पीलीभीत का ‟नवयुग पालिका योजना” के अंतर्गत चयनित होना पूरे जनपद के लिए गर्व और खुशी का विषय बन गया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगरवासियों में उत्साह का माहौल है और एक-दूसरे को बधाइयाँ दी जा रही हैं।इस योजना के तहत अब पीलीभीत को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। नगर में आधुनिक आधारभूत संरचना को मजबूत किया जाएगा, साथ ही बेहतर जल निकासी व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, हरित वातावरण और सुदृढ़ यातायात प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल सेवाओं का विस्तार भी किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को सुविधाजनक और तेज सेवाएं मिल सकें।विशेषज्ञों का मानना है।कि इस पहल से न केवल शहर का विकास तेजी से होगा, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। आने वाले समय में पीलीभीत एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित, आधुनिक और आत्मनिर्भर शहर के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।नगरवासियों को उम्मीद है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से पीलीभीत विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना घुंघचाई क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने आखिरकार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था ग्राम चन्दुड्या निवासी अनिमेश सरकार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात सीएनजी कंटेनर वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है बताया गया कि 25 मार्च 2026 की सुबह करीब 6:50 बजे अनिमेश के पिता भुजंगो सरकार अपने गांव के ही गोपाल सरकार के साथ मजदूरी के लिए जा रहे थे तभी घाटमपुर के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे कंटेनर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी हादसे में गंभीर रूप से घायल भुजंगो सरकार को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि गोपाल सरकार का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है थाना पुलिस के अनुसार, अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा इस घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है वहीं ग्रामीणों ने दोषी चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

## ससुरालियों का कहर: विवाहिता के साथ मारपीट,जान से मारने की कोशिश पति समेत 5 पर गंभीर आरोप, पीड़िता ने सुरक्षा की लगाई गुहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी से परेशान एक महिला ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है मोहल्ला पंकज कॉलोनी निवासी लक्ष्मी अरोरा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 27 मार्च 2004 को रमेश अरोरा के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी विवाह में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन शादी के बाद से ही पति रमेश अरोरा, जेठ महेन्द्र अरोरा, जिठानी विनीता अरोरा, देवर दीपक अरोरा व देवरानी तरन अरोरा उसे कम दहेज लाने का ताना देकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे पीड़िता ने बताया कि उसके चार बच्चे हैं, जिनमें दो पुत्रियां मानसी और तृषा तथा दो पुत्र मानस और अरमान हैं आरोप है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला,बल्कि समय के साथ उत्पीड़न और बढ़ता गया पीड़िता के मुताबिक 27 मार्च 2024 को सभी आरोपियों ने मिलकर उसे बुरी तरह मारपीटा इस दौरान पति ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की, लेकिन बच्चों के हस्तक्षेप से उसकी जान बच सकी घटना के बाद आरोपियों ने उसके जेवर व सामान छीनकर उसे घर से निकाल दिया और चरित्र पर भी झूठे आरोप लगाए। इतना ही नहीं, उसे अपने बच्चों से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है आरोप है कि 3 मार्च 2026 को जब वह बच्चों से मिलने पहुंची तो उसके साथ गाली-गलौज कर उसे भगा दिया गया। वहीं उसकी पुत्री तृषा किसी तरह उसके पास आ गई और तब से वह उसके साथ रह रही है पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 13 मार्च 2026 को चंदी अस्पताल के पास उसके पति और दो अज्ञात लोगों ने उसका पीछा कर उसे धमकाया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी पीड़िता का कहना है कि उसने थाना पूरनपुर में शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में गंभीरता से जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की

## पेट्रोल-डीजल खबर के बाद डीएसओ पर दबाव और डील के आरोप!

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पेट्रोल-डीजल क्राइसेस पर खबर चलने के बाद अब मामला और गरमा गया है। सूत्रों के मुताबिक, खबर प्रसारित होते ही जिला पूर्ति अधिकारी और एक कोटेदार द्वारा दबाव बनाने की कोशिशें शुरू हो गईं। दावा किया जा रहा है कि खबर को हटवाने के लिए लगातार फोन और संपर्क किए गए, जिससे पूरे मामले में 'मैनेजमेंट' का खेल सामने आता दिख रहा है। इस बीच, एक कथित वायरल ऑडियो ने मामले में और आग लगा दी है। सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही इस ऑडियो क्लिप को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इसमें डीएसओ से जुड़ी बातचीत सामने आई है, जो पूरे विवाद को और गहरा कर रही है। हालांकि, इस वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। सूत्र यह भी बताते हैं कि डीएसओ एक कोटेदार के साथ एक चैनल के स्थानीय कार्यालय तक पहुंचे, जहां मामले को सेटल करने की कोशिश की गई। साथ ही संबंधित लोगों को कार्यालय बुलाने का दबाव भी बनाया गया। अब सवाल उठता है कि आखिर एक खबर से इतना दबाव क्यों? क्या यह सिर्फ गलतफहमी है या फिर सच्चाई को दबाने की कोशिश? वायरल ऑडियो और लगातार बढ़ते आरोपों के बीच यह मामला अब जिले में चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।

## सेहरामऊ थाना क्षेत्र रेलवे लाइन किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, ट्रेन से गिरकर मौत की आशंका

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह रेलवे लाइन किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक प्रयास के बावजूद युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार, सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के आगे रेलवे लाइन के किनारे सुबह स्थानीय लोगों ने युवक का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

# सीडीओ के निरीक्षण में डीपीओ समेत कई अधिकारी मिले अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने विकास भवन स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया जहां पर बड़े पैमाने पर अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये जिससे खफा सीडीओ ने डीपीओ समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारियों का वेतन अवरुद्ध करते हुये स्पष्टीकरण तलब किया है।सीडीओ द्वारा लघु सिंचाई विभाग कार्यालय के निरीक्षण में सहायक अभियंता लक्ष्मी चन्द्र एवं जुबेर उपस्थित पाये गये किंतु अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक नही था तथा पटल सहायकों के मेज पर नाम पट्टिका नहीं लगी थी एवं कर्मचारियों द्वारा आईडी कार्ड धारण नहीं किया गया था।इसके उपरांत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां पर अधिशासी अभियंता हरिओम श्रीवास्तव अनुपस्थित पाये गये। सीडीओ द्वारा उनका पच्चीस मार्च का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरुद्ध करते हुये स्पष्टीकरण तलब किया गया साथ ही वित्त एवं लेखा अधिकारी रविंद्र कुमार तथा अवर अभियंता मीनाक्षी के भी अनुपस्थित पाये जाने पर इन दोनों का भी वेतन अवरुद्ध करते हुये स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।इसके बाद जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया, जहां जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल अनुपस्थित पाये गये। सीडीओ द्वारा उनका भी पच्चीस मार्च का वेतन अवरुद्ध करते हुये स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गये।जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित पाये गये किंतु कर्मचारियों द्वारा आईडी कार्ड धारण नहीं किया गया था तथा नाम पट्टिका नहीं लगी थी।मत्स्य विभाग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मत्स्य अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ उपस्थित पाये गये परंतु अभिलेखों का रखरखाव एवं साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई।युवा कल्याण विभाग कार्यालय के निरीक्षण के दौरान प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी रीना अनुपस्थित पाई गईं जिनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक जमील कादरी अनुपस्थित पाये गये जिनका पच्चीस मार्च का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया।पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सहायक कर्मचारी अशोक कुमार अनुपस्थित पाये गये जिनका वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये साथ ही कार्यालय में अभिलेख बिखरे पाये गये एवं कंप्यूटर के तार अव्यवस्थित थे।जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय की स्थिति भी असंतोष जनक पाई गई जहां अभिलेखों का रखरखाव एवं अनुशासन में कमी पाई गई। इसके उपरांत जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव अनुपस्थित पाये गये। सीडीओ द्वारा उनका भी पच्चीस मार्च का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण तलब किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई।उपस्थित अधिकारी के समक्ष साफ-सफाई एवं अभिलेखों की खराब स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल सुधार के निर्देश दिये गये।

## श्रीराम नवमी पर निकलेगी पूरनपुर मे भव्य शोभायात्रा, तैयारियों में जुटे श्रद्धालु

पूरनपुर।नगर के श्रीठाकुरद्वारा मंदिर में 27 मार्च को श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी यह यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी यात्रा को लेकर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है ठाकुरद्वारा कमेटी द्वारा लाइनपार,पंकज कॉलोनी एवं कायस्थान क्षेत्रों में घर-घर जाकर पर्चे बांटकर लोगों को शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षा दल पूरनपुर के कार्यकर्ताओं ने भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष शोभायात्रा में सफाई सेवा एवं सुरक्षा व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी ली है संगठन के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होकर यात्रा को भव्य बनाने की अपील की है इस दौरान हरगोविंद बाजपेई, जॉली खंडेलवाल, अनुज गुप्ता, विकास त्रिवेदी, नीलेश पांडे, मोनू गुप्ता, दिनेश वर्मा एवं शेर सिंह यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे श्रीराम नवमी के इस पावन अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की भक्ति में सराबोर नजर आ रहे हैं ।

# एटीएम चोरी करने का प्रयास करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एटीएम बूथ में चोरी के प्रयास की घटना का खुलासा किया है।पुलिस ने चोरी के दो सीसीटीवी कैमरे व एक एटीएम मशीन की बोर्ड के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन स्टाल कपड़े,एक लोहे का पाइप,एक हथौड़ी व दो मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव ऐंधी स्थित बैंक आफ बड़ौदा में लगी एटीएम मशीन व कैमरों से तोड़फ़ोड़ करते हुये एटीएम में चोरी करने के प्रयास की घटना में संबन्ध में मैनेजर जितेन्द्र कुमार पुत्र सोनकर बाबू निवासी बन्नाटीकर गौरीगंज थाना गौरीगंज से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गौरीगंज पर अज्ञात में अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना गौरीगंज पुलिस व स्वाट टीम अमेठी की संयुक्त टीम द्वारा बाबूगंज बाजार में आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान दो मोटरसाइकिल सवार कुल तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से घेरकर तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया।नाम व पता पूंछने पर अपना नाम सोनू गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता, कपिल गुप्ता पुत्र दुलारे गुप्ता निवासीगण कूढ़ा बाजार थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली एवं करन पासवान पुत्र रामसरन निवासी बनी स्टेशन के पास ऐंधी थाना गौरीगंज जनपद अमेठी बताया। पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से बरामद बैग से कुल तीन स्टाल कपड़ा, एक एटीएम मशीन की बोर्ड,दो सीसीटीवी कैमरा बरामद हुये। मोटरसाइकिलों के कागज मांगने पर दिखा नही सके।बरामदगी के संबन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि उन तीनों लोगों द्वारा स्टाल ओढ़कर पहचान छिपाते हुये पच्चीस मार्च की रात्रि में ऐंधी में बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम मशीन को तोड़कर उसमें रखे रुपयों को निकालने का प्रयास किया गया ।

# जायस पुलिस ने कार सवार चार युवकों को फिल्मी स्टाइल में दौड़ाकर पकड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जायस अमेठी । थाना जायस पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चेकिंग के दौरान कार सवार चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से कुल दो तमंचा सात जिन्दा कारतूस, सब्बल, रस्सी, टार्च, लोहे की आरी, पाना आदि सामान बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत नौगजी चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफ़ेद वैगनआर कार से चार संदिग्ध लड़के घूम रहे हैं जो किसी अप्रिय घटना कारित करने की फिराक में हैं।उक्त सूचना पर चेकिंग कर रही चक्रव्यूह टीमों को सतर्क किया गया गंगाराम पुरवा रोड के किनारे बाग में किसी अप्रिय घटना कारित करने की योजना बना रहे हैं।प्राप्त सूचना पर के आधार पर पुलिस टीम द्वारा उक्त वैगनआर कार का फिल्मी स्टाइल में पीछा करते हुये हिकमतअमली से घेराबन्दी कर नसीराबाद गंगाराम पुरवा रोड के किनारे बाग के पास कार सवार सभी लोगों को पकड़ लिया गया। पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूंछने पर अपना नाम अरबाज पुत्र सूबेदार गूजर निवासी अरशदपुर, हर्षित अग्रवाल पुत्र राजेश कुमार अग्रवाल निवासी मोहल्ला शेखाना, अक्षय कुमार पुत्र कल्लू पासी निवासी पूरे बक्शी, शुभम सोनकर पुत्र रामकुमार सोनकर निवासी कासिमपुर कस्बा व थाना जायस जनपद अमेठी बताया। इन लोगों के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुये। गाड़ी संख्या यूपी 32 डब्लूएन 4557 की तलाशी से एक प्लास्टिक का रस्सा, एक लोहे की रॉड,एक लोहे की सरिया, दो आरी, पेचकश, पाना, रिंच व टार्च आदि बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि वह सभी लोग साथ मिलकर चोरियां करते हैं और उससे जो रुपये मिलते हैं आपस में बांट लेते हैं आज भी वह लोग मौका देखकर कहीं चोरी करने की योजना बनाकर निकले थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना जायस पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सरेशाम गोली मारकर प्रापर्टी डीलर की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। व्यवसाय के लिए प्लाटिंग की गई जमीन में रास्ते के विवाद को लेकर आपसी बैठक में समझौता न होने पर हिस्सेदारों द्वारा सरेशाम हत्या किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने तीन नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे का है।बताया जाता है कि बुधवार सरेशाम हलियापुर-सुल्तानपुर मार्ग स्थित एक कॉम्प्लेक्स में खड़े माता प्रसाद पांडेय (55) पुत्र स्व. वशिष्ठ पांडेय निवासी पूरे बेनी माधव (नरवापार) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। देर रात मृतक के बेटे अवनीश पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पिता ने बांसी गांव निवासी अशोक तिवारी से चौहद्दी देकर जमीन लिखाई थी, जिसे लेकर हिस्सेदार रमेश मौर्य असंतुष्ट थे।आरोप है कि बुधवार दिन में जुड़इयापुर गांव में सतीश उपाध्याय के घर बैठक हुई, जिसमें रमेश मौर्य, सुरेंद्र शर्मा, रुस्तम, राहुल सिंह व अजय शुक्ला मौजूद थे। बैठक के दौरान मृतक और सुरेंद्र शर्मा के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि सुरेंद्र शर्मा और रमेश मौर्य यह कहते हुए वहां से चले गए कि थोड़ी देर रुको, अभी तुमसे रास्ता ले लेंगे।शाम करीब सात बजे कुड़वार कस्बे में कॉम्प्लेक्स के पास खड़े माता प्रसाद पांडेय पर दो बाइक सवार बदमाशों ने गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना में रमेश मौर्य, उसका बेटा अनुराग, सुरेंद्र शर्मा व एक अज्ञात व्यक्ति शामिल था।पुलिस ने बेटे की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सीओ सिटी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।उधर,देर रात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह परिजन शव को लेकर राजघाट कुड़वार पहुंचे,जहां अंतिम संस्कार किया गया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो कच्चे घरों की गृहस्थी जलकर राख




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर।बल्दीराय तहसील क्षेत्र के निसासिन गांव में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दो कच्चे घरों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।आग की घटना में पशुधन,अनाज और वाहन सहित लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है।ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका।निसासिन गांव निवासी मुन्तजीम अहमद और मुतीन अहमद के कच्चे मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य सामान जलने लगा। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आगजनी की इस घटना में मुन्तजीम अहमद की 12 बकरियां, एक बाइक, तीन साइकिल तथा कई कुंतल अनाज जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है।ग्रामीणों ने घटना की सूचना हल्का लेखपाल, एसडीएम और तहसीलदार को दे दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# वैकल्पिक ऊर्ज़ा और संकट

ईरान युद्ध के कारण परिस्थितियां ऐसी बनी हैं कि पहली बार जीवाश्म (फॉसिल, कोयला-तेल आदि) ईंधन पर बहस छिड़ी है। यह जलवायु-परिवर्तन के कारण नहीं है, बल्कि तेल-गैस को बाधित करना और उनकी उपलब्धता सीमित होने के मद्देनजर यह बहस छिड़ी है। दुनिया आनन-फानन में वैकल्पिक ऊर्ज़ा स्त्रोतों पर केंद्रित नहीं कर सकती, क्योंकि वे बेहद सीमित हैं और कई देशों में उपलब्ध ही नहीं हैं। भारत ऐसा देश है, जहां सौर ऊर्ज़ा, पवन ऊर्ज़ा, पनबिजली और परमाणु ऊर्ज़ा का लगातार उत्पादन किया जा रहा है, लिहाजा लोग उनका प्रयोग भी कर रहे हैं। तेल-गैस संकट के इस दौर में सरकार ने मार्च में ही पीएनजी (रसोई में पाइपलाइन गैस) के 3.5 लाख से अधिक कनेक्शन दिलाए हैं। अब देश में इस गैस के मात्र 1.65 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। देश की आबादी 147 करोड़ से अधिक है। उसमें 33 करोड़ एलपीजी (रसोई गैस) के उपभोक्ता हैं। दरअसल पीएनजी का तो बुनियादी ढांचा ही बेहद सीमित है। पाइपलाइन की सुविधा कुछ बड़े शहरों की गिनी-चुनी कॉलोनियों में ही मौजूद है। तो देश का आम उपभोक्ता वैकल्पिक ऊर्ज़ा की कल्पना भी कैसे कर सकता है, प्रयोग करना तो दूर की कौड़ी है? ईरान युद्ध के कारण तेल-गैस का संकट इतना व्यापक हो गया है कि लोग और व्यावसायिक ठिकाने लकड़ी और कोयले का चूल्हा जलाने पर विचार कर रहे हैं अथवा शुरू कर दिया है। धुआं और प्रदूषण काल की ओर वापसी३ ! जीवाश्म ईंधनों पर भारत की निर्भरता जलवायु-पर्यावरण का ही मुद्दा नहीं है, बल्कि सुरक्षा-संकट का सरोकार भी है। इस ऊर्ज़ा-संकट से खाद्य-संकट भी जुड़ा है, यह चेतावनी विशेषज्ञ लगातार दे रहे हैं। भारत का आयात-बिल अपने आप में संकटपूर्ण बोझ है। उसमें मध्य-पूर्व देशों की हिस्सेदारी करीब 60 फीसदी है। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले भारत का तेल-गैस आयात का बिल उस स्तर तक पहुंच चुका था, जहां एक साल में ही 180 अरब डॉलर तक उछल सकता था। कतर ने 2024-25 में भारत को 1.10 करोड़ टन एलएनजी की आपूर्ति की थी। वह करीब 41 फीसदी थी। तेल-गैस आयात करने के मद्देनजर हमारी अर्थव्यवस्था उन क्षेत्रों और समुद्री मार्गों पर आश्रित हो गई, जहां हमारी या आपूर्ति करने वाले देशों की भूमिका या दखल सीमित है। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच मंगलवार को फोन पर बातचीत हुई। उसमें प्रधानमंत्री ने शिपिंग मार्ग के खुले और सुरक्षित होने का मुद्दा भी उठाया था। जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग में ईरान ने बारूदी सुरंगें बिछा रखी हैं और मार्ग अवरुद्ध है, उसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार्य नहीं माना। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी सहमति जताई। भारत के अभी तक 6 जहाज होर्मुज को पार कर चुके हैं, लेकिन अब भी 20 जहाज समुद्र में ही फंसे हैं। मौजूदा संकट के कारण भारतीय जीडीपी की विकास दर 4 फीसदी तक गिर सकती है, यह आकलन 'मूडीज' का है, जबकि गोल्डमैन सैश का आकलन है कि भारत की विकास दर 7 फीसदी से घट कर 5.9 फीसदी तक आ सकती है। महंगाई भी बढ़ सकती है। हम रूस, अमरीका, अफ्रीका, ओमान और लाल सागर के रास्ते हररोज कच्चा तेल आयात कर रहे हैं। युद्ध के बाद भी 18 लाख बैरल तेल हररोज आ रहा है, जबकि युद्ध से पहले 30-35 लाख बैरल तेल आता था। यह सुखद है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर कोई राशनिंग नहीं है, लेकिन गैस को लेकर है, क्योंकि गैस का अधिकतम भंडारण मात्र पौने दो दिन का ही कर सकते हैं। ओडिशा और कर्नाटक में तेल के भंडारण बनाने की बात करीब 5 साल पहले उठी थी, लेकिन आज भी 'शून्य' स्थिति है। हमें खाद भी मोरक्को जैसे देश से मंगवानी पड़ रही है। यदि अब भी युद्ध लंबा खिंचा, तो हमारा चालू खाता घाटा 2.2 फीसदी तक हो सकता है। बहरहाल स्थितियां अच्छी नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी संसद में अपने वक्तव्य में कहा है कि युद्ध के बाद भी, युद्ध के असर, लंबे वक्त तक हो सकते हैं, इसकी प्रबल आशंका है।


# मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय-हक़ या केवल सपना?

**निजी अस्पतालों की ऊँची फीस आम आदमी के लिए एक बड़ी बाधा है, जबकि सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी और लंबी प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ हैं। कई बार एक साधारण बीमारी भी आर्थिक संकट का कारण बन जाती है। ऐसे में यह विचार सामने आता है कि यदि सभी अस्पतालों का राष्ट्रीयकरण कर उन्हें एक समान व्यवस्था के अंतर्गत लाया जाए, तो हर व्यक्ति को समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकती हैं। डॉक्टरों और कर्मचारियों को सरकार द्वारा वेतन दिए जाने से सेवा का भाव बढ़ सकता है और मुनाफाखोरी पर अंकुश लग सकता है। न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुँचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊँची फीस—ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है।**

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुँच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएँ बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय साल्ट के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयाँ केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं। यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है। शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है—एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहाँ विश्वस्तरीय सुविधाएँ और संसाधन उपलब्ध हैं, और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहाँ कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहाँ हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है। यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। हालाँकि, यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएँ, संस्कृतियाँ और स्थानीय आवश्यकताएँ हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक कॉमन कोर के साथ-साथ क्षेत्रीय लचीलापन भी जरूरी है, ताकि समानता और विविधता के बीच संतुलन बना रहे। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। निजी अस्पतालों की ऊँची फीस आम आदमी के लिए एक बड़ी बाधा है, जबकि सरकारी अस्पतालों में भीड़, संसाधनों की कमी और लंबी प्रतीक्षा जैसी समस्याएँ हैं। कई बार एक साधारण बीमारी भी आर्थिक संकट का कारण बन जाती है। ऐसे में यह विचार सामने आता है कि यदि सभी अस्पतालों का राष्ट्रीयकरण कर उन्हें एक समान व्यवस्था के अंतर्गत लाया जाए, तो हर व्यक्ति को समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकती हैं। डॉक्टरों और कर्मचारियों को सरकार द्वारा वेतन दिए जाने से सेवा का भाव बढ़ सकता है और मुनाफाखोरी पर अंकुश लग सकता है। न्याय व्यवस्था भी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय तक पहुँचना आज भी एक कठिन प्रक्रिया है। न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, कानूनी प्रक्रियाओं की जटिलता और वकीलों की ऊँची फीस—ये सभी मिलकर न्याय को महंगा और दूर बना देते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के लिए न्याय प्राप्त करना कई बार असंभव जैसा हो जाता है। यदि न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और निशुल्क बनाया जाए, तो यह लोकतंत्र के वास्तविक अर्थ को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इन सभी क्षेत्रों—शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय—का पूर्ण राष्ट्रीयकरण एक आदर्श समाधान प्रतीत होता है। एक ऐसी व्यवस्था, जहाँ सरकार सभी संस्थानों को अपने नियंत्रण में लेकर सभी कर्मचारियों को वेतन दे और सेवाओं को निशुल्क एवं समान रूप से उपलब्ध कराए। यह विचार सुनने में आकर्षक है और एक न्यायपूर्ण समाज की कल्पना को मजबूत करता है। लेकिन इसके साथ कई व्यावहारिक चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ी चुनौती है आर्थिक संसाधनों की। पूरे देश में शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय को पूरी तरह निशुल्क और उच्च गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना एक बहुत बड़ा वित्तीय दायित्व है। इसके लिए सरकार को अपने बजट में बड़े स्तर पर बदलाव करने होंगे, कर व्यवस्था को मजबूत करना होगा और संसाधनों का कुशल प्रबंधन करना होगा। दूसरी चुनौती है गुणवत्ता और जवाबदेही की। पूरी व्यवस्था सरकारी होने पर कई बार कार्यकुशलता में कमी आ जाती है। निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा कई बार सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने में मदद करती है। यदि पूरी व्यवस्था केवल सरकार के हाथ में होगी, तो नवाचार और सुधार की गति धीमी पड़ सकती है। इसके अलावा, प्रशासनिक स्तर पर भी इतनी बड़ी व्यवस्था को संचालित करना आसान नहीं है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और संसाधनों के दुरुपयोग जैसी समस्याएँ भी सामने आ सकती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि किसी भी नीति को लागू करते समय इन संभावित चुनौतियों का समाधान पहले से ही तैयार किया जाए। इस परिप्रेक्ष्य में एक संतुलित दृष्टिकोण अधिक व्यावहारिक और प्रभावी हो सकता है। सरकार को चाहिए कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय के क्षेत्र में मजबूत सार्वजनिक ढांचा तैयार करे, जहाँ हर नागरिक को न्यूनतम स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ सुनिश्चित हों। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र को पूरी तरह समाप्त करने के बजाय उसे सख्त नियमों, पारदर्शिता और जवाबदेही के दायरे में रखा जाए। शिक्षा में एक समान कॉमन कोर करिकुलम लागू किया जा सकता है, जिससे पूरे देश में बुनियादी स्तर पर समानता सुनिश्चित हो, जबकि क्षेत्रीय विषयों और भाषाओं के लिए लचीलापन रखा जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज की दिशा में काम किया जा सकता है, जिससे हर नागरिक को बुनियादी इलाज मुफ्त या अत्यंत सस्ती दरों पर उपलब्ध हो। न्याय व्यवस्था में डिजिटल तकनीक और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से पारदर्शिता और गति लाई जा सकती है। अंततः, लोकतंत्र की सफलता केवल चुनावों में नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में निहित होती है। जब तक एक गरीब व्यक्ति अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं दिला सकता, जब तक वह बीमारी के समय उचित इलाज नहीं पा सकता, और जब तक उसे समय पर न्याय नहीं मिल सकता—तब तक लोकतंत्र का सपना अधूरा ही रहेगा। यह समय केवल विचार करने का नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने का है। समान शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य और निष्पक्ष न्याय केवल आदर्श नहीं, बल्कि एक सशक्त और समावेशी लोकतंत्र की आधारशिला हैं। यदि हम इन क्षेत्रों में वास्तविक समानता स्थापित कर पाते हैं, तो न केवल लोकतंत्र पूर्ण होगा, बल्कि देश की सामाजिक और आर्थिक संरचना भी मजबूत होगी। अब प्रश्न यह नहीं है कि यह लक्ष्य कठिन है या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम इसे प्राप्त करने के लिए सामूहिक इच्छाशक्ति दिखाने को तैयार हैं। यदि उत्तर 'हाँ' है, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत का लोकतंत्र केवल कागजों पर नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन में समान रूप से दिखाई देगा।



डॉ. प्रियंका सौरभ

# पैक्स सिलिका: विश्वसनीय तकनीकी गठबंधन का निर्माण

**सैयद सुलेमान अख्तर**

सेमीकंडक्टर रोजमर्रा की तकनीकों- मोबाइल फोन से लेकर घरेलू उपकरणों तक को शक्ति प्रदान करते हैं, लेकिन उनका उत्पादन एक जटिल वैश्विक नेटवका पर निर्भर करता है। सामग्री, डिजाइन, निर्माण और असेंबली अक्सर कई देशों में फैली होती हैं, जिससे यह प्रणाली अत्यधिक परस्पर जुड़ी हुई बन जाती है। दशकों तक यह प्रणाली दक्षता के लिए बनाई गई थी। कंपनियां तेज और सस्ते चिप्स बनाने पर ध्यान केंद्रित करती थीं और उत्पादन को विशेषीकृत वैश्विक केंद्रों में वितरित करती थीं, लेकिन हाल के व्यवधानों- जैसे महामारी से उत्पन्न कमी और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने इस मॉडल के जोखिम को उजागर किया है, जहां स्थानीय झटके वैश्विक उद्योगों में प्रभाव डाल सकते हैं।

अमेरिका के नेतृत्व में साझेदार देशों की पहल पैक्स सिलिका इन चुनौतियों का समाधान एक अधिक टिकाऊ तकनीकी और आर्थिक व्यवस्था बनाकर करना चाहती है। यह केवल सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उस पूरी शृंखला तक विस्तारित है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थव्यवस्था को संचालित करती है। तक्षशिला संस्थान के हाई-टेक जियोपॉलिटिक्स प्रोग्राम के अध्यक्ष और अमेरिकी विदेश मंत्रालय के क्वाड लीडर्स लीड ऑन-डिमांड (एलएलओडी) कार्यक्रम के पूर्व प्रतिभागी प्रणय कोटस्थाने बताते हैं, ल्लपैक्स सिलिका केवल कंप्यूटर चिप्स के बारे में नहीं है, यह एआई युग के लिए एक तकनीकी समूह है।ङ्कयह पहल ल्लमिनरल्स-टू-मॉडल्सङ्क सप्लाई चेन को शामिल करती है- महत्वपूर्ण खनिजों और निर्माण से लेकर डेटा और एआई सिस्टम तक और यह इस मान्यता पर आधारित है कि इस क्षेत्र में कोई भी देश पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। कोटस्थाने बताते हैं, सिद्धांत रूप में पैक्स सिलिका एआई युग के पूरे तकनीकी ढांचे में एक 'विश्वसनीय क्षेत्र' बनाने का प्रयास करता है। इस क्षेत्र के भीतर, समान सोच वाले देश खनिजों, ऊर्ज़ा सहयोग, निर्माण क्षमता, चिप डिजाइन, बौद्धिक संपदा, एआई मॉडल, डिजिटल अवसंरचना और डेटा के अपेक्षाकृत मुक्त प्रवाह की अनुमति देंगे। सदस्य मिलकर इस पूरे ढांचे का इतना बड़ा हिस्सा कवर करते हैं कि कोई बाहरी कर्ता किसी एक खंड पर दबाव नहीं डाल सकता।

विविधीकरण का पहलू प्रत्येक स्तर पर कई सहयोगी देशों में क्षमता वितरित करके काम करता है। यदि किसी एक खनिज स्रोत में बाधा आती है, तो वैकल्पिक साझेदार स्रोत उसकी भरपाई कर सकते हैं। यदि किसी एक निर्माण केंद्र में समस्या आती है, तो अन्य उस भार को संभाल सकते हैं।

कोटस्थाने कहते हैं, पुराने मॉडल में सबसे सस्ता चिप जीतता था। पैक्स सिलिका के ढांचे में विश्वसनीय तकनीक जीतती है। विश्वसनीय का अर्थ है कि उसका स्रोत—कच्चे खनिज से लेकर तैनात एआई सिस्टम तक समान सोच वाले देशों से होकर गुजरे। पैक्स सिलिका एक मौलिक बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। कोटस्थाने कहते हैं, ल्लयह केवल दक्षता की पहल नहीं है, बल्कि सुरक्षा और समृद्धि की पहल है। ल्लमुख्य विचार यह है कि कुछ आर्थिक दक्षता का त्याग करके लचीलापन बनाया जाए, एकल स्रोत पर निर्भरता कम की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि एआई अर्थव्यवस्था की अवसंरचना विश्वसनीय साझेदारों के नियंत्रण में हो। संबद्ध देशों के बीच समन्वित कार्रवाई को प्राथमिकता देकर पैक्स सिलिका साझेदारों को तकनीकी ढांचे के पूरक हिस्सों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है, बजाय इसके कि वे पूरी श्रृंखला को दोहराएं। वह बताते हैं, विचार यह नहीं है कि प्रत्येक देश पूरी श्रृंखला को दोहराए। बल्कि यह है कि विश्वसनीय साझेदार पूरक खंडों में विशेषज्ञता हासिल करें और सप्लाई चेन के सभी चरणों में क्षमताएं रखें। कई देशों के संसाधनों, प्रतिभा और उत्पादन को एकीकृत करके, यह पहल परिचालन निरंतरता को मज़बूत करती है और भाग लेने वाले देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक तालमेल का समर्थन करती है।

भारत ने फरवरी 2026 में पैक्स सिलिका पहल में शामिल होकर ट्रांसफॉर्मिंग द रिलेशनशिप यूटिलाइजिंग स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी (ट्रस्ट) पहल के तहत अमेरिका-भारत सहयोग के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। इसी कार्यक्रम में अमेरिका और भारत ने नवाचार के पक्ष में एक नियामक ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। कोटस्थाने बताते हैं, ल्लयू अमेरिका-भारत संबंध स्वाभाविक रूप से उपयुक्त हैं क्योंकि दोनों की क्षमताएं एक-दूसरे की पूरक हैं।

## सेहत मंत्र

# रामबाण से कम नहीं है बादाम का सेवन करना

बादाम को अक्सर इसमें पाएं जाने वाले पोषण लाभों के कारण सुपरफूड भी माना जाता है। आवश्यक विटामिन, खनिज और स्वस्थ फैट्स से भरपूर, ये छोटे-छोटे नट्स नियमित रूप से सेवन किए जाने पर ओवरऑल हेल्थ में काफी सुधार आता हैं। चाहे आप अपने मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना चाहते हों, हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाना चाहते हों या स्वस्थ वजन बनाए रखना चाहते हों, तो आप बादाम को आपके दैनिक आहार जरुर शामिल करें । भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, हर एक चीज सोच-समझकर खाना बहुत जरूरी हो गया है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर बादाम स्वस्थ रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतरीन हैं। खास तौर पर टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए, बादाम बेहतर रक्त शर्करा नियंत्रण में मदद करते हैं और कार्ब्स के ग्लाइसेमिक प्रभाव को कम करते हैं। बादाम आपके दिल के सबसे अच्छे दोस्त हैं। शोध से पता चलता है कि संतुलित आहार के हिस्से के रूप में रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने से अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा मिल सकता है, पेट की चर्बी कम हो सकती है और आपकी कमर को कम करने में मदद मिल सकती है - जो बेहतर हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। बादाम में जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ये पोषक तत्व आपके शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने और आपको स्वस्थ रहने में मदद करने के लिए मिलकर काम करते हैं। वास्तव में, FSSAI भी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ संतुलित आहार में बादाम को शामिल करने की सलाह देता है। क्या आप ऊर्ज़ा की कमी महसूस कर रहे हैं? बादाम आपकी मदद कर सकते हैं। हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, ये आपको ऊर्ज़ावान बनाए रखने के लिए एकदम सही हैं। तेज-तर्रार लाइफस्टाइल को देखते हुए, ये उन लोगों के लिए एकदम सही हैं जो चलते-फिरते एनर्जी बढ़ाना चाहते हैं।

## धर्म मंत्र

# जब काशी में एक हजार महिलाओं ने गाया 'शिव तांडव स्रोत'

वाराणसी को आध्यात्मिक नगरी होने के साथ ही बाबा भोलेनाथ की नगरी भी कहा जाता है। अगर आपको बनारस आने का सौभाग्य प्राप्त हो, तो आप देखेंगे कि यहां की प्रत्येक गली में आपको एक छोटा शिव मंदिर दिखाई दे जायेगा। आस्था की इस महानगरी का संबंध प्राचीन काल से है। वाराणसी या बनारस में कल-कल बहती मां गंगा की निर्मल धारा अनायास ही भक्तों को अपने पास बुलाती है। बनारस के घाट भारत के सुप्रसिद्ध घाटों में गिने जाते हैं। वहीं आप जब भी संध्या के समय बनारस के गंगा घाटों पर जाएंगे तो आपको भजन कीर्तन करते साधुओं की टोली नजर आ जाएगी। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं वाराणसी में गंगा किनारे हुए एक भव्य आयोजन की। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि नारी शक्ति को सम्मान देते हुए 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा शिवजी को अत्यंत प्रिय 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ कराया गया। इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए भारत के 14 राज्यों से महिलाएं शामिल हुई थीं। बताया जा रहा है कि इस आयोजन को मुंबई की एक संस्था के द्वारा आयोजित किया गया था और महिलाओं को इसमें शामिल कराने का पूरा जिम्मा इस संस्था ने ही उठाया था। इस आयोजन में शामिल हुई महिलाएं जब वाराणसी के गंगा घाट पर लाल और हरे रंग की साड़ी में पहुंची तो नजारा बेहद अद्भुत लग रहा था। वहीं, जब 1000 से भी ज्यादा की संख्या में नारी शक्ति ने एक साथ 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ शुरू किया तब गंगा घाट का नजारा शिवमय हो गया।

## पर्यटन



# पंजाबी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है गुरदासपुर शहर

गुरदासपुर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, पर्यटकों के लिए एक अद्भुत गंतव्य है। यह शहर पंजाब के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित है और यहाँ की हरियाली, शांतिपूर्ण वातावरण और ऐतिहासिक स्थल आपको एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं गुरदासपुर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में। गुरदासपुर का सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल है गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, जो सिख धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल है। यह गुरुद्वारा विशेष रूप से अपने अद्भुत वास्तुशिल्प और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर आने वाले श्रद्धालु न केवल धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, बल्कि यहां की शांति और वातावरण में एक गहरी आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करते हैं। गुरदासपुर जिले में बहने वाली रवी नदी भी एक प्रमुख पर्यटक स्थल है। यह नदी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जानी जाती है। नदी के किनारे बसे गांव और जंगल पर्यटकों को एक अलग तरह का अनुभव प्रदान करते हैं। यहाँ पर लोग पिकनिक, ट्रैकिंग और नाव की सवारी का आनंद भी ले सकते हैं। गुरदासपुर जिले के मंडि अहमदगढ़ में स्थित संतोख सिंह का मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर सिख धर्म के प्रसिद्ध संत संतोख सिंह जी को समर्पित है। मंदिर के आस-पास का क्षेत्र बहुत ही शांत और हरा-भरा है, जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुकून और शांति का अनुभव कराता है। गुरदासपुर जिले में स्थित अलीवाला किला एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसे 19वीं शताब्दी में बनवाया गया था। यह किला अपनी प्राचीन वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर जाने से पर्यटक इतिहास के महत्वपूर्ण हिस्सों को जानने और समझने का अवसर पाते हैं। किले के चारों ओर फैली हरियाली और किले की संरचना इसे एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनाती है। गुरदासपुर में स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहाँ पर कृषि संबंधित शोध और विकास कार्य किए जाते हैं। पर्यटक यहाँ आकर कृषि के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और पंजाब की कृषि में हो रहे नवाचारों को देख सकते हैं।

# उर्वरक गोदामों व बिक्री केंद्रों का सघन सत्यापन अभियान, अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## गड़बड़ी मिलने पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश , हड़कंप

बाराबंकी । शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद बाराबंकी में विभिन्न कंपनियों के उर्वरक गोदामों एवं फुटकर बिक्री केंद्रों पर आईएफएमएस पोर्टल एवं पीओएस मशीन में उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद, ब्लॉक एवं न्याय पंचायत स्तर पर समितियों का गठन करते हुए सभी गोदामों व बिक्री केंद्रों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी द्वारा जनपद के प्रमुख थोक उर्वरक विक्रेताओं– मेसर्स कृष्णा खाद भंडार, महादेव प्रसाद एंड सन्स, श्याम एजेंसी, माता प्रसाद भूरामल, गुप्ता फर्टिलाइजर्स, गुप्ता ब्रदर्स, संजू एजेंसी, राधेश्याम पवन कुमार एवं अग्रवाल इंटरप्राइजेज–के गोदामों का निरीक्षण कर स्टॉक का मिलान किया गया।



निरीक्षण के दौरान मेसर्स गुप्ता ब्रदर्स, महादेव प्रसाद एंड सन्स तथा माता प्रसाद भूरामल एंड सन्स द्वारा मौके पर स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत न किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

इसके अतिरिक्त, जिन गोदामों में गैर-अनुदानित उर्वरक का स्टॉक पाया गया, उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी प्रकार की मिश्रित बिक्री या आपूर्ति न की जाए। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-ए) श्री देशराज द्वारा तहसील रामनगर क्षेत्र में पांच फुटकर एवं एक थोक उर्वरक गोदाम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान किसान खाद भंडार, बिंदौरा की पीओएस मशीन खराब पाई गई, जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, विकास खाद भंडार (रानीबाजार) एवं मोहन खाद भंडार (ददौरा) बंद पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं सत्यापन की कार्रवाई जारी है। जांच के दौरान यदि पीओएस मशीन के आंकड़ों और गोदाम में उपलब्ध भौतिक स्टॉक में किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिंदगी और मौत की जंग में हारा सुहेल , उठे कई बड़े सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी असंद्रा थाना क्षेत्र के ढ़ेमा गांव से सामने आया मामला अब एक दर्दनाक अंत तक पहुंच गया है। वह सुहैल, जो बीते कई महीनों से जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था, आखिरकार इस लड़ाई में हार गया। उसके जाने के साथ ही एक मासूम बच्ची के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। कुछ समय पहले इनायतनगर पुलिस पर आरोप लगा था कि बिना किसी ठोस कारण के सुहैल को पकड़कर बेरहमी से मारपीट की गई थी। उस घटना ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी थी और लोगों के मन में व्यवस्था को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए थे। परिजन लगातार न्याय की गुहार लगाते रहे, जबकि सुहैल अस्पताल में जिंदगी की डोर



थामे मौत से जूझता रहा। महीनों तक चले इलाज और संघर्ष के बाद आखिरकार सुहैल ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत ने न सिर्फ परिवार को तोड़ दिया बल्कि पूरे मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है। गांव और आसपास के क्षेत्रों में गम और आक्रोश का माहौल है। सबसे बड़ा सवाल अब भी वही खड़ा है यदि सुहैल निर्दोष था, तो आखिर उसके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया? क्या किसी की लापरवाही या कथित अत्याचार ने एक परिवार को उजाड़ दिया? सुहैल की मौत ने एक बार फिर व्यवस्था और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इस मामले में सच सामने आएगा या यह भी समय के साथ दब जाएगा।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड बनीकोडर क्षेत्र के के ढेमा ग्राम पंचायत में बनाया गया अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र भ्रष्टाचार के चलते उद्देश्यों से कोसों दूर भटक गया। लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद यह केंद्र उपयोग से पहले ही खंडहर में तब्दील हो गया है। जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की अनदेखी के कारण यह केंद्र अपनी उपयोगिता खोता जा रहा है। सफाई के नाम पर खर्च किए गए लाखों रुपये ग्राम पंचायत के काम नहीं आ रहे।इसका उद्देश्य ये था कि घरों से निकला कूड़ा ई रिक्शा से केन्द्र तक ले जाना,लेकिन गांवो से न तो कूड़ा उठ रहा है ना ही केंद्रो तक पहुंच रहा है।

## रामनवमी पर आज निकलेगी शोभायात्रा, तैयारी पूरी

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पावन पर्व रामनवमी के अवसर पर नगर में इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित होने वाले इस जुलूस में भजन–कीर्तन, आरती तथा विभिन्न धार्मिक झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जुलूस का रूट पूर्व निर्धारित है और संबंधित अधिकारियों व पुलिस बल को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चलने से मिलती आत्मशांति

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीर, बुजुर्ग अल्लाह के बहुत करीब होते हैं इनके स्थानों पर आकर एक दिली सुकून का आनंद होता है। हम सभी को उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। उक्त विचार आज कस्बा बासा शरीफ में हजरत सैय्यद शाह अब्दुल रज़्ज़ाक़ बाबा के आस्ताने परचल रहे आठ दिवसीय मेले में मेला कमेटी द्वारा आयोजित जशन ने ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम को खिताब करते हुए हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद शैफ शफीपुरी ने उपस्थित जायरीन के बीच व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरुआत मौलाना अहमद अली ने तिलावते कलाम ए–पाक से की। हजरत मौलाना ने आगे कहा कि बुजुर्गों ने अल्लाह के पैगाम को दुनिया में आगे बढ़ाया है इनके वसीले से मांगी गई दुआ बहुत जल्द कबूल होती है हम सभी लोगों को अल्लाह के द्वारा बताए गए तरीके से अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए तभी हमारा जीवन सुकून और आराम से बीतेगा। ऐसे आसनों से आपसी एकता और प्रेम का संदेश मिलता है।

## महंत विक्रम दास का देहावसान

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाराबंकी–सीतापुर सीमा की ग्राम पंचायत खुज्झी स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल धन्नाग के महंत बाबा विक्रम दास ने बुधवार देर रात नश्वर शरीर त्याग परलोक गमन किया। वे 88 वर्ष के थे और पिछले छह माह से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर सार्वजनिक होते ही बाराबंकी व सीतापुर जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को उनके अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, वहीं दूर–दराज़ से सैकड़ों साधु–संत भी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, राम लखन शुक्ला, रामलाल यादव, इंद्रपाल यादव, श्रवण कुमार, रामराज, काशीराम गुप्ता, मानसिंह, बेला यादव, सुजीत कुमार, अमरनाथ समेत क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे।

## पंपिंग सेट पंखे में फंसकर बालक मरणासन्न

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंपिंगसेट से खेत की सिंचाई करते समय 12 वर्षीय तुफैल पुत्र सिराजअहमद की शर्ट पंखे में फंस गई।और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल तुफैल को परिजन तुरंत सीएचसी फतेहपुर लाए। गंभीर देख उसे बेहतर इलाज हेतु जिलाअस्पताल रेफर कर दिया।बालक की दशा चिंता जनक बताई जा रही है।

## पत्नी से त्रस्त होकर लगा ली फांसी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता शव बरामद हुआ।मृतक की पहचान 26 वर्षीय दुर्गेश कुमार पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। दुर्गेश का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। लगभग चार साल पहले उसकी शादी भिटरिया के पास दयारामपुर की महिला से हुई थी।पत्नी ने दुर्गेश के खिलाफ गुजारा भत्ता का मुकदमा भी दायर किया है जो न्यायालय में विचाराधीन है। परिजनों के अनुसार, युवक अपनी पत्नी से चल रहे विवाद और मुकदमे के कारण काफी परेशान रहता था। बदोसराय कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## देव जी भाई ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री देवजी भाई रावत ने कार्यालय पर बैठक में कहा कि सनातन परंपराएं सामाजिक समरसता का आधार हैं और सभी हिंदू एक समान हैं।उन्होंने अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप के साथ लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक पूजन कर विश्व कल्याण की कामना की।इस पूजा में विहिप पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बेकाबू कार की टक्कर से ग्रामीण जख्मी, गंभीर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा रोड पर इसरौली गांव के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बसारा निवासी 48 वर्षीय गयास खान को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हालात नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चालक की तलाश कर रही है।

## नैतिक पार्टी के पूर्वांचल प्रभारी बने प्रेम मोहन त्रिपाठी, समर्थकों में उत्साह

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के पयागीपुर निवासी प्रेम मोहन त्रिपाठी को नैतिक पार्टी का पूर्वांचल प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जैसे ही उनके नियुक्ति की खबर सुल्तानपुर पहुंची, समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। शहर पहुंचने पर लोगों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी और फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी को पूर्वांचल क्षेत्र में नई मजबूती मिलेगी और संगठन का विस्तार तेजी से होगा। प्रेम मोहन त्रिपाठी ने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ–साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में क्षेत्रीय मुद्दों को उठाने और जनता के बीच सक्रिय रहने का संकल्प भी लिया।

# भए प्रगट कृपाला, राम जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित मंदिर प्रांगण प्रचलित सात दिवसीय श्रीमद भगवत कथा के चौथे दिन राम जन्म कथा का व्यास उमेश महाराज द्वारा अमृत पान कराया गया। उन्होंने बताया कि अवधपुरी में एक रघुकुल शिरोमणि दशरथ नाम के राजा थे, जिनका नाम वेदों में विख्यात है। इनकी तीन रानियां है। कौशल्या , कैकई और सुमित्रा । इनके हृदय में भक्ति भरी हुई है। 3 विवाह हुए है लेकिन दुःख एक बात का है। एक बार भूपति मन माहीं। भै गलानि मोरें सुत नाहीं ? एक बार राजा के मन में बड़ी ग्लानि हुई कि मेरे पुत्र नहीं है।एक बार माता अरुन्धति , जो वशिष्ठ जी की धर्मपत्नी है उनके गोद में एक बालक है- अपने पुत्र को लेकर राजमहल में आई तो दशरथ जी ने गालों को छुआ दशरथ जी बोले की माँ- मैंने तो धीरे से छुआ। ये रो क्यू रहा है?माता अरुन्धति बोली की इसलिए रो रहा है आपको संतान नही है तो ये बालक किसका गुरु बनेगा। आपकी गद्दी तो सूनी रह जाएगी और परम्परा टूट जाएगी जैसे ही दशरथ जी ने बात सुनी तो उनके मन में ग्लानि आई है। जैसे ही हृदय में ग्लानि आई है तो गुरु वशिष्ठ जी के चरणों में जाकर चरण पकड़ लिए है। राजा ने जाकर अपना दुःख-सुख गुरु को सुना दिया है। गुरुदेव ने तुरंत आशीर्वाद दिया है। धीरज रखो-आपके 4 पुत्र होंगे। गुरु की बात सुनते ही हर्ष हो गया है। तुरंत श्रृंगी ऋषि को बुलाया गया है और पुत्रकामेष्टि यज्ञ करवाया गया है। जैसे ही यज्ञ पूर्ण हुआ है। अग्नि देव हाथ में चरु (खीर) लेकर प्रकट हो गए है। वशिष्ठ जी ने कहा है की तीनो रानियों में आप इस प्रशाद को बाँट दीजिये।

आधा हिस्सा पूरा महारानी कौसल्या को दे दिया गया है। अब बाकी बचे आधे के 2 हिस्से किये गए है। उसमे से एक हिस्सा पूरा-पूरा कैकई को मिला है। अब एक हिस्सा जो बचा है उसके भी 2 हिस्से किये गए है। और एक हिस्सा कौसल्या को दिया है और कौसल्या जी ने अपने हाथ से सुमित्रा जी को दिया है जिससे लक्ष्मण जी प्रकट हुए है। और एक हिस्सा केकई जी को दिया है और कैकई ने सुमित्रा को खिलाया है। जिससे शत्रुघ्न प्रकट हुए है। इस प्रकार सभी रानियां गर्भवती हुई है।

नौमी तिथि मधु मास पुनीता। सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता ? मध्यदविस अति सीत न घामा। पावन काल लोक बिश्रामा ? पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। सभी देवता भगवान की स्तुति करके अपने-अपने लोकों में पधारे है। और उसी समय आज अवधपुरी के दिव्य भवन के दिव्य कक्ष में भगवान श्री राम प्रकट हो गए है।

इस मौक़े पर श्रीमती पुष्पा , श्रवण कुमार कश्यप, कृष्ण कुमार कश्यप, सुनील चौहान, देधराज यादव, काशीराम वर्मा, मास्टर सुरजन यादव, अरुण कुमार नाग, नरेंद्र चौहान, दिलीप कुमार वर्मा, लल्लू यादव आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# 193 जोड़ों ने लिए सात फ़ेरे, 3 जोड़ों का निकाह,1 सिख जोड़े का आनंद कारज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को बल्दीराय ब्लॉक परिसर में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें कुल 197 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार,निकाह और सिख रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुए विवाह समारोह ने सामाजिक समरसता और सामूहिक सहयोग की मिसाल पेश की। बड़ी संख्या में परिजन,जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग इस आयोजन के साक्षी बने।समारोह में 193 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार अग्नि के सात फ़ेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने की शपथ ली।वहीं मुस्लिम समुदाय के तीन जोड़ों का निकाह हाजी द्वारा पढ़ाया गया तथा एक सिख जोड़े का विवाह सिख परंपरा के अनुसार आनंद कारज से संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में सभी धर्मों और समुदायों के लोगों की सहभागिता देखने को मिली।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा सिंह,विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार,जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह,खंड विकास अधिकारी विमलेश चंद्र त्रिवेदी और भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल मौजूद रहे।अतिथियों ने नवदंपतियों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय दांपत्य जीवन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बहुत बड़ी राहत है।इस योजना से बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिल रहा है और समाज में सामूहिक विवाह को बढ़ावा मिल रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है,जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है।कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह की देखरेख में किया गया।

# मलौली आश्रम पर भव्य भगवती जागरण डा. विवेक ने की पूजा अर्चना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी । मसौली स्थित रामशरणदास भगवतदास हनुमान मंदिर मसौली मे बीती रात्रि मां भगवती का भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें माता के गुणगान के साथ झांकियां भी प्रस्तुत की गई ।रात भर चले जागरण में सभी श्रद्धालु माता के गुणगान सुन झुमते रहे । कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की ज्योति प्रज्वालित कर की गई।जे एम डी जागरण म्यूजिकल ग्रुप बाराबंकी के गायकों मां दुर्गा के एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया । सर्वप्रथम माता रानी का पूजन यजमान मोहिंत हिंदु व उनकी पत्नी सोनिका को पुजारी बाबा रामलाल दास व अभय प्रताप मिश्रा ने विधि विधान से पूजा कराते हुए माँ की ज्योति प्रजवल्लित कराई तथा माँ का आवाहन व गणेश वंदना आकाश साई लखनऊ ने मेरी आन रखना माँ मेरी शान रखना इसके तत्पाश्चत गणेश वंदना गणपति लाखों मेरी लाज । पूरन की जो मेरे काज ।।

सीतापुर की गायिका सोनी शर्मा ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, माँ मुरादें पूरी कर दे हलवा बाटूँगी, जय श्री राधे जय श्री राधे, बाराबंकी से आये गायक शिव मास्टर ने गया कि जल गये सारे रिस्तेदार जब से माँ तेरी कृपा हो गयी, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है। कानपुर से पधारे शौरभ अलबेला व कलाकारों द्वारा गणेश शिवशंकर भोलेनाथ माता पार्वती राधे कृष्ण द्वारा बृज की होली, सुदामा चरित्र , राम दरबार व बाहुबली हनुमान जी की , काली माता आदि की झांकियां प्रस्तुत की गई । जागरण के बाद ताररानी की फिर मन्दिर के पुजारी रामलाल दास ने माता रानी की आरती की हलुआ चना का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता डा.विवेक कुमार वर्मा, आयोजक राहुल ठाकुर, सोनू जैन, मनोज यादव, पंकज नाग, कैलाश नाग, लवकुश यादव, रिषभ गुप्ता, ओमनाग अनिल सैनी, घनश्याम वाल्मीकि, प्रेमनंद वर्मा, देवी शंकर , डा.शत्रोहन लाल विश्वकर्मा आदि भक्त गण मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने बच्चों को सौंपा पार्क, खुशी से झूमे मासूम

## पुलिस लाइन्स बाराबंकी में नवनिर्मित चिल्ड्रेन पार्क का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन्स परिसर में नवनिर्मित चिल्ड्रेन पार्क का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने पार्क की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पार्क पुलिस परिवार के बच्चों के लिए सुरक्षित एवं मनोरंजक वातावरण उपलब्ध कराएगा, जहां वे खेल-कूद के माध्यम से अपने शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री संगम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण



एवं पुलिस परिवार के बच्चे उपस्थित रहे। लोकार्पण के उपरांत बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा उन्होंने पार्क में उपलब्ध सुविधाओं का आनंद लिया। यह पहल पुलिस परिवार के कल्याण एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे विभागीय वातावरण में सकारात्मकता और आपसी जुड़ाव को भी बढ़ावा मिलेगा।

# लोधेश्वर महादेव में जलाभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना, समरसता पर दिया बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । भारतीय धर्मधारा की सनातन परंपराएं सामाजिक समरसता की आधारशिला हैं, जहां किसी प्रकार का ऊंच-नीच नहीं, बल्कि सभी को समान भाव से भारत माता का पुत्र माना जाता है। हम सब एक हैं और यही हमारी सांस्कृतिक शक्ति है। यह विचार विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय सामाजिक समरसता प्रमुख देव जी भाई रावत ने व्यक्त किए। गुरुवार प्रातः विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री देव जी भाई रावत एवं अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन-पूजन कर जलाभिषेक किया तथा विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के अर्चक आदित्य नाथ तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश, जिला अध्यक्ष रामनाथ मौर्य, जिला मंत्री राहुल कुमार, जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद शुक्ला, प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा तथा जिला सामाजिक समरसता प्रमुख मनीष कनौजिया सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्राट अशोक के विचारों के आत्मसात से हो सकती है शांति स्थापना : प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।सम्राट अशोक के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने युद्ध की जगह शांति, घृणा की जगह प्रेम, और विभेद की जगह एकता को बढ़ावा दिया। उनके विचारों पर चलकर देश और संसार में शांति स्थापित हो सकती है। आज के समय में भी सम्राट अशोक के विचार हमें प्रेरित करते हैं कि हम शांति और एकता के लिए काम करें। जिला समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष मो.अयाज ने आगे कहा सम्राट अशोक महान मौर्य का चरित्र परिवर्तन इतिहास का एक अनुपम उदाहरण है। हाफिज अयाज आज सपा जिला कार्यालय में सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में संबोधित कर रहे थे।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश भर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।सपा जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार गोष्ठी मे सम्राट अशोक महान के चित्र पर भावभीनीपुष्पांजलि अर्पित की गई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान मौर्य ने कहा सम्राट अशोक महान ने युद्ध को त्याग कर प्रजा के विकास और देश के उत्थान के लिए पूरे भारत में शिलालेख स्तंभ हजारों स्पूतो का निर्माण करने के साथ लोक कल्याण के लिए सड़के कुएं विश्रामगृह अस्पताल बनवाने के साथ अपने साम्राज्य को नैतिकता से जोड़ते हुए जन सेवा के ऐसे ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए थे जिससे उनका शासन कल्याणकारी राज्य का आदर्श उदाहरण बनने के साथ आज भी विश्व को करुणा सेवा नैतिकता सहिष्णुता और मानव कल्याण के संदेश दे रहा है। गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव, जितेंद्र पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, यशवंत सिंह यादव, कामता प्रसाद यादव, सुरेश चंद्र गौतम, नसीम कीर्ति, समीम चौधरी, सिराज उस्मानी, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव, रजनी यादव, अजीत सिंह यादव, जिला अध्यक्ष युवजन सभा आशीष सिंह आर्यन, मोहम्मद उबेद शानू ,परशुराम यादव, विनय कुमार यादव, सुरेश चंद्र यादव, सान सिद्दीकी, संतोष रावत, जयसी राम यादव, मोहम्मद आफाक, मोहम्मद मेराज, पवन वर्मा, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा सहित तमाम पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सम्राट अशोक महान के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## संयोग से हुए सेलेक्शन से ऐतिहासिक स्वर्ण तक: ओडिशा की किशोरी अंजलि मुंडा ने केआईटीजी में रचा इतिहास

एजेंसी

रायपुर। कभी-कभी एक कक्षा में उठाया गया छोटा-सा हाथ जिंदगी की दिशा बदल देता है। साल 2022 में जब एक खेल शिक्षक ने छात्रों से अलग-अलग खेल चुनने को कहा, तब 11 वर्षीय अंजलि मुंडा ने चुपचाप तैराकी को चुना। एक ऐसा खेल, जिसे वह सिर्फ पानी में खेलने के वाले खेल के रूप में जानती थीं। चार साल बाद ओडिशा की यह किशोरी रायपुर में जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बनकर इतिहास रच चुकी है।

ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव (भुवनेश्वर से लगभग 100 किमी दूर) की रहने वाली अंजलि का पानी से रिश्ता शुरुआत में केवल मज़े तक सीमित था, किसी औपचारिक प्रशिक्षण से नहीं। चार भाई-बहनों में सबसे छोटी अंजलि के पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। वह 10 साल की उम्र में कलिंगा



इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज पहुंचीं, जहां जनजातीय छात्रों को निःशुल्क शिक्षा और आवास मिलता है। शुरुआत में वह अपनी बड़ी तीरंदाज बहन से प्रेरित थीं, लेकिन अंजलि ने तैराकी में अपनी अलग राह चुनी। पानी में सहजता ने धीरे-धीरे प्रतिस्पर्धी आत्मविश्वास का रूप लिया। तैराकी शुरू करने के एक साल बाद ही उन्होंने एक स्थानीय क्लब टूर्नामेंट में रजत पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई। एक ऐसा पल जो आज भी उनके लिए खास है।

अंजलि ने कहा, ल्लमेरे जीवन का पहला पदक था और बहुत खास था। इससे मुझे विश्वास मिला कि मैं इस खेल में अच्छा कर सकती हूं। मैं अपने कोचों की आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी ट्रेनिंग में मेहनत की। बुधवार को उन्होंने इस भरोसे को सच साबित किया। 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तैराकी की मजबूत टीम कर्नाटक को पहले दिन के सभी छह स्वर्ण जीतने से भी रोक दिया। अंजलि अपनी सफलता का श्रेय खेल मंत्रालय की पहल, खासकर अस्मिता लीग (एचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन्स बाय इंस्पायरिंग वुमन थ्रू एक्शन) को देती हैं। 2024 में संभलपुर में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता लीग में उन्होंने दो रजत पदक जीते थे और दो अन्य इवेंट्स में भी पदक के करीब रहीं। अंजलि ने कहा, ल्लइन पदकों ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। मुझे लगा कि मैं बड़े टूर्नामेंट में भी अच्छा कर सकती हूं। हाल ही में गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता (यू-15 व यू-18) स्विमिंग लीग (ईस्ट जोन) में उन्होंने दो रजत पदक जीते और उसी फॉर्म को रायपुर में जारी रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना पहला स्वर्ण हासिल किया। इस बड़ी उपलब्धि के बावजूद अंजलि पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। उनका लक्ष्य अपने 2:25 के पर्सनल बेस्ट को बेहतर करना था। गुवाहाटी से रायपुर की लगातार यात्रा ने उनकी दिनचर्या प्रभावित की – यहां तक कि रेस से पहले भूख न लगने के कारण उन्होंने सिर्फ अंगूर खाकर ही पूल में उतरना पड़ा।

अब उनकी नजर आगे की चुनौतियों पर है। 15 वर्षीय अंजलि अब महिलाओं की 50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडली में अपने पर्सनल बेस्ट को बेहतर करने के लक्ष्य के साथ उतरेंगी।

## फीफा वर्ल्ड कप 2026 को लेकर चिंताएं बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गईं: मोंटाग्लियानी

एजेंसी



अटलांटा। फीफा के उपाध्यक्ष विक्टर मोंटाग्लियानी ने बुधवार को आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 को लेकर उठ रही राजनीतिक और सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बताया है। उनका कहना है कि जैसे ही टूर्नामेंट शुरू होगा, ये सभी मुद्दे पीछे छूट जाएंगे और फोकस केवल फुटबॉल पर रहेगा। यह विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। हालांकि, टूर्नामेंट से पहले कई तरह की चुनौतियां सामने आई हैं, जिनमें मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त इमिग्रेशन नीतियां और मेक्सिको में गैंग हिंसा जैसी चिंताएं शामिल हैं। ईरान ने भी संकेत दिए हैं कि वह अमेरिका में अपने मैच नहीं खेलेगा, क्योंकि ट्रंप ने ईरानी खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चेतावनी दी थी। वहीं, कई देशों के प्रशंसकों ने वीजा मिलने में कठिनाई और इमिग्रेशन एजेंसियों के व्यवहार को लेकर चिंता जताई है। मोंटाग्लियानी, जो कॉनकाकाफ के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि इस तरह की भू-राजनीतिक चुनौतियां हर वर्ल्ड कप से पहले सामने आती रही हैं। उन्होंने 1978 के अर्जेंटीना वर्ल्ड कप का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भी राजनीतिक परिस्थितियां बेहद संवेदनशील थीं। उन्होंने कहा, ल्लहर वर्ल्ड कप में इस तरह के मुद्दे रहे हैं। आज के समय में ये ज्यादा बड़े इसलिए दिखते हैं क्योंकि सोशल मीडिया और मीडिया कवरेज का दायरा बढ़ गया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी हाल के दिनों में चर्चा में रहे हैं, खासकर ट्रंप के साथ उनके करीबी संबंधों को लेकर। हालांकि, मोंटाग्लियानी ने स्पष्ट किया कि आयोजकों का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों और प्रशंसकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, ल्लहमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत हो। इसके लिए अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की सरकारों के साथ हमारा समन्वय जरूरी है, ताकि सभी दर्शक सुरक्षित माहौल में मैच का आनंद ले सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल मुकाबले से पहले न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में लिया तैयारियों का जायजा

चंडीगढ़। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के तहत 31 मार्च को होने वाले पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले से पहले तैयारियों को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। पंजाब क्रिकेट संघ के नवनियुक्त सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने उपाध्यक्ष दीपक बाली के साथ न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित स्टेडियम का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम की बैठने की व्यवस्था, पहुंच मार्ग, पार्किंग, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसे अहम पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने दर्शकों को सुरक्षित और सहज अनुभव उपलब्ध कराने के लिए जरूरी इंतजामों की समीक्षा की। मीत हेयर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और बेहतर आयोजन न केवल दर्शकों का अनुभव बढ़ाते हैं, बल्कि राज्य की छवि को भी मजबूत करते हैं। इससे भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के अवसर भी बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंजाब को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर भी मिला है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। दीपक बाली ने प्रशासन और पुलिस के बीच समन्वय को अहम बताते हुए कहा कि इस स्टेडियम में 31 मार्च के मुकाबले के अलावा तीन और मैच आयोजित होने हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह स्टेडियम भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

### आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम घोषित, देश के 12 विभिन्न शहरों में खेले जाएंगे मुकाबले

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। लीग चरण के शेष 50 मुकाबले 13 अप्रैल से 24 मई के बीच देश के 12 विभिन्न शहरों में खेले जाएंगे। प्लेऑफ मुकाबलों के आयोजन स्थलों की घोषणा बाद में की जाएगी।
दूसरे चरण के मुकाबले बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में होंगे। टूर्नामेंट के इस महत्वपूर्ण चरण में टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगी और अंक तालिका में आगे बढ़ने की जंग और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।
दूसरे चरण की शुरुआत 13 अप्रैल से होगी, जिसमें हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। यह मुकाबला आगे आने वाले रोमांचक मैचों की श्रृंखला का आगाज करेगा। इस चरण में कुल आठ डबल हेडर मुकाबले भी खेले जाएंगे। दोपहर के मैच भारतीय समयानुसार साढ़े तीन बजे से शुरू होंगे, जबकि शाम के मुकाबले साढ़े सात बजे से खेले जाएंगे।
पंजाब किंग्स अपने घरेलू मुकाबले न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी, जिसमें इस चरण के दौरान धर्मशाला में तीन मैच शामिल हैं। राजस्थान रॉयल्स जयपुर में चार घरेलू मैचों की मेजबानी करेगी, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने तीन घरेलू मैच बेंगलुरु और दो मुकाबले रायपुर में खेलेगी।

### गुवाहाटी में होगा वनडे और टेस्ट मैच, 2026ऽ27 सत्र में एसीए को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी

गुवाहाटी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2026ऽ27 सत्र के लिए टीम इंडिया (सीनियर मेन्स) के अंतरराष्ट्रीय घरेलू मैचों का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह खबर असम और पूर्वोत्तर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए उत्साहजनक है। असम क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने बताया कि गुवाहाटी को इस सत्र में दो प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी के लिए चुना गया है। वेस्टइंडीज के भारत दौरे के दौरान, जो 27 सितंबर, 2026 से शुरू होगा, गुवाहाटी में दूसरा वनडे 30 सितंबर, 2026 को खेला जाएगा। इसके अलावा, गुवाहाटी बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच की मेजबानी 11 से 15 फरवरी, 2027 तक करेगा, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा होगा, जिसकी शुरुआत 21 जनवरी, 2027 से होगी। यह असम के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो गुवाहाटी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करता है। एक ही सत्र में वनडे और टेस्ट दोनों की मेजबानी करना इस क्षेत्र की विश्वस्तरीय आयोजन क्षमता को दर्शाता है। एसीए ने आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह और बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया का धन्यवाद व्यक्त किया और खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने का वादा किया।
इस साल के ये हाई–प्रोफाइल मैच क्रिकेट प्रेमियों को गुवाहाटी में रोमांचक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आनंद लेने का अवसर देंगे।

### आरिफ के गोल से झांसी मंडल विजयी


प्रयागराज। झांसी मंडल ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को 1–0 से हराकर अंतर मंडलीय रेलवे फुटबाल प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में झांसी मंडल के लिए आरिफ ने पहले हाफ के पांचवें मिनट में गोल करके अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी थी, जो खेल के अंत तक बनी रही। मैच के बाद पूर्व फुटबालर संतोष कुमार और वरिष्ठ क्रिकेटर अनूप सिंह ने विजेता टीम के अफरोज अहमद को शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में कबीर खान, योगेश चंद्र, विवेक सिंह एवं संजीव सिंह निर्णायक रहे। शुक्रवार को प्रयागराज मंडल का मुकाबला आगरा मंडल से होगा।

### भारतीय क्रिकेट टीम के घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र 2026–27 का कार्यक्रम घोषित, खेले जाएंगे कुल 22 मुकाबले

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र 2026–27 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस सत्र में भारत वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। पूरे सत्र में 17 शहरों में कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे देशभर के दर्शकों को उच्च स्तरीय क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा। घरेलू सत्र की शुरुआत 27 सितंबर 2026 से वेस्टइंडीज के खिलाफ होगी। इस दौरे में तीन एकदिवसीय और पांच टी–20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। एकदिवसीय मैच तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में होंगे, जबकि टी–20 मुकाबले लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में आयोजित किए जाएंगे।
दिसंबर 2026 में श्रीलंका की टीम भारत दौरे पर आएगी।

## धौलाधार की वादियों में आईपीएल का रोमांच मई में धर्मशाला में खेले जाएंगे तीन मुकाबले

एजेंसी



धर्मशाला। दुनिया के सबसे खूबसूरत क्रिकेट मैदानों में शुमार हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में एक बार फिर आईपीएल का रोमांच देखने को मिलेगा। बीसीसीआई द्वारा जारी नवीनतम शेड्यूल के अनुसार आगामी मई महीने में धर्मशाला के इस मैदान पर कुल तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पंजाब किंग्स के दूसरे 'होम ग्राउंड' में यह मुकाबले क्रिकेट प्रेमियों को जबरदस्त रोमांच लाने वाले होंगे। बर्फ से ढकी पहाड़ियों के बीच होने वाले इन मैचों को लेकर न केवल हिमाचल के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है, बल्कि स्थानीय पर्यटन उद्योग को भी इससे बड़ी उम्मीदें जगी हैं। धर्मशाला में मैचों का सिलसिला 11 मई को शुरू होगा जब पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इसके ठीक तीन दिन बाद 14 मई को मुंबई इंडियंस की टीम यहां पंजाब को चुनौती देने पहुंचेगी। इन दोनों मुकाबलों का समय शाम 7:30 बजे रखा गया है। वहीं 17 मई को होने वाला मुकाबला सबसे खास माना जा रहा है क्योंकि उस दिन रविवार को दोपहर 3:30 बजे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच भिड़ंत होगी। किंग कोहली और पंजाब के शेरों के बीच होने वाली इस टक्कर को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने की संभावना है। धर्मशाला के इन मैचों के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों में भी क्रिकेट का पारा चढ़ेगा। 12 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच होगा जबकि 13 मई को रायपुर के मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से लोहा लेगी। 15 मई को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा और 16 मई को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स की टीम केकेआर से भिड़ेगी। इन मैचों के आयोजन से न केवल खेल प्रेमियों का मनोरंजन होगा, बल्कि पर्यटन और स्थानीय व्यापार को भी जबरदस्त बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## कड़े मुकाबले के बीच भारतीय स्कीट निशानेबाज एक्शन के लिए तैयार

टांगीयर, मोरक्को। आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप टांगीयर के तहत भारतीय स्कीट टीम 27 मार्च से शुरू हो रही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। पहला टूर्नामेंट क्लब टांजेरोआ द तिर, टांगीयर में आयोजित होगा, जहां दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष और महिला वर्ग में 75-75 टारगेट होंगे। इसके बाद 50 टारगेट और रविवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे (स्थानीय समय सुबह 9 बजे) शुरू होंगे। महिला फाइनल रात 8:30 बजे और पुरुष फाइनल रात 10:00 बजे आयोजित होंगे। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में अधिकतम छह-छह खिलाड़ियों की एंट्री दी है, जबकि दो-दो खिलाड़ी रैंकिंग पॉइंट्स के लिए भाग लेंगे। महिला वर्ग में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चादीद मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करके प्रमुख आकर्षण होंगी।

## अवस्थी मेमोरियल टी–20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट : यथार्थ और उस्मान बने मैन आफ द मैच

एजेंसी

मुरादाबाद। अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज एमपीएस के मैदान पर गुरुवार को पहला मुकाबला सैंट पाल क्रिकेट अकैडमी और द आर्यांश क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया और दूसरा मैच रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी और एमपीएस क्रिकेट अकैडमी के बीच हुआ।

पहला मैच सेंट पॉल क्रिकेट अकैडमी ने 93 रन से जीता। इसमें मैन ऑफ़ द मैच यथार्थ व्यस्त को चुना गया। दूसरा मैच रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी ने 26 रन से जीत लिया। इसमें मैन ऑफ द मैच मोहम्मद उस्मान को चुना गया।

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया डीएसए मुरादाबाद एवं अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित



अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन गुरुवार को ग्रुप ए के दो मुक़ाबले खेले गये।

पहला मुक़ाबला सैंट पाल क्रिकेट अकैडमी और द आर्यांश क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सैंट पॉल क्रिकेट अकैडमी 18.3 ओवर में 168 रन बनाकर आलआउट हो गई। 11.5 ओवर में मात्र 74 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सैंट पॉल क्रिकेट अकैडमी के लिए यथार्थ व्यस्त ने शानदार 5 विकेट चटकाए इसके अलावा अभिमन्यु ने 2 व मशी उल आज़म और रैयान ने 1-1 विकेट लिया। इस तरह यह मुक़ाबला सैंट पॉल क्रिकेट अकैडमी ने 93 रन से जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच यथार्थ व्यस्त को चुना गया।

दूसरा मुक़ाबला रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी और एम पी एस क्रिकेट अकैडमी के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 171 रन बनाए। लक्ष का पीछा करते हुए एम पी एस क्रिकेट अकैडमी निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर महज़ 145 रन ही बना पाई। टीम के लिए मोहम्मद नादिर ने 56 व विशुदीप ने 35 रन बनाए। इस तरह यह मुक़ाबला रुक्मणी क्रिकेट अकैडमी ने 26 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद उस्मान को चुना गया।

अम्पायर की भूमिका में रईस अहमद व शमशाद अल्वी रहे।

## केआईटीजी उद्घाटन पर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने कहा–एशियन गेम्स में पदक मेरा अधूरा सपना

एजेंसी

रायपुर। पिछले एक दशक से सैखोम मीराबाई चानू भारतीय वेटलिफ्टिंग का बड़ा नाम रही हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक, तीन विश्व चैंपियनशिप पदक और तीन कॉमनवेल्थ गेम्स पदक जीते हैं।=लेकिन एक उपलब्धि अब भी उनसे दूर है—एशियाई खेलों का पदक। मीराबाई ने पहली बार 19 साल की उम्र में 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में हिस्सा लिया था, जहां वह नौवें स्थान पर रहीं। 2018 जकार्ता एशियन गेम्स से उन्हें पीठ की चोट के कारण हटना पड़ा। 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में वह पदक के बहुत करीब पहुंचीं, लेकिन कूल्हे की चोट के कारण उनका सपना टूट गया। इस चोट के कारण वह लगभग पांच महीने तक खेल से बाहर रहीं। 31 वर्षीय मीराबाई ने इसके बाद शानदार वापसी की और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया, जहां वह लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने से थोड़ा चूक गईं। अब उनका पूरा ध्यान एशियन गेम्स में पदक जीतने पर है। मीराबाई ने कहा, ल्लएशियन गेम्स मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वहां मेरा अधूरा सपना है। वहां प्रतियोगिता का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और चुनौतीपूर्ण बनाता है। उनके लिए एक बड़ी चुनौती वेट कैटेगरी बदलना भी है। वह आमतौर पर 49 किलोग्राम वर्ग में खेलती हैं, लेकिन नियमों में बदलाव के कारण अब उन्हें 48 और 49 किलोग्राम के बीच बदलाव करना होगा। वह 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48 किलोग्राम वर्ग में खेलेंगी। इसके बाद 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में उतरेंगी। उन्होंने साई मीडिया से कहा, ल्लकॉमनवेल्थ गेम्स तक मैं अपना वजन 48 किलोग्राम में रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने बाद एशियन गेम्स 49 किलोग्राम में हैं, इसलिए मुझे फिर से बदलना होगा।

## मियामी ओपन 2026: सबालेंका और राइबाकिना के बीच सेमीफाइनल में होगी टक्कर

एजेंसी

मियामी। मियामी में खेले जा रहे प्रतिष्ठित मियामी ओपन 2026 में महिला एकल वर्ग में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका और दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी एलेना राइबाकिना के बीच एक और हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अमेरिका की हैली बैपटिस्ट को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं राइबाकिना ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 2-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। पेगुला पिछले साल इसी टूर्नामेंट में सबालेंका से फाइनल हार चुकी थीं। दोनों स्टार खिलाड़ी गुरुवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगी। सबालेंका और राइबाकिना के बीच हाल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे हैं। इस साल जनवरी में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में राइबाकिना ने सबालेंका को हराया था, जो 2026 में सबालेंका की एकमात्र हार रही। हालांकि, सबालेंका ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर उसका बदला चुका लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि राइबाकिना के खिलाफ मुकाबले हमेशा कड़े और रोमांचक होते हैं और वह इस भिड़ंत को लेकर काफी उत्साहित हैं। सबालेंका अब ल्लसनशाइन डबलङ्क (इंडियन वेल्स और मियामी ओपन जीतने) से सिर्फ दो जीत दूर हैं।

क्वार्टरफाइनल में सबालेंका को बैपटिस्ट से कड़ी चुनौती मिली, लेकिन अहम मौकों पर उन्होंने दबाव संभालते हुए जीत दर्ज की।दूसरी ओर, राइबाकिना ने पेगुला के खिलाफ खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की। पहला सेट गंवाने के बाद उन्होंने लय पकड़ी और लगातार पांचवीं बार पेगुला को हराया।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच चिंता में बाजार, दुनिया की हालात देख निवेशक बरत रहे सतर्कता

एजेंसी

मुंबई। पिछले दिन बुधवार 25 मार्च को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ा, वहीं निफ्टी 23300 के पार पहुंच गया। बाजार में यह बढ़त अमेरिका-ईरान के बीच तनाव कम होने के संकेत, कच्चे तेल कीमतों में गिरावट आई जो कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों की वजह से देखने को मिली। लेकिन जानकारों का कहना है, कि बाजार में चिंता अभी भी बनी हुई है। रामनवमी के अवसर पर गुरुवार 26 मार्च को को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्स स्टॉक एक्सचेंज बंद है, लेकिन आज से कल तक वैश्विक घटनाक्रम में क्या बदलाव आते हैं उसको लेकर बाजार सतर्क बना हुआ है। निवेशक रिस्क लेने की मूड में नहीं हैं और सतर्क होकर निवेश कर रहे हैं।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और रिसर्च एनालिस्ट हरिप्रसाद कहते हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार में उछाल आया, बेंचमार्क इंडेक्स 1.5 प्रतिशत से अधिक चढ़े। अमेरिका और ईरान के बीच सकारात्मक घटनाक्रम की खबरों ने बाजार में उत्साह का माहौल पैदा किया। इससे वैश्विक बाजार में रिस्क ऑन रिएक्शन देखने को मिला। हालांकि सतर्क रूख अभी भी अपनाया जा रहा है। प्रसाद कहते हैं, बाजार में बढ़त का एक बड़ा कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट भी रही, जिसमें कच्चे तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के निशान से नीचे आ गया। कच्चे तेल के प्रति भारत की मैक्रो सेंसिटिविटी को देखते हुए इससे महंगाई की उम्मीदें, करेंसी के दबाव और कॉर्पोरेट मार्जिन पर राहत मिली। लेकिन बाजार के रिएक्शन से पता चलता है कि घरेलू बाजार के सेंटिमेंट अभी भी वैश्विक एनर्जी डायनामिक्स से जुड़े हुए हैं। रैली के बाद भी वोलैटिलिटी बनी हुई है, भारत का वीआईएक्स 24 के निशान के ऊपर बना हुआ है। इससे पता चलता है कि अंदर की घबराहट अभी कम नहीं हुई है और मौजूदा तेजी में मजबूत इंस्टीट्यूशनल भरोसे की कमी है। हालांकि गुरुवार को कच्चे तेल के दाम में उछाल देखने को मिला। ब्रेंट क्रूड 1.3 प्रतिशत बढ़कर 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

जियोजित इंवेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर कहते हैं, वैश्विक रिस्क सेंटिमेंट में सुधार की वजह से शांति की उम्मीदों भी कुछ बढ़ी हैं। इसमें अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की संभावना, मिले-जुले भू-राजनीतिक घटनाक्रम की वजह से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे आ गईं है, जिसका बाजार ने स्वागत किया है। होर्मुज स्ट्रेट के जरिए समुद्री आवाजाही सामान्य होने के शुरुआती संकेतों से निवेशकों का भरोसा और बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। नायर कहते हैं, घरेलू रैली बड़े पैमाने पर थी, जिसमें सभी सेक्टर में वैल्यू ड्रिवन खरीदारी से सहारा मिला। भारत का वैल्यूएशन प्रीमिमय जो कुछ समय से ऊंचा बना हुआ था, अब कुछ हद तक स्तर पर आ गया है।

# कांग्रेस समेत चार राष्ट्रीय दलों के कुल चंदे से 1000% ज्यादा भाजपा को मिला

एजेंसी

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 में देश के प्रमुख राजनीतिक दलों की चंदे से हुई कमाई के आंकड़े सामने आ चुके हैं। भाजपा एक बार फिर देश में सबसे ज्यादा चंदा पाने वाली पार्टी के तौर पर उभरी है। वहीं, दूसरा नंबर कांग्रेस का है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के पहले नंबर के राजनीतिक दल और दूसरे नंबर के राजनीतिक दल के तरफ से जुटाए गए चंदे के बीच का दायरा करीब 12 गुना से ज्यादा है। यह आंकड़ा इसलिए भी आश्चर्य में डालने वाला है, क्योंकि भाजपा के पास कांग्रेस के मुकाबले सिर्फ दोगुने दानकर्ता ही हैं। यानी साफ तौर पर भाजपा को मिलने वाला चंदा बड़ी राशियों का है।

भाजपा और कांग्रेस के अलावा कई और पार्टियों ने भी 2024-25 में मिले दान की राशि का खुलासा किया है। नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय दलों को 20 हजार रुपये




से अधिक के चंदे का रिकॉर्ड दिखाना होता है और यह पूरा रिकॉर्ड 30 सितंबर 2025 तक चुनाव आयोग के पास भेजना होता है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर 2024-25 में अलग-अलग पार्टियों को कितना चंदा मिला? इन पार्टियों ने कितने दानकर्ता जुटाए? किस दल ने एलान किया कि उसे 20 हजार रुपये से ज्यादा का चंदा ही नहीं मिला? इसके अलावा राज्यवार स्तर पर राष्ट्रीय दलों को कहां-कहां से दान मिला? इन दलों के कॉरपोरेट और व्यक्तिगत स्तर पर दिए गए चंदे के क्या आंकड़े हैं? इसके अलावा 20 हजार से कम और 20 हजार रुपये से ज्यादा के दानों का आंकड़ा क्या है?

सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को कुल मिलाकर 11,343 दानकर्ताओं की तरफ से 6648.563 करोड़ रुपये का चंदा मिला।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा): देशभर में राजनीतिक दलों को जितना चंदा मिला, उसकी कुल राशि में 91 फीसदी से ज्यादा भाजपा को ही मिली। भाजपा ने 2024-25 के लिए 6074.015 करोड़ रुपये का दान दिखाया है। उसे यह दान 5522 दानदाताओं के जरिए मिला। यह राशि भाजपा के बाद चंदा जुटाने वाले चार राष्ट्रीय दलों को मिले कुल चंदे से 10 गुना से भी अधिक है।

कांग्रेस: कांग्रेस ने अपना दान 517.394 करोड़ रुपये दिखाया है, जो कि उसे 2501 दानकर्ताओं से मिला है। कांग्रेस को मिली यह राशि भाजपा के मुकाबले करीब 1000 प्रतिशत कम है।

आम आदमी पार्टी (आप): आप ने 2024-25 के लिए अपनी दान की राशि 38.106 करोड़ रुपये दर्शायी है, जो कि उसे 2554 दानकर्ताओं की तरफ से मिली।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा): माकपा को 2024-25 में 16.957 करोड़ रुपये का दान मिला, जो कि 741 दानदाताओं से जुटाया गया।

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी): पूर्वोत्तर की इस प्रमुख पार्टी ने अपना दान 2.091 करोड़ रुपये दिखाया है, जो कि उसे 25 दानकर्ताओं से मिला।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा): जिन दलों को चंदा मिला है, उनमें एक चौंकाने वाला आंकड़ा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का है। पार्टी ने पिछले 19 साल की तरह इस बार भी यही दर्शाया है कि पार्टी को 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा प्राप्त नहीं हुआ है। चुनाव आयोग को दिए गए आंकड़े में पार्टी ने 20 हजार रुपये से ज्यादा के दान को शून्य दिखाया है।

# 'वंदे मातरम' गान पर दिशा निर्देश के खिलाफ याचिका खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार की उस गाइडलाइन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' गान की बात कही गयी थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस याचिका को 'समय से पहले' (प्रीमैच्योर) करार दिया। पीठ ने कहा कि ये दिशानिर्देश सिर्फ सलाह के तौर पर हैं, अनिवार्य नहीं। न्यायालय ने संकेत दिया कि वह ऐसे मुद्दों पर तभी विचार करेगा, जब इनका पालन न करने पर कोई दंडात्मक कार्रवाई होती हो या इनका पालन करना अनिवार्य बनाया गया हो।

सुनवाई के दौरान पीठ ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि यह दिशानिर्देश किसी भी व्यक्ति या संस्था को राष्ट्रगीत बजाने या गाने के लिए मजबूर नहीं करती। दिशानिर्देश की भाषा से ही यह स्पष्ट है कि इसमें अपनी मर्जी से फैसला करने की छूट है और इसका पालन न करने पर किसी भी तरह की सजा का प्रावधान नहीं है। न्यायालय ने यह भी कहा कि जब तक कोई ज़बरदस्ती वाला तत्व मौजूद न हो, तब तक यह याचिका अधिकारों के वास्तविक उल्लंघन के बजाय सिर्फ मनगढ़ंत आशंकाओं पर आधारित है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने दलील दी कि एक दिशानिर्देश भी परोक्ष रूप से लोगों पर दबाव डाल सकती है और उन्हें इसका पालन करने के लिए मजबूर कर सकती है। उन्होंने व्यक्तिगत पसंद और अंतरात्मा की आज़ादी पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर भी चिंता जतायी। पीठ ने इस पर सवाल किया कि क्या जबरदस्ती या सजा का कोई ठोस मामला सामने आया है? पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह जबरदस्ती का कोई भी ऐसा मामला न्यायालय के सामने पेश करे। न्यायालय ने आगे कहा कि जब तक किसी व्यक्ति को सचमुच इसका पालन करने के लिए मजबूर न किया जाए, या इसका पालन न करने पर उसे किसी तरह की सजा न दी जाए, तब तक संवैधानिक चुनौती का कोई आधार नहीं बनता। न्यायालय ने संकेत दिया कि अगर भविष्य में ऐसी कोई स्थिति पैदा होती है, तो याचिकाकर्ता दोबारा अदालत का दरवाज़ा खटखटाने के लिए स्वतंत्र होगा। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि प्रशासनिक नियम-कायदे, अपने आप में संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन तब तक नहीं करते, जब तक उनके पीछे उन्हें लागू करवाने वाले सख़्त उपाय मौजूद न हों। पीठ ने कहा कि मौजूदा याचिका भेदभाव की आशंका पर आधारित है, जिसका विचाराधीन दिशानिर्देश से कोई भी उचित संबंध नहीं है।

# स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर नौ प्रतिशत रही

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश का स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र वार्षिक आधार पर लगभग नौ प्रतिशत की दर से मजबूत वृद्धि दर्ज हासिल कर रहा है। वित्त मंत्रालय के अनुसार 2024-25 में कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की राशि 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह वृद्धि बढ़ती जागरूकता, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण तक बेहतर पहुंच और चिकित्सा खर्चों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा की बढ़ती मांग को दर्शाती है।

पॉलिसीधारकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा दावों के प्रसंस्करण के लिए विशिष्ट समयसीमा निर्धारित की है। आईआरडीएआई द्वारा कैशलेस प्री-ऑथराइजेशन एक घंटे के भीतर और अंतिम स्वीकृति - तीन घंटे के भीतर किए जाने के निर्देश हैं। इन समय-सीमाओं का उद्देश्य देरी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को समय पर चिकित्सा देखभाल मिल सके । आईआरडीएआई के 2024 के नियमों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि बीमा उत्पादों का मूल्य निर्धारण सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों के आधार पर उचित रूप से किया जाए और वे व्यवहार्य और मूल्य-संचालित बने रहें, साथ ही नियुक्त बीमांकिक द्वारा विश्वसनीय डेटा और ग्राहक प्रतिक्रिया का उपयोग करके आवधिक समीक्षा की जाए। वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में दावों की संख्या के आधार पर निपटाना क्रमशः 85.66 प्रतिशत, 82.46 प्रतिशत और 87.50 प्रतिशत था।

# रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए सेना-आईआईटीएम प्रवर्तक के बीच समझौता

एजेंसी

चेन्नई। सेना के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर (ईएमई) ने गुरुवार को आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन के साथ स्वदेशी इंजीनियरिंग क्षमताओं को बढ़ावा देने एवं महत्वपूर्ण सैन्य प्रौद्योगिकियों के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भरता में कमी लाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

यह साझेदारी सेना की बदलती परिचालन एवं रखरखाव आवश्यकताओं के अनुरूप स्वदेशी समाधानों की संयुक्त रूप से पहचान करने, विकसित करने एवं तैनात करने वाले एक संरचनात्मक दृष्टिकोण को सक्षम बनाएगी। इस एमओयू का उद्देश्य अकादमिक विशेषज्ञता, उद्योग क्षमताओं और सैन्य अंतर्दृष्टि को एकीकृत करके जमीनी आवश्यकताओं और अत्याधुनिक अनुसंधान के बीच की खाई को पाटना है। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण एवं आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने वाले इस ऐतिहासिक सहयोग के लिए एमओयू पर आज चेन्नई में ईएमई कोर और प्रवर्तक के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। ईएमई कोर सेना की तकनीकी रीढ़ है जो सेना के हथियार प्लेटफार्मों के रखरखाव एवं संचालन के लिए जिम्मेदार है। इसी पहल के अंतर्गत, चेन्नई के पास अवादी में एक नोडल स्वदेशीकरण केंद्र स्थापित किया गया है जिससे क्षेत्र के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ प्राप्त किया जा सके और तमिलनाडु रक्षा गलियारे को रक्षा विनिर्माण एवं नवाचार के केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इस सहयोग को मुख्यालय बेस कार्यशाला ग्रुप और सेना के स्वदेशीकरण निदेशालय के माध्यम से सुगम बनाया गया है जिसे उन्नत प्रौद्योगिकी विकास एवं व्यावहारिक अनुसंधान में उच्च स्तरीय सहयोग के लिए एक मजबूत संरचना स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, आईआईटीएम प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन के सीईओ डॉ. एम.जे. शंकर रमन ने कहा, ''रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भर बनने के लिए सशस्त्र बलों, शिक्षा जगत एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के बीच मजबूत तालमेल बहुत आवश्यक है। यह साझेदारी तकनीकी रूप से मजबूत एवं परिचालन के दृष्टिकोण से प्रासंगिक स्वदेशी समाधानों को गति प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर लगेगी रोक, 12 घंटे में बनेंगी पुलिया : वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। देशभर में रेल पटरी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे अब मिशन मोड में काम करेगा। इस दिशा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में अधिकारियों के साथ एक कार्यशाला आयोजित कर व्यापक निर्देश जारी किए।

रेल मंत्री ने कहा कि जहां रेलवे ट्रैक के एक ओर बस्ती और दूसरी ओर खेत, स्कूल, श्मशान या अन्य आवश्यक स्थान हैं, वहां लोगों की सुविधा के लिए विशेष प्रकार की रेल पुलियाएं (सबवे) बनाई जाएंगी। इन पुलियाओं का उद्देश्य आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना है। वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलियाओं का डिज़ाइन ऐसा हो जिससे लोग बिना हिचकिचाहट के उनका उपयोग कर सकें। इनका निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि लोग साइकिल, मोटरसाइकिल और अन्य आवश्यक सामान के साथ आसानी से आ-जा सकें। यह पहल देश की बड़ी आबादी के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। रेलवे की योजना के अनुसार पुलियाओं का ढांचा पहले से तैयार किया जाएगा और बाद में साइट पर लाकर स्थापित किया जाएगा। स्थापना के दौरान रेलवे ट्रैक पर ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके भीतर मात्र 12 घंटे में पटरी काटकर पुलिया फिट कर दी जाएगी और उसे उपयोग के लिए खोल दिया जाएगा। रेल मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि पुलियाओं का डिज़ाइन ऐसा हो जिससे जलभराव जैसी समस्याएं प्रभावित न करें। साथ ही यह व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अगले 5-6 वर्षों में इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह निर्णय रेलवे अधिकारियों के साथ कई दिनों तक चली विचार-विमर्श प्रक्रिया का परिणाम है।

## युद्ध भूमि से राष्ट्र निर्माण तक 99 वर्ष की प्रेरणादायक यात्रा

**नयी दिल्ली।** पद्म श्री से सम्मानित हवलदार लालबिआकथांगा पचुआ (सेवानिवृत्त) की युद्धभूमि के साहसिक कारनामों से राष्ट्र-निर्माण की आवाज़ की 99 वर्ष की जीवन यात्रा अत्यन्त प्रेरणादायक रही है। स्पीयर कोर के अंतर्गत प्रादेशिक सेना और असम राइफल्स ने मिजोरम के आइज़ोल में पद्म श्री हवलदार लालबिआकथांगा पचुआ (सेवानिवृत्त) का हाल ही में 99वां जन्मदिन मनाया किसके साथ ही उन्होंने अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया। असम रेजिमेंट की तीसरी बटालियन के एक विशिष्ट पूर्व सैनिक और द्वितीय विश्व युद्ध के अनुभवी हवलदार लालबिआकथांगा पचुआ की यात्रा उद्देश्य की दुर्लभ निरंतरता को दर्शाती है। सैन्य सेवा के बाद, उन्होंने स्वयं को पत्रकारिता, साहित्य और सामाजिक सेवा के लिए समर्पित किया, समाज और राष्ट्र-निर्माण में सार्थक योगदान दिया। उनका जीवन स्थायी प्रतिबद्धता, शांत नेतृत्व और वर्दी में सेवा से विचारों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सेवा तक सहज परिवर्तन का प्रमाण है।

## अगले महीने होने वाले चुनावों के मद्देनजर 409 करोड़ रुपये की नकदी और अवैध सामान जब्त

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने असम और केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुडुचेरी विधान सभा चुनावों और कुछ अन्य राज्यों के उपचुनावों को धन और प्रलोभन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई कर अब तक करीब 409 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती धातुएं, शराब और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान जब्त किये हैं। असम, केरल और पांडिचेरी विधान सभा के चुनाव पहले चरण में 9 अप्रैल को कराये जाएंगे। उस दिन चार राज्यों की छह रिक्त विधान सभा सीटों के चुनाव भी कराये जाएंगे। चुनाव आयोग की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गत 26 फरवरी को इलेक्ट्रॉनिक सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के शुरू होने से लेकर 25 मार्च तक, 408.82 करोड़ रुपये से ज़्यादा की अवैध चीज़ें ज़ब्त की गई हैं। इनमें 17.44 करोड़ रुपये नकद, 37.68 करोड़ रुपये की शराब (16.3 लाख लीटर), 167.38 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ, 23 करोड़ रुपये की कीमती धातुएँ और 163.30 करोड़ रुपये से ज़्यादा के अन्य मुफ़्त उपहार शामिल हैं। आयोग ने अलग-अलग राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की कई एजेंसियों के मिलकर यह कार्रवाई की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एजेंसियों को निर्देश है कि ऐसी कार्रवाइयों में जाँच और निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों को कोई परेशानी या उत्पीड़न न हो। इस संबंध में किसी भी शिकायत को सुनने के लिए ज़िला शिकायत समितियाँ भी बनाई गई हैं। आयोग ने कहा कि नागरिक और राजनीतिक दल आयोग के ऐप सी-विजिल मॉड्यूल का इस्तेमाल करके आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं। आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 5,173 से ज़्यादा फ़्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं। शिकायतों पर 100 मिनट के अंदर कार्रवाई की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा, अलग-अलग जगहों पर अचानक नाके लगाने के लिए 5,200 से ज़्यादा स्टैटिक सर्विलांस टीमें (एसएसटी) भी तैनात की गई हैं। आयोग ने 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधान सभाओं के आम चुनावों और 6 राज्यों में उपचुनावों का कार्यक्रम घोषित किया था। आयोग ने 24 मार्च को इन पांचो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश तथा उनके 12 पड़ोसी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, मुख्य चुनाव अधिकारियों, पुलिस महानिदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ लागू करने वाली एजेंसियों के प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक का मकसद तैयारियों की समीक्षा करना और तालमेल बढ़ाना था, और उन्हें निर्देश दिया गया था कि वे हिंसा-मुक्त, डर-मुक्त और प्रलोभन-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करें।

## जल सचिवों के क्षेत्रीय सम्मेलन में योजनाओं की प्रगति समीक्षा की गयी

नयी दिल्ली। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने जल सचिवों के क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें विभिन्न राज्यों में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जल शक्ति मंत्रालय में सचिव वी. एल. कांता राव की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, अंतर-राज्यीय मुद्दों तथा केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इसमें प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और समन्वय में अंतराल कम करने पर जोर देते हुए राज्यों से आगामी वित्त आयोग चक्र योजनाओं के सुधार में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया गया। बैठक में बाढ़ पूर्वानुमान, तलछट प्रबंधन, तटीय क्षेत्रों में लवणता की समस्या, बांध सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के क्रियान्वयन और जल संरक्षण में जनभागीदारी जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के समापन को सम्बोधित करते हुए मंत्रालय के सचिव ने जल संसाधनों के सतत विकास के लिए एकीकृत रणनीति की आवश्यकता दोहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में हर संभव सहयोग देती रहेगी।

# पेज एक का शेष

### पेट्रोल-डीजल के...

डीजल का स्टॉक समाप्त हो जाने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इस समय किसानों को नगदी फसलों के लिए पानी की जरूरत पड़ती है और इटौंजा क्षेत्र के आसपास नगदी फसलों की पर्याप्त खेती होती है।

### अफवाहों से बचें, गैस...

परिस्थितियां खासतौर पर ईरान, अमेरिका और इज़राइल के बीच तनाव पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं। ऐसे समय में भारत सुरक्षित और स्थिर स्थिति में है, जिसका श्रेय उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिया। उन्होने कहा कि किसी भी संकट के समय अफवाहों में आकर घबराना उचित नहीं है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सरकार के साथ सहयोग करें और संयम बनाए रखें। उनके अनुसार, राष्ट्रीय मुद्दों पर एकजुट रहकर ही बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में नवरात्रि और रामनवमी जैसे पर्व उत्साहपूर्वक मनाए जा रहे हैं, ऐसे में अफवाहों से दूर रहकर शांति और व्यवस्था बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

### देश में ऊर्जा...

पहुंच गया है जो हमारी कुल ज़रूरत का 60 प्रतिशत से ज़्यादा है। देश में एलपीजी की कुल दैनिक ज़रूरत लगभग 80 हजार टन है। घरेलू उत्पादन के अलावा, आठ लाख टन एलपीजी की की सुनिश्चित खेप पहले ही बुक कर ली गई है और अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों से भारत के लिए रवाना हो चुकी है। ये खेप भारत के 22 एलपीजीआयात टर्मिनलों पर पहुंचेंगी । यह संख्या 2014 में मौजूद 11 टर्मिनलों की संख्या से दोगुनी है। मंत्रालय ने कहा कि एलपीजी की '' पूरे एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पक्के तौर पर कर ली गई है, और अतिरिक्त खरीद को लगातार अंतिम रूप दिया जा रहा है। तेल कंपनियां हर दिन 50 लाख से ज़्यादा सिलेंडरों की सफलतापूर्वक आपूर्ति कर रही हैं। उपभोक्ताओं द्वारा घबराहट में की गई ज़्यादा मांग के कारण सिलेंडरों की मांग बढ़कर 89 लाख तक पहुँच गई थी, जो अब फिर से घटकर 50 लाख सिलेंडरों पर आ गई है। सरकार के अनुसार जमाखोरी या कालाबाज़ारी को रोकने के लिए, राज्य सरकारों के परामर्श से कमर्शियल सिलेंडरों का आवंटन बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। मंत्रालय ने इस दावे को गलत बताया है कि एलपीजी की कमी के कारण पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है, एक गलत जानकारी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि राज्य सरकारों के पूर्ण समन्वय से पाइपलाइन द्वारा प्राकृतिक गैस (पीएनजी) को बढ़ावा दिया जा रहा है, क्योंकि यह भारतीय घरों के लिए सस्ती, स्वच्छ और सुरक्षित है। भारत पहले से ही 191 प्रतिदिन मिलियन मानक घन मीटर की दैनिक आवश्यकता में से 92 मिलियन मानक घन मीटर प्राकृतिक गैस का प्रतिदिन घरेलू उत्पादन करता है, जिससे भारत एलपीजी की तुलना में पीएनजी पर आयात के मामले में काफी कम निर्भर है। शहरी गैस वितरण क्षेत्र वर्ष 2014 में 57 भौगोलिक क्षेत्रों से बढ़कर आज 300 से अधिक हो गया है। घरेलू पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ से अधिक हो गए हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित भ्रामक वीडियो और पोस्टों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जिनमें चुनिंदा रूप से कतारों की तस्वीरें, अन्य देशों में सीमित आपूर्ति के वैश्विक समाचार फुटेज और भारत में आसन्न लॉकडाउन तथा आपातकालीन ईंधन उपायों के पूरी तरह से फर्जी और मनगढ़ंत दावों का उपयोग करके कमी की पूरी तरह से झूठी धारणा पैदा की गई है। सरकार का कहना है कि कुछ पोस्टों में जानबूझकर सरकारी आदेशों - जिनमें प्राकृतिक गैस नियंत्रण आदेश और एलपीजी नियंत्रण आदेश शामिल हैं - को संकट का संकेत देने वाली आपातकालीन घोषणाओं के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जबकि वास्तव में वे आपूर्ति प्राथमिकता के लिए मानक प्रशासनिक उपकरण हैं जो एक विवेकपूर्ण और पहले से तैयारी उपाय के रूप में जारी किए जाते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यह गलत सूचना शरारती तत्वों द्वारा फैलाई जा रही है और कुछ स्वार्थी तत्व इसे और भी बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे आम जनता में अनावश्यक चिंता पैदा हो रही है। मंत्रालय सभी नागरिकों से आग्रह करता है कि वे ईंधन और गैस की उपलब्धता संबंधी जानकारी के लिए केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करें। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी फैलाना मौजूदा कानूनों के तहत अपराध है और सरकार जानबूझकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी।

### याचिकाओं को एक...

कहा कि इस कानून की कुछ धाराएं संविधान के खिलाफ हैं और इनकी वैधता पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अलग-अलग बेंच में एक जैसे मामलों की सुनवाई से भ्रम की स्थिति बन रही है। कोर्ट ने इन सभी याचिकाओं को टैग करने का आदेश देते हुए कहा कि अब एक ही बेंच इस पर फैसला करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली जैसे राज्यों में भी संगठित अपराध से निपटने के लिए इसी तरह के कानून बनाए गए हैं। इन कानूनों का मकसद अपराधी नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई करना और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाना है। सुनवाई के दौरान बेंच हंटिंग यानी मनचाही बेंच चुनने का मुद्दा भी उठा। हालांकि याचिकाकर्ता पक्ष ने इससे इनकार किया और कहा कि उनका ऐसा कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पहले खारिज हुई याचिका को अंतिम कानूनी फैसला नहीं माना जा सकता क्योंकि उस पर विस्तार से सुनवाई नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि सभी लंबित याचिकाएं तीन जजों की बेंच के सामने रखी जाएं। जो मामले पहले से आंशिक रूप से सुने जा चुके हैं, उन्हें ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। अब इस मामले में आने वाला फैसला न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों के ऐसे कानूनों पर भी असर डाल सकता है।

### आंध्र प्रदेश-डंपर...

किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य...

टैंकर सुरक्षित बाहर निकल चुके हैं, जिन पर करीब 60 भारतीय नाविक सवार थे।

इस पूरे घटनाक्रम ने अमेरिका और ईरान दोनों पर वैश्विक दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के प्रति अचानक नरमी दिखाने के पीछे भी इसी समुद्री संकट को अहम वजह माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ता तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, व्यापार और कूटनीतिक समीकरणों पर गहरा असर डाल रहा है।

### इजरायली हमले में...

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''आईडीएफ आपका पीछा करेगा और आप सभी को एक-एक करके खत्म कर देगा। हम युद्ध के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत के साथ ईरान में अपना अभियान जारी रखेंगे। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, श्री तंगसिरी को ईरानी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में उस समय निशाना बनाया गया जब वह आईआरजीसी नौसेना के वरिष्ठ कमांडरों के साथ बैठक कर रहे थे।

### फर्जी मुकदमा दर्ज...

को लेकर अपनी टिप्पणी अंकित करें। जिससे ऐसे मामलों की नियमित समीक्षा हो सके। यह भी कहा गया है कि ऐसे मामले में जिनमें साक्ष्य न मिलने के कारण अंतिम रिपोर्ट लगी हो और मुकदमा दर्ज कराने वाले वादी द्वारा गलत अथवा झूठी सूचना दिए जाने का तथ्य सामने न आया हो तो ऐसे मामले में परिवाद पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाएगा। विवेचना के बाद यदि गलत तथ्य बताए जाने की जानकारी सामने आती है, तो उसकी सूची तैयार की जाएगी।

### विकास की रफ्तार...

विकसित करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया है। कानपुर में लेदर और कानपुर में ड्रोन टेक्नोलॉजी का, नोएडा, ग्रेटर नोएडा में रोबोटिक्स का सेंटर आफ एक्सीलेंस विकसित करने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। एग्रीकल्चर के फील्ड में भी टेक्नोलॉजी कहां पर उपयोगी हो सकती है, इसके लिए सरकार विश्व बैंक के साथ मिलकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के 28 जिलों और बुंदेलखंड के सात जिलों में एग्रीटेक पर काम कर रही है। ऐसे ही स्टार्टअप डेयरी, मत्स्य फलन और अन्य फील्ड में भी स्थापित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गीडा ने पिछले नौ वर्ष में नवनिर्माण की नई प्रगति को देश और दुनिया के सामने रखा है। एक समय था जब गीडा में दो उद्योग लगे थे। उन दो उद्योगों में केवल 29 से 30 करोड रुपये की पूंजी लगी थी। जबकि पिछले नौ वर्ष में यहां लगभग 350 से अधिक उद्योग लगे हैं, 17000 करोड रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। 50 हजार से अधिक नौजवानों को नौकरी और रोजगार की संभावना अकेले गीडा ने विकसित की है। गीडा में प्लास्टिक पार्क भी विकसित हो रहा है। समारोह में प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के राज्यमंत्री अजीतपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश को आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि एक निस्वार्थ संत के मुख्यमंत्री बनने से उत्तर प्रदेश में रामराज्य आया है। उनके मार्गदर्शन में यूपी में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। समारोह में एसटीपीआई के महानिदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में यूपी में निवेश आ रहा है। गोरखपुर में बना यह सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क जनपद और प्रदेश के युवाओं को आईटी के क्षेत्र में गुणवत्ता तथा निर्यात बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क साढ़े तीन एकड़ क्षेत्रफल में बीस करोड़ रुपये की लागत से बना है। एसटीपीआई के गोरखपुर केंद्र में 50 सीटर प्लग एंड प्ले कार्यक्षेत्र को विकसित किया गया है। साथ ही 6000 वर्गफुट में रॉ इंक्यूबेशन स्पेस, इतने ही क्षेत्रफल में सेमी फर्निश्ड इंक्यूबेशन स्पेस, 54 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, अत्याधुनिक कांफ्रेंस रूम, अत्याधुनिक नेटवर्क ऑपरेशन्स सिस्टम, कैफ़ेटेरिया और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# खेतरी यमुना में न प्रवाहित करके नर्सरी में स्थापित प्रोसेसिंग यूनिट में लाएं दिल्लीवासी : प्रवेश साहिब सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज परिवार सहित झंडेवालान मंदिर में मां झंडेवाली के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने दिल्लीवासियों से नवरात्रि के दौरान बोई गई खेतरी (जौ के जवारे) को यमुना नदी में न प्रवाहित करके प्रोसेसिंग यूनिट में लाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि यमुना केवल एक नदी नहीं बल्कि दिल्ली की जीवन रेखा है और इसे स्वच्छ रखना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यदि आप अपनी खेतरी को सचिवालय के सामने बनी नर्सरी में स्थापित प्रोसेसिंग यूनिट में लाएंगे, तो यही खेतरी खाद बनकर हमारी दिल्ली को हरा-भरा बनाने में काम आएगी। यह एक छोटी सी पहल है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा होगा। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि इस नवरात्रि आस्था के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

उन्होंने कहा कि दिल्लीवासी अपनी खेतरी आईटीआई विवेक विहार ग्रीन एरिया, गोल्डन जुबली पार्क (यमुना पुश्ता फ़ेज ऋएवं ऋऋ), संजय लेक, स्मृतिवन कोंडली, सिरी फोर्ट फ़ेज-ऋग्रीन एरिया, विजय मंडल से बेगमपुर ग्रीन बेल्ट, मां आनंद मयी आश्रम (हरकेश नगर) ग्रीन एरिया, कालकाजी (धोबी घाट) ग्रीन एरिया, आस्था कुंज फ़ेज ऋ ऋऋ एवं ऋऋऋ (डिस्ट्रिक्ट पार्क, कालकाजी), पिकनिक हट पार्क, तुगलकाबाद, मिलेनियम पार्क (इंद्रप्रस्थ) ऽ सराय काले खां जोन ऋसे ठ्ठ, संजय वन, हौज खास डिस्ट्रिक्ट पार्क, वसंत उद्यान, वसंत विहार, महरौली कॉम्प्लेक्स फ़ेज-ऋऋ अशोका गार्डन, अशोक विहार फ़ेज-ठ्ठ, दरबार खान वाला बाग, डिस्ट्रिक्ट पार्क, शास्त्री नगर (56 बीघा), पार्क ए-1 से ए-4, नरेला, डिस्ट्रिक्ट पार्क, मुल्तान नगर, विशाल बाग ग्रीन एरिया, स्मृतिवन सेक्टर ए-7, नरेला, अवंतिका सेक्टर-1, रोहिणी, चित्रगुप्त पार्क सेक्टर-14 रोहिणी, बाबा वाला बाग सेक्टर-19 रोहिणी, स्वर्ण जयंती पार्क, सेक्टर-10 रोहिणी, डिस्ट्रिक्ट पार्क, सेक्टर-13 द्वारका सेक्टर-16क द्वारका (पार्क एवं प्लांटेशन एरिया), डिस्ट्रिक्ट पार्क, सेक्टर-23 द्वारका, सेक्टर-05 द्वारका ग्रीन एरिया, शीशमहल पार्क, शालीमार बाग, मायापुरी फ़ेज-ऋऋ (सल्वेज पार्क), राजौरी गार्डन (क्ल8 वुडलैंड एरिया),पश्चिम विहार (क्ल17 पार्क एवं लेक), सैयद नांगलोई फ़ेज-ऋऋ (मैंगो ऑर्चर्ड), हस्तसाल फ़ेज-ऋ नर्सरी एरिया, हेडगेवार पार्क, सरस्वती गार्डन प्रोसेसिंग स्थानों पर ला सकते हैं।

# राजकीय शिक्षक संघ चुनाव में सभी शिक्षक करेंगे प्रत्यक्ष मतदान: धन सिंह रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून । उत्तराखण्ड में राजकीय शिक्षक संघ के आम चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत कराए जाएंगे, जिसमें सभी शिक्षक प्रत्यक्ष रूप से भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी है।

उन्होंने बताया कि शिक्षक वर्ग लंबे समय से चुनाव प्रक्रिया में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग कर रहा था। पूर्व व्यवस्था में बदलाव को स्वीकृति दे दी गई है, जिससे प्रत्येक शिक्षक अपने प्रतिनिधि का चयन कर सकेगा और चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक बनेगी। उन्होंने इसे शिक्षकों की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा और शिक्षकों को सीधा प्रतिनिधित्व मिलेगा।

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षकों की एक अन्य महत्वपूर्ण मांग को भी स्वीकार किया है। इसके तहत अब प्रत्येक शिक्षक को वर्ष में एक बार अपने गृह जनपद जाने के लिए दो दिन का विशेष यात्रा (उपार्जित) अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में शीघ्र ही शासनादेश जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई शिक्षक अपने गृह जनपद से दूर, गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में तैनात हैं, जिससे उन्हें घर जाने में कठिनाई होती है। अब तक उपार्जित अवकाश की कमी के कारण शिक्षकों को निजी अवकाश का उपयोग करना पड़ता था। डॉ. रावत ने कहा कि इस निर्णय से शिक्षकों को राहत मिलेगी और वे वर्ष में एक बार यात्रा अवकाश का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोनों निर्णयों को शीघ्र प्रभावी रूप से लागू

## संक्षिप्त समाचार

### औद्योगिक कचरे से सड़क निर्माण को लेकर होगा अनुसंधान, सीएसआईआर- सीआरआरआई ने किया समझौता

नई दिल्ली। देश में टिकाऊ विकास को गति देने के लिए एक अहम पहल के तहत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) अब औद्योगिक कचरे का इस्तेमाल सड़क निर्माण में करेगा। इस दिशा में सीएसआईआर और सीआरआरआई, इस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंडरीमेन और सुयोग एलिमेन्ट्स के बीच एक संयुक्त अनुसंधान समझौता हुआ। नई दिल्ली स्थित सीएसआईआर में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में महानिदेशक एन कलाईसेल्वी भी मौजूद रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि औद्योगिक कचरे को संसाधन में बदलना सर्कुलर इकोनॉमी की दिशा में बड़ा कदम है। फाउंड्री उद्योग से निकलने वाला वेस्ट सैंड पर्यावरण के लिए चुनौती बनता है, लेकिन अब इसे सड़क निर्माण में इस्तेमाल कर समाधान निकाला जाएगा। उल्लेखनीय है कि कोयंबटूर स्थित इस्टीट्यूट ऑफ इंडियन फाउंडरीमेन देश का सबसे बड़ा फाउंड्री क्लस्टर है, जहां 800 से अधिक इकाइयां काम करती हैं और बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है। इस परियोजना का लक्ष्य इसी कचरे का वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करना है। सीएसआईआर-सीआरआरआई के वैज्ञानिक विभिन्न प्रकार के फाउंड्री सैंड का परीक्षण कर सड़क निर्माण के लिए उपयुक्त तकनीक विकसित करेंगे। इस पहल से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता घटेगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### आईपीएल मुकाबले से पहले न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में लिया तैयारियों का जायजा

चंडीगढ़ । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के तहत 31 मार्च को होने वाले पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले से पहले तैयारियों को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। पंजाब क्रिकेट संघ के नवनियुक्त सचिव गुरमीत सिंह मीत हेयर ने उपाध्यक्ष दीपक बाली के साथ न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित स्टेडियम का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम की बैठने की व्यवस्था, पहुंच मार्ग, पार्किंग, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसे अहम पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने दर्शकों को सुरक्षित और सहज अनुभव उपलब्ध कराने के लिए जरूरी इंतजामों की समीक्षा की। मीत हेयर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और बेहतर आयोजन न केवल दर्शकों का अनुभव बढ़ाते हैं, बल्कि राज्य की छवि को भी मजबूत करते हैं। इससे भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के अवसर भी बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंजाब को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर भी मिला है, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। दीपक बाली ने प्रशासन और पुलिस के बीच समन्वय को अहम बताते हुए कहा कि इस स्टेडियम में 31 मार्च के मुकाबले के अलावा तीन और मैच आयोजित होने हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह स्टेडियम भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

### चैत्र अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, समृद्धि का आशीर्वाद

हरिद्वार । चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर गुरुवार को हरिद्वार के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और घरों में कन्यापूजन कर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। ग्रह-नक्षत्रों के अनुसार इस वर्ष अष्टमी और नवमी का पूजन एक ही दिन पड़ने के कारण श्रद्धालुओं ने विशेष उत्साह के साथ दोनों पर्व भी मनाए। इसके साथ ही श्री राम नवमीं का पर्व भी मनाया गया। कुछ लोग शुक्रवार को भी नवमी तिथि व श्री राम नवमीं का पर्व मनाएंगे। नवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया। हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर, चंडी देवी मंदिर, माया देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, काली मंदिर, सुरेश्वरी देवी मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। विशेष रूप से हरिद्वार की अधिष्ठात्री देवी मानी जाने वाली मां माया देवी के मंदिर को नवरात्रि के अवसर पर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां सुबह से ही माता के जयकारों के साथ श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना की। वहीं दूसरी ओर, श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्यापूजन कर मां दुर्गा की आराधना की। सुबह से ही लोगों ने छोटी कन्याओं को घर आमंत्रित कर उनके चरण धोए, माथे पर रोली-चंदन का तिलक लगाया और चुनरी ओढ़ाकर विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद कन्याओं को हलवा-पूरी, काले चने और मिठाई का प्रसाद खिलाया गया तथा उन्हें उपहार भेंट किए गए। उदय व्यापिनी तिथि के कारण इस बार अष्टमी और नवमी का पूजन गुरुवार को ही किया जा रहा है। गुरुवार सुबह 11.48 बजे तक अष्टमी तिथि रही, जबकि शुक्रवार सुबह 10.06 बजे तक नवमी पूजन के योग बन हैं।

### एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की फीस में कटौती का आदेश

पटना । बिहार बार चुनावों के लिए बढ़ी हुई फीस को कम कर दिया गया है, जिसे आंदोलनकारी अधिवक्ताओं की बड़ी जीत मानी जा रही है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार ने गुरुवार को पटना उच्च न्यायालय में अगले महीने होने वाले एडवोकेट्स एसोसिएशन के चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की फीस में भारी कटौती का आदेश दिया है। फीस में ''अत्यधिक'' वृद्धि को चुनौती देने वाली याचिका पर दो दिनों की सुनवाई के बाद पटना उच्च न्यायालय ने फीस में 75 प्रतिशत की कमी करने का आदेश दिया। इसके बाद अब अध्यक्ष पद के लिए यह फीस 6,250 रुपये, जबकि उपाध्यक्ष और महासचिव पद के लिए 5,000 रुपये होगी। इससे पहले, अध्यक्ष के लिए फीस 25,000 रुपये और उपाध्यक्ष एवं महासचिव पद के लिए 20,000 रुपये निर्धारित की गई थी। एसोसिएशन की उपाध्यक्ष छाया मिश्रा ने इस मामले में पैरवी की। उन्होंने कहा कि भारी फीस के कारण कई आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन योग्य वकील चुनाव लड़ने के अपने अधिकार से वंचित हो जाते। याचिकाकर्ता सरोज कुमार ने अपनी शिकायत में इस बात पर खेद जताया कि नामांकन शुल्क बढ़ाते समय एसोसिएशन की जनरल बॉडी (आम सभा) को विश्वास में नहीं लिया गया था।

# डीएम व एसपी ने केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। आगामी केदारनाथ धाम यात्रा के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने श्रीकेदार सभा के अध्यक्ष, बीकेटीसी के प्रतिनिधियों तथा हक-हकूकधारियों के साथ केदारनाथ धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

केदारनाथ धाम में संयुक्त निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यात्रा व्यवस्थाओं के दृष्टिगत बर्फ हटाने, यात्रा पैदल मार्ग दुरुस्त करने, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मूलभूत सुविधाओं को पुनर्स्थापित किए जाने की प्रगति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा आगामी 22 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रही है, जिसके दृष्टिगत प्रशासन सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में धाम क्षेत्र में लगभग 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी हुई है, जिसे हटाने के लिए संबंधित विभागों की टीमों को लगातार सक्रिय किया जा रहा है। बर्फ हटने के साथ ही धाम में दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी। साथ ही, यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं– जैसे पेयजल, विद्युत, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं आदि–समयबद्ध तरीके से पुनर्स्थापित करने के लिए लगातार टीमें भेजी जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि आगामी केदारनाथ धाम यात्रा सुरक्षित, व्यवस्थित एवं श्रद्धालुओं के लिए सुगम अनुभव प्रदान करने वाली हो।

पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि वर्तमान में केदारनाथ धाम में पुलिस के तीन तथा आईटीबीपी के 12 जवान तैनात हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पूर्व वर्षों के अनुभव एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही, श्रद्धालुओं के आवागमन, ठहरने एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान श्रीकेदार सभा के अध्यक्ष एवं बीकेटीसी सदस्य राजकुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पर्यटन एवं विकास अधिकारी राहुल चौबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## एमजीसीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी व ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह संपन्न

पूर्वी चंपारण । महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविधालय के बुद्ध परिसर स्थित वृहस्पति सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह गांधीवादी चिंतक ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश सोदानी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रारम्भ विश्वविद्यालय के छात्र मनोज द्वारा 'रघुपति राघव राजा राम' भजन से की गई। ल्ववर्तमान समय में गांधीवादी चिंतन की प्रासंगिकता और साहित्यङ्क विषय पर आयोजित संगोष्ठी के संयोजक मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजेंद्र बडगूजर थे। कार्यक्रम का आयोजन मानविकी एवं भाषा संकाय तथा ब्रजकिशोर सिंह वार्षिक पुरस्कार समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार प्रो. संजय पासवान तथा गांधी संग्रहालय स्मारक समिति, मोतिहारी के सचिव विनय कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में जंगलों की क्षमता से कई गुना ज्यादा गुलदार, बढ़ रहा मानव-वन्यजीव संघर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञ एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफ़ेसर डॉ. दिनेश चंद्र भट्ट के अनुसार राज्य में गुलदार (तेंदुए) की संख्या जंगलों की धारण क्षमता से कई गुना अधिक हो चुकी है, जिसके कारण वे अब ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं। डॉ. भट्ट ने गुरुवार को एक भेंट वार्ता मे यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 2275 से अधिक गुलदार मौजूद हैं, जबकि उपलब्ध वन क्षेत्र उनकी संख्या के अनुरूप नहीं है। एक गुलदार का होम रेंज लगभग 30 से 50 वर्ग किलोमीटर होता है, जबकि उत्तराखंड का कुल वन क्षेत्र करीब 24,686 वर्ग किलोमीटर है। इस आधार पर राज्य में संतुलित रूप से लगभग 500 गुलदार ही रह सकते हैं, जबकि शेष बड़ी संख्या जंगलों से बाहर भटक रही है। उन्होंने बताया कि उनकी शोध टीम की ओर से टिहरी जिले में किए गए सर्वेक्षण में पिछले 10 वर्षों में औसतन प्रतिवर्ष तीन लोगों की मौत गुलदार के हमलों में हुई, जबकि सात लोग घायल हुए। इसी अवधि में भालू के हमलों में औसतन हर वर्ष एक व्यक्ति की मौत और सात लोग घायल हुए। वर्ष 2021 और 2022 में 172 पालतू पशुओं को गुलदार ने मार डाला। पौड़ी गढ़वाल जिले में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वर्ष 2025 में अब तक 15 से अधिक लोगों की मौत गुलदार के हमलों में हो चुकी है, जबकि पिछले पांच वर्षों में 27 लोगों की जान जा चुकी है।

# सरकारी भवनों में सोलर प्लांट से बिजली खर्च में होगी कमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल । जनपद में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के गांवों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक को सोलर पावर से जोड़ने की पहल धरातल पर साकार हुई है। इस महत्वाकांक्षी अभियान से न केवल बिजली के खर्च में उल्लेखनीय कमी आ रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पौड़ी जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा से बड़ा बदलाव आया है। जहां पहले कई सार्वजनिक स्थानों पर रात्रि में अंधेरा पसरा रहता था, वहाँ इस वर्ष जिला योजना के माध्यम से 548 सोलर स्ट्रीट लाइटें और 27 हाई मास्ट लाइटें स्थापित की गयी हैं।

इस पहल से न केवल रात के अंधेरे से मुक्ति मिली है, बल्कि स्थानीय निवासियों का आवागमन भी सुरक्षित और सुगम हुआ है। ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए पौड़ी जिले के 18 शासकीय भवनों में कुल 2162 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विशेष रूप से धुमाकोट तहसील परिसर में 8 किलोवाट का ऑन-ग्रिड सोलर पावर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। इन संयंत्रों के संचालन से न केवल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण का संरक्षण होगा, बल्कि सरकारी संस्थानों के बिजली बिलों में भी भारी बचत सुनिश्चित होगी।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने देशवासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को बिहार के पटना में आयोजित श्री श्री राम नवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति में प्रतिभाग किया और सभी देशवासियों को श्रीराम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने बिहार की जनता से 27 मार्च 2026 आयोजित होने वाली मनोहर झांकियों के दर्शन करने का आग्रह भी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि हिंदू नववर्ष प्रारंभ हो चुका है, चैत्र नवरात्र चल रहा है और राम नवमी का शुभ पर्व भी कल आयोजित होने वाला है। यदि तिथि के अनुसार देखा जाए तो राम नवमी की नवमी तिथि प्रारंभ हो चुकी है। नवीन ने सभी के माध्यम से समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को राम नवमी की बधाई दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि राम नवमी का यह पर्व पटना में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता रहा है, लंबे समय से पटना में राम नवमी की झांकियां निकलती रही हैं। वर्ष 2010 में इन यात्राओं को संगठित रूप से करने का प्रयास किया गया और श्रीराम चौक, डाकबंगला चौराहे पर इन भव्य झांकियों के स्वागत का सिलसिला उसी वर्ष प्रारंभ किया गया था। 2010 में 8 यात्राओं से प्रारंभ हुआ यह सफर वर्ष 2026 में 52 यात्राओं तक पहुंच चुका है। इस वर्ष पूरे पटना को लाखों महावीर ध्वजों से सजाया गया है और पटना पूर्णतः राममय और भगवामय दिखाई दे रहा है। पूरी चन्दन नगर की इलेक्ट्रॉनिक लाइटिंग से उसे सजाया गया है और पूरे पटना में उत्सवमय तथा उत्साहमय वातावरण है। इस अवसर पर प्रत्येक घर में राम के विचारों और श्रीराम के आदर्शों के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया जाता है।

नितिन नवीन ने कहा कि इस वर्ष भी सभी यात्राओं में विभिन्न प्रकार की झांकियों को देखने का अवसर मिलेगा। इन झांकियों के प्रदर्शन के लिए विभिन्न राज्यों से कलाकार भाग लेने आते हैं, जिनमें झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन, तथा बनारस के काशी से कलाकार शामिल होते हैं। अलग-अलग स्थानों से आने वाले बैंड और ढोल-नगाड़ों की ध्वनि भी विभिन्न वाद्य यंत्रों के माध्यम से सुनने को मिलेगी, जिनमें नागपुर और झारखंड के बैंड भी शामिल हैं। सभी का प्रयास रहता है कि पटना की राम नवमी पूरे देश में अपना एक अलग स्थान बनाए और इस दिशा में श्री श्री राम नवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति पिछले 16 वर्षों से लगातार प्रयास कर रही है। जिस प्रकार प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या से राम की चर्चा होती है, उसी प्रकार मां सीता की नगरी, जानकी की नगरी बिहार से भी राम नवमी की चर्चा होती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पटनावासियों से आग्रह किया कि कल शाम 5:30 बजे से पटना शहर के विभिन्न कोनों से निकलने वाली झांकियों का मनोरम दृश्य और ढोल-नगाड़ों का मधुर संगीत देखने का अवसर प्राप्त करें।

## नए बिहार के लिए नीतीश कुमार ने जो योगदान दिया है, उसके लिए बिहार सदैव उनका ऋणी रहेगा : नितिन नवीन

पटना । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना जिला के बापू सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के जन संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और लोगों को संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच साझा करते हुए उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नाउम्मीद के दौर से निकालकर बिहार को विश्वास के साथ विकास को जोड़ा। बिहारियों के सम्मान को लौटाने का काम किया। आज हर बिहारी खुद को गौरवान्वित महसूस करता है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी समृद्धि यात्रा के जरिये बिहार में उत्सव का मौका पैदा किया है। बिहार अब विकास के अपने इस सफर में इसी उत्सव के वातावरण में आगे बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक विधायक के तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में मुझे भी काफी कुछ सीखने का मौका मिला है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063